


सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




* * नगर संस्करण । पेज : 12 | रांची, बुधवार 17.04.2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 273


## न्यूज डायरी

### बड़कागांव के महुदी में जुलूस को ले झड़प कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में विवादित मार्ग से जुलूस निकालने का प्रयास किया गया। रोके जाने पर प्रशासन के साथ उनकी झड़प हो गयी। इसमें चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। मंगलवार को रामनवमी का अष्टमी जुलूस विवादित मार्ग से निकालने के प्रयास को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस पर जुलूस में शामिल लोग उग्र होकर हंगामा करने और पत्थराव करने लगे। पत्थराव से एसडीपीओ, बीडीओ व सीओ समेत चार गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। सीओ बालेश्वर राम के चालक विजय कुमार को चोट लगी है। स्थिति को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। डीसी नैंसी सहाय, एसपी एके सिंह भी घटनास्थल पहुंचे। स्थिति अभी नियंत्रण में है।

### चुनाव आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को प्रचार से रोका

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला को तगड़ा झटका लगा है। मंगलवार को भारतीय निर्वाचन आयोग ने उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगा दी। कांग्रेस नेता के खिलाफ यह एक्शन भाजपा की सांसद हेमा मालिनी को लेकर दिए विवादित बयान पर लिया गया। चुनाव आयोग ने रणदीप सुरजेवाला पर चुनाव प्रचार करने और किसी भी तरह के मीडिया इंटरव्यू देने पर अभी से 48 घंटे का बैन लगा दिया है।

### पटना में सड़क हादसा सात लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को ऑटो रिक्शा और क्रेन के बीच हुयी टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ऑटो रिक्शा को पटना मेट्रो के निर्माण कार्य में लगे क्रेन से टकरा गयी। इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। तीन अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### बंगाल घुसपैठियों की शरणस्थली बनी : मोदी

**बालुरघाट।** पीएम मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली बन गया है। वह प्रदेशाध्यक्ष एवं उम्मीदवार सुकांत मजूमदार के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य उन लोगों (हिंदू, सिख, बौद्ध जैन और अन्य) को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है जो देश के बाहर से आए हैं लेकिन टीएमसी, सीएए के बारे में झूठ फैला रही है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 68600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 88000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख






# रामनवमी की पूर्व संध्या पर आकर्षक झांकी ने मन मोहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरा झारखंड बुधवार को रामनवमी उत्सव मनाने को तैयार है। श्रीमहावीर मंडल रांची ने रामनवमी जुलूस निकालने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रामनवमी के मौके पर भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जायेगी। शहर के सात स्थानों से दिन के डेढ़ बजे जुलूस निकलेगा। 17 टोलियां और 1500 सदस्य इसके सफल संचालन में मुस्तैद रहेंगे। रामनवमी की पूर्व संध्या पर मंगलवार की देर शाम श्रीराम मंदिर ऋंगार समिति, महावीर मंडल ऋंगार समिति व अन्य समितियों की ओर से भव्य झांकी निकाली गयी। आकर्षक भेष-भूषा में भगवान श्रीराम, हनुमान, भगवान भोलेनाथ की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं अयोध्या में 500 साल बाद जन्मभूमि पर रामलला का जन्मोत्सव म्मनाने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामनवमी पर जन्मोत्सव समारोह मनाने लाखों लोग पहुंच गये हैं। जन्मोत्सव के मौके पर भगवान श्रीराम का ऐतिहासिक सूर्य अभिषेक होगा। सूर्य की किरणें भगवान को तिलक करेंगी। दिन में 12 बजे ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम से सूर्य की किरणें प्रभु रामलला के ललाट पर डाली जायेगी।



### रांची से कांग्रेस प्रत्याशी पर अब भी सस्पेंस

# गोड्डा से दीपिका, चतरा से त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा को टिकट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस ने झारखंड की तीन और लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा मंगलवार को कर दी है। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद सीट से अनुपमा सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने गोड्डा सीट के प्रबल दावेदार प्रदीप यादव को मौका नहीं दिया है।

वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची की सीट को होल्ड पर रखा है।मालूम हो कि 2019 के चुनाव में महागठबंधन के तहत गोड्डा सीट जेवीएम के खाते में गयी थी और उस समय प्रदीप यादव चुनाव लड़े थे। जेवीएम का भाजपा में विलय के बाद प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये और कांग्रेस की टिकट की आस में थे। पर पार्टी ने पुरानी कार्यकर्ता दीपिका पांडे सिंह को तवज्जो दिया। खास बात है कि कांग्रेस ने बेरमो से विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से प्रत्याशी बनाया है। पिछली बार धनबाद से कांग्रेस ने पूर्व क्रिकेटर कीर्ति झा आजाद को प्रत्याशी बनाया था। वहीं डाल्टेनगंज से कांग्रेस के विधायक रहे कृष्णानंद त्रिपाठी को चतरा का प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने मनोज यादव को चतरा से प्रत्याशी बनाया था।

(शेष पेज 11 पर)



### इंडी ने 14 मे से 11 सीटो पर उतारा प्रत्याशी

इधर 14 लोकसभा सीट वाले झारखंड में अब तक इंडी गठबंधन ने 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने अब तक छः लोकसभा सीट गोड्डा, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, खूंटी और लोहरदगा सीट पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं झामुमो ने राजमहल, गिरिडीह, सिंहभूम (चाईबासा) और दुमका सीट से पार्टी उम्मीदवार चुनावी मैदान उतारे हैं। सीपीआइ (माले) से कोडरमा लोकसभा सीट से पार्टी विधायक विनोद सिंह चुनाव मैदान में है। अब तक राजद नौ अपने पत्ते आधिकारिक रूप से नहीं खोले हैं। माना जा रहा है कि पलामू लोकसभा सीट से पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगा। अब देखा जाये तो रांची और जमशेदपुर और पलामू लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा होनी बाकी है।

### यूपीएससी में यूपी का आदित्य टॉपर, झारखंड का भी जलवा

# जमशेदपुर की स्वाति को 17वां रांची की आकांक्षा को 44वां रैंक

- गढ़वा की साक्षी को मिला 89वां , रांची के वैभव को 151वां, प्रेरणा सिंह को 271वां रैंक
- जमशेदपुर के ऋत्विक को 520वीं रैंक, चाईबासा का अमन पहले ही प्रयास में सफल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, जमशेदपुर, दिल्ली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ( यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 के नतीजे घोषित कर दिये हैं। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में टॉप रैंक हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान और डोनुरु अनन्या ए रेड्डी क्रमशः सेकेंड और थर्ड रैंक पर हैं। पीके सिद्धार्थ राजकुमार ने चौथा और रुहानी ने पांचवा स्थान हासिल किया है। इसबार झारखंड के बच्चों ने भी अपना परचम लहराया है।



स्वाति



आकांक्षा

**झारखंड का जलवा**

जेपीएससी की परीक्षा में जमशेदपुर की स्वाति ने 17वां और रांची की आकांक्षा सिंह ने 44वां रैंक लाकर पूरे झारखंड का नाम रौशन कर दिया। वहीं गढ़वा के डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को मिला 89वां रैंक मिला है। रांची के वैभव को 151वां, प्रेरणा सिंह को 271वां रैंक और जमशेदपुर के ऋत्विक को 520वीं रैंक मिला है। इसके साथ ही चाईबासा के अमन अग्रवाल ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता कर ली।

**सैनिक की पुत्री है स्वाति :** 17वां रैंक लानेवाली झारखंड की बेटी स्वाति जमशेदपुर मानगो की रहनेवाली है। वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। स्वाति ने मैट्रिक की परीक्षा आर्मी सैकेंडरी स्कूल कोलकाता से पास की। इसके बाद 12वीं की पढ़ाई उन्होंने साकची स्थित टैगोर एकेडमी से पूरी की। इसके बाद 2019 में उन्होंने बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज से पॉलेटिकल साइंस में एमए किया। वहीं 44वां रैंक लानेवाली रांची की आकांक्षा सिंह एसएस मेमोरियल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है। गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89 वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है। रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है।

(शेष पेज 11 पर)

# कांकेर मुठभेड़ में नक्सली टाप कमांडर सहित 29 ढेर

### पुलिस की बड़ी सफलता तीन जवान भी घायल

**एजेंसी**

**जगदलपुर।** लोकसभा चुनाव के पूर्व मंगलवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गये। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गये। पुलिस ने घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल और अन्य हथियार बरामद किये हैं। मुठभेड़ में टाप नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया। उस पर 25 लाख रुपए का इनाम था। छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल को पहले चरण में बस्तर सीट पर मतदान होना है। एक घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ में पुलिस की यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित कांकेर के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया और भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड में 29 नक्सली मारे गये। वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गये। घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है। मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गये हैं।

# अंतू समेत नौ के यहां इडी की छापामारी

### जमीन घोटाला मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन घोटाले से जुड़े मामले में इडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजधानी रांची में मंगलवार को 9 जगहों पर छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार ईडी की अलग अलग टीमें रांची के तुपुदाना, बरियातू, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में छापेमारी की है। इडी के निशाने पर मंगलवार को झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत अन्य नेताओं के के ठिकाने रहे, जहां छापामारी की गयी। ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन मामले में गिरफ्तार जमीन दलाल सद्दाम से पूछताछ के बाद नये सिरे से यह छापेमारी की गयी।



### इनके यहां चल रही है रेड

अंतू तिर्की के अलावा जमीन कारोबारी विपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित आवास, खेलगांव स्थित शेखर कुशवाहा के ठिकाने के साथ साथ कोकर में प्रियरंजन सहाय के ठिकाने पर भी ईडी ने छापेमारी की। इससे पहले भी जमीन घोटाले मामले में विपिन सिंह, शेखर कुशवाहा और प्रियरंजन सहाय के यहां ईडी द्वारा छापेमारी की गयी थी। एक बार फिर से इनके यहां दबिश दी गयी है।

**जांच टीम तड़के पहुंची अंतू के आवास :** ईडी की टीम मंगलवार को सुबह 6.30 बजे ही झामुमो नेता अंतु तिर्की के बरियातू स्थित आवास पर पहुंची। सुबह से छापामारी के दौरान ईडी ने अंतु तिर्की के घर पर कागजात खंगाले जाने का कार्य किया।

(शेष पेज 11 पर)

# हेमंत की जमानत अर्जी पर सुनवाई अब 23 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत में ईडी को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए उसे समय प्रदान किया। साथ ही, मामले की अगली सुनवाई की तारीख 23 अप्रैल निर्धारित कर दी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए सोमवार को अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की थी। याचिका में अपने आप को निर्दोष बताया है। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगायी है। वहीं इडी के वकील की तरफ से न्यायाधीश के समक्ष यह आग्रह किया गया कि हेमंत सोरेन को जमानत नहीं दी जाये, क्योंकि अभी उन पर लगे आरोपों को लेकर छानबीन जारी है।



(शेष पेज 11 पर)

# मोदी के रहते बिहार में अब जंगल राज नामुमकिन

### विपक्ष संविधान को राजनीतिक हथियार नहीं बनाये : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**पटना।** पीएम मोदी ने मंगलवार को बिहार में दो जनसभाएं कीष गया और पूर्णिया में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भविष्य को लेकर अपने लक्ष्य के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा एक वक्त था जब बिहार में भ्रष्टाचार और अपहरण का उद्योग चलता था। कुछ लोग एक बार फिर से जंगलराज के वापसी चाहते हैं, लेकिन मोदी के रहते ये मुमकिन नहीं है। मोदी ने राजद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार और जंगलराज की प्रतीक पार्टी है। उन्होंने कहा कि राजद का चुनाव चिह्न लालटेन है और बिहार लालटेन युग से बाहर निकल चुका है और कोई भी दोबारा उस युग में लौटने को तैयार नहीं है। यहां तक कि लालटेन से सेल फोन भी चार्ज नहीं किया जा सकता है।

(शेष पेज 11 पर)



### संविधान को कोई बदल नहीं सकता

गया में मोदी ने संविधान को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, इसे कोई भी नहीं बदल सकता। इंडिया गठबंधन के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि यदि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल दिया जायेगा। वह गया सीट से चुनाव लड़ रहे एमडीए गठबंधन के उम्मीदवार जीतनराम मांझी और औरंगाबाद से चुनाव लड़ रहे सुशील कुमार सिंह के पक्ष में जनसभा में बोल रहे थे। करते हुए कहा कि विपक्षी दलों द्वारा संविधान का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा, संविधान विपक्षी दलों के लिए केवल एक राजनीतिक हथियार है लेकिन इसके प्रति गहरा सम्मान और भावनाएं रखने वाली भाजपा के लिए यह एक पवित्र ग्रंथ है।

# सनकी पति ने पत्नी और दो बच्चों को काट डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लादुराबासा गांव में ट्रिपल मर्डर से सलसनी फैल गयी है। जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद में गुस्से में आ कर पति ने अपनी पत्नी सहित दो बेटियों की निर्मम हत्या कर दी। इस तिहरे हत्याकांड सोमवार की देर रात अंजाम दिया गया।सनकी पति ने पति गुरुचरण पाड़ेया ने पत्नी और दो बच्चों को टांगी से काट कर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार की सुबह मुफस्सिल थाना की पुलिस गांव पहुंची। शवों को कब्जे में ले लिया और प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतकों में महिला (पत्नी) जानो बुड़ीउलि (20), 5 वर्षीय बेटी रेणुका पाड़ेया और एक साल की बेटी सुमी पाड़ेया शामिल हैं। तीनों की हत्या के समय गुरुचरण पाड़ेया नशे की हालत में था। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि अक्सर पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई झगड़ा होता रहता था। सोमवार की रात भी किसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में झगड़ा हो गया और गुरुचरण ने धारदार हथियार से पत्नी एवं दो बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। थाना प्रभारी रंजीत उरांव ने बताया कि आरोपित पति की गिरफ्तारी कर ली गयी है। सोमवार की शाम जब वो घर आया तो उसकी पत्नी उसके साथ झगड़ा करने लगी। इसी झगड़े में उसे गुस्सा आ गया और गुस्से में आकर उसने धारदार हथियार से आपकी पत्नी के साथ दोनों बेटियों को भी टांगी से काट डाला।

**खबर एक नजर में**

## मनी लाउड्रिंग : ईडी की ओर से गवाही दर्ज

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1250 करोड़ रुपए से अधिक कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा एवं अन्य से जुड़े मामले में मंगलवार को ईडी की ओर से गवाही कराई गई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गवाही दर्ज की। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाह का प्रति-परीक्षण किया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 19 अप्रैल निर्धारित की है। गवाही के दौरान जमानत पर चल रहा बच्चू यादव कोर्ट में मौजूद था। वहीं, पंकज मिश्रा समेत अन्य आरोपियों को वीसी से पेशी की गई। मालूम हो कि पंकज मिश्रा को ईडी ने उक्त आरोप में 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में ही हैं।

## पहली-दूसरी जेपीएससी परीक्षा की जांच के लिए दाखिल पीआइएल पर अब दूसरी कोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची।** प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आर मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है। पूर्व में सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को दिया गया था, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया था की प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है।

## सीबीआइ के जवाब पर हाई कोर्ट असंतुष्ट

## पिछले 2 साल में एमएलए-एमपी के खिलाफ दर्ज एक भी केस का नहीं हुआ निष्पादन : सीबीआई

### कोर्ट ने दी हिदायत- एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी शपथ पत्र दायर न करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में एमएलए/एमपी कोर्ट में विधायकों और सांसदों के केस के त्वरित निष्पादन से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआइ की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर राज्य में एमपी/एमएलए से संबंधित केस का स्टेटस प्रस्तुत किया गया। सीबीआइ ने बताया कि पिछले 2 साल में एमएलए/एमपी के खिलाफ दर्ज कोई केस का निष्पादन नहीं हुआ है।

कोर्ट ने सीबीआइ के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा मामले में एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी हाइकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल न करें। शपथ पत्र दाखिल करनेवाले पुलिस अधिकारी का पद कम से कम एसपी रैंक का होना जरूर है। कोर्ट ने सीबीआइ और ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में समुचित शपथ पत्र दाखिल करते हुए बताएं कि राज्य में एमपी/एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग है, निचली अदालत में एमपी/एमएलए के खिलाफ चल रही ट्रायल को तेज करें। ट्रायल के दौरान गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि समय से उनकी गवाही हो और मामले का जल्द निष्पादन हो। कोर्ट ने अगली सुनवाई 8 मई निर्धारित करते हुए सीबीआइ और ईडी से जबाव मांगा है।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सीबीआइ को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि एमपी/एमएलए के खिलाफ निचली अदालत में जो केस चल रहे हैं उसके ट्रायल में क्यों देरी हो रही है? ट्रायल की वर्तमान स्थिति, कितने में ट्रायल पूरा हो गया और कितने में अभी बचा है? ट्रायल के दौरान गवाहों की गवाही सुनिश्ति क्यों नहीं हो पा रही है? कोर्ट की पिछली सुनवाई के आलोक में मंगलवार को सीबीआई की ओर से हाइकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने एमपी/ एमएलए के खिलाफ दर्ज अपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर सभी हाइकोर्ट को दिशा निर्देश दिये थे।

### लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित विविध मतदाता जागरूकता सामग्री का लोकार्पण

# लोकसभा चुनावः राज्य में इस बार दिन भर मतदान की होगी व्यवस्था : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इस बार राज्य में दिन भर मतदान की व्यवस्था की गई है। मतदान की अवधि सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक है जो भी मतदाता शाम पांच बजे से पहले अपने मतदान केन्द्र पर लाईन में खड़े रहेंगे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग जो आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं तथा मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनके मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन सभागार से लोकसभा निर्वाचन के विविध जागरूकता सामग्रियों के लोकार्पण कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय से निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है।



**कॉफी टेबल बुक का अनावरण :** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आड्रे हॉउस में आयोजित कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा बनाये गए कलाकृतियों का फोटोग्राफ्स कॉफी टेबल बुक के रूप में बनाया गया है। इसका विमोचन भी किया गया।

**इस बार दिन भर मतदान :** झारखण्ड में इस बार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसे बताने के लिए मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा 'इस बार दिन भर मतदान, सुबह सात से पांच बजे शाम नारे का भी लोकार्पण हुआ।

### होम वोटिंग एवं मीडिया के लिए पोस्टल बैलेट से संबंधित वीडियो

**मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीडियो ट्यूटोरियल :** आई-भाई के जरिये लोगों को चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की जानकारी देने वाले वीडियो सीरीज में 85 वर्ष से अधिक के अथवा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जन जो मतदान केंद्र आने में असक्षम हैं। उनके लिए घर से ही मतदान किस प्रकार करना है, इसके बारे में बताया गया। साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि जो मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहेंगें वे किस प्रकार पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करें, इसकी भी जानकारी दी गयी। लोकार्पण कार्यक्रम में स्वीप के प्रभारी पदाधिकारी देव दास दत्ता, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निदेशक जन-सम्पर्क आनंद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उड़ चली लघु फिल्म के निर्देशक सैकत चटर्जी, गायक सुनील कुमार थे।

### इन सामग्री का किया गया लोकार्पण

**लघु फिल्म उड़ चली :** इस अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त बनाई गई लघु फिल्म उड़ चली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रिलीज किया गया। इसका निर्देशन झारखण्ड के सैकत चटर्जी द्वारा किया गया है। इस फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच निर्वाचन और एक-एक वोट के महत्व को बताया गया है। साथ ही परिवार गढ़ने से पहले देश गढ़ने की बात कही गयी है। इस फिल्म में निर्वाचन को उत्सव की भांति मनाने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान में भाग लेने जैसी बातों पर बल दिया गया है।

**आठ स्थानीय भाषाओं में चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन के डिजाइन का लोकार्पण :** भारत निर्वाचन आयोग का इस लोक सभा निर्वाचन का नारा है चुनाव का पर्व, देश का गर्व इस नारे को झारखण्ड की 8 भाषाओं, यथा, नागपुरी, कुडुख, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, मुंडारी एवं संताली में रूपांतरित कर पोस्टर बैनर के माध्यम से संबंधी भाषाई क्षेत्र के लोगों के बीच प्रसारित किया जाना है, ताकि उन क्षेत्रीय भाषाओं वाले मतदाताओं तक भी भारत निर्वाचन आयोग का यह संदेश पहुंच सके।

**चुनाव कर परब, देस कर गरब नागपुरी गीत :** स्तानीय कलाकारों द्वारा निर्मित नागपुरी भाषा के वीडियो सॉन्ग चुनाव कर परब, देस कर गरब को भी रिलीज किया गया। यह गीत किसान, बुजुर्ग, युवा, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए इसमें उत्साहित होकर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्वाचन संबंधी कॉलर टयून एवं रिंगटोन :** निर्वाचन में जागरूकता के लिए उड़ चली लघु फिल्म के एक गीत को लिया गया है। इसमें सभी वर्ग के मतदाताओं को अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर मतदान करने के संदेश को बताया गया है। साथ ही इस बार दिन भर मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक के निर्वाचन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

### वित्त विभाग का राज्य के सभी विभागों के प्रधान को पत्र, कहा

# निकासी व व्यनन पदाधिकारी नहीं दिखा रहे दिलचस्पी महालेखाकार कार्यालय में दिए आंकड़ों का करें मिलान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने राज्य के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि महालेखाकार (एजी) कार्यालय में दिए गए आंकड़ों का मिलान नहीं हो रहा है। निकासी और व्ययन पदाधिकारी ऑनलाइन सुलह (ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन) की कार्रवाई शत-प्रतिशत नहीं कर रहे हैं, जबकि ई-कुबेर पोर्टल में आय और व्यय से संबंधित विभागीय आंकड़ों को ऑनलाइन सुलह (ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन) करने का प्रावधान किया गया है। वहीं महालेखाकार कार्यालय द्वारा बार-बार सूचित किया जा रहा है कि निकासी एवं व्यनन पदाधिकारियों द्वारा ऑनलाइन सुलह की शत-प्रतिशत कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**ये लिये गए हैं निर्णय :** जिस महीने में डीडीओ लेवल पर बिल मैनेजमेंट सिस्टम से विपत्र तैयार किया गया होगा। उससे दो माह पूर्व तक के विभागीय आय एवं व्यय लेखा का महालेखाकार कार्यालय के आंकड़ों के साथ ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए अगर मार्च माह में डीडीओ लेवल पर बिल मैनेजमेंट सिस्टम में कोई भी विपत्र बनाने से पूर्व दिसंबर माह में निकासी किये गये सभी विपत्रों का ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन किया जाना अनिवार्य होगा। उसी प्रकार अप्रैल माह में डीडीओ लेवल पर बिल मैनेजमेंट सिस्टम में कोई भी विपत्र बनाने से पूर्व जनवरी माह में निकासी किये गये सभी विपत्रों का ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन किया जाना अनिवार्य होगा।

**दूसरे विपत्र नहीं किए जा सकेंगे तैयार :** वर्तमान माह से दो माह पूर्व तक के विभागीय आय एवं व्यय लेखा का एजी कार्यालय के आंकड़ों के साथ ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन नहीं रहने की स्थिति में डीडीओ लेवल बिल मैनेजमेंट सिस्टम से वेतन, जीपीएफ एडवांस, जीपीएफ फाइनल संबंधी विपत्रों को छोड़ कर अन्य किसी प्रकार के विपत्र तैयार नहीं किये जा सकेंगे। डीडीओ लेवल पर बिल मैनेजमेंट सिस्टम में लॉगिन करने पर पेंडिंग का अलर्ट प्रदर्शित होगा, ताकि ऑनलाइन रिकॉनसिलिएशन करने संबंधी पेज का लिंक रहे।

## जमीन फर्जीवाड़े में सद्दाम व अफसर अली से आमने-सामने होगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े का राज उगलवाने के लिए ईडी अब मो. सद्दाम एवं रिम्स कर्मी अफसर अली को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। ईडी ने मंगलवार को अफसर अली को बड़गाई अंचल जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का आवेदन अदालत में दिया। इस पर सुनवाई के पश्चात अदालत ने छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की। ईडी ने आरोपी अफसर अली को कोर्ट से ही अपने साथ ले गई। पूछताछ की अवधि 22 अप्रैल को पूरी हो रही। उस दिन अदालत में पेश किया जायेगा। इससे पूर्व आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया था। वहीं, ईडी पिछले 9 अप्रैल से मो सद्दाम से पूछताछ कर रही है। पुलिस रिमांड की दूसरी अवधि मंगलवार को पूरी होने पर उसे ईडी कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के साथ ही और पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन दिया गया। जिस पर अदालत ने और चार दिनों की पूछताछ की अनुमति दी है। अदालत ने उसे 20 अप्रैल को पेश करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि दोनों पूर्व से 4.55 एकड़ सेना जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद है। ईडी ने पहली बार सेना जमीन घोटाले में 13 अप्रैल 2023 को दोनों को गिरफ्तार किया था।

## लोकसभा चुनाव एवं महारैली की तैयारी अल्पसंख्यक कांग्रेस की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी एवं 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को लेकर मंगलवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने में अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई कसर नहीं छोड़ना होगा। पूरी तन-मन के साथ ईमानदारी पूर्वक चुनाव में कार्य करें। साथ ही 21 अप्रैल को आयोजित इंडिया गठबंधन महारैली में भारी से भारी संख्या में शामिल हों तथा आमजनों को भी शामिल होने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश की जनता को जागरूक हुए हैं। भाजपा के गलत नीति के कारण देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष अपना व्यापक समर्थन देने का मन बना चुकी है। हुसैन खान ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है। इस चुनाव में जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली का हिसाब मांग रही है।

## अमन श्रीवास्तव गिरोह का कुख्यात नीरज ठाकुर गिरफ्तार, पूछताछ जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेल में बंद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के बेहद खास गुर्गे नीरज ठाकुर को झारखंड एटीएस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। नीरज ठाकुर एटीएस सहित कई जिलों की पुलिस का वांटेड था। एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीरज ठाकुर को रांची से ही गिरफ्तार किया गया है।

**आपराधिक गैंग्स के खिलाफ कार्रवाई जारी :** झारखंड के संगठित अपराधी गैंग्स के खिलाफ झारखंड एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है। खासकर गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव और अमन साहू के खिलाफ एक तरफ जहां एटीएस कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी तरफ रांची पुलिस भी अमन गिरोह के पीछे हाथ धोकर पड़ी हुई है। अमन श्रीवास्तव के मुंबई से गिरफ्तार होने के बाद गैंग के संचालन में नीरज ठाकुर आम भूमिका निभा रहा था। एटीएस में दर्ज एक कांड सहित नीरज पर कई मामले दर्ज हैं। एटीएस की टीम लगातार नीरज ठाकुर की तलाश में लगी हुई थी। इसी बीच सूचना मिली कि नीरज रांची के पिठोरिया इलाके में देखा गया है जिसके बाद एटीएस ने अपना जाल बिछाया और नीरज को धर दबोचा। एटीएस सूत्रों ने नीरज ठाकुर की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**दो साल से था फरार, गैंग का फंड करता था मैनेज :** एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार जेल में बंद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के द्वारा खौफ के बल पर की गई कमाई का सारा लेखा-जोखा नीरज ठाकुर ही रखता था।

## बीजेपी के घोषणा पत्र से रोजगार गायब, सबको पता है- हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ : जेएमएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएमएम केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में चौथे चरण से चुनाव होना है। सिंहभूम, लोहरदगा, पलामू और चतरा लोकसभा इलाकों के मूलवासियों ने मूड़ बना लिया है। बीते दस सालों तक बीजेपी के जनप्रतिनिधियों का जो व्यवहार रहा अपने क्षेत्र को लेकर उसने उन्हें निराश किया। उसी का आक्रोश निकल कर बाहर आ रहा है। राजस्थान के सीएम का भाषण हम लोगों ने सुना और लोगों को रोकने के लिए हिंदू और महादेव की सौगंध दी जा रही है। अब भ्रष्टाचार पर सवाल नहीं हो रहा है। घोषणा पत्र से यह मालूम चल गया है कि एनडीए की विदाई देश से तय है।



**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डर गये हैं, यूसीसी पर डराया जा रहा :** राज्य के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डर गये हैं और अब न्याय उलगुलान के प्रति बोल रहे हैं। बीजेपी के घोषणा पत्र से रोजगार गायब है। देश में ओलंपिक का आयोजन अगर चुनावी मुद्दा है, तो अन्य समस्याओं पर कौन बात करेगा। हम बात मुद्दे की कर रहे हैं और यह बात धर्म की कर रहे हैं। अगर धर्म पर बात करनी है तो आदिवासी सरना धर्म कोड क्यों नहीं। यूसीसी पर डराने की धमकी दी जा रही है। इंडी गठबंधन के सभी लोग आ रहे हैं और सभी जानते हैं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ है। बीजेपी खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे का काम कर रही है।

**नजरूल हसन के बोलने पर बीजेपी कर रही बवाल :** नजरूल हसन का बचाव करते हुए जेएमएम ने कहा कि बहुत तरस आता है बीजेपी की सोच पर। हमारे कार्यकता हैं वह चुनाव सभा में ऐसी बात बोले, चुनावी सभा में राजनीति की बात होती है। संसद के सेशन में पीएम ने कैसे बोल दिया कि 400 के पार। उसी पर हमारे कार्यकर्ता ने कहा बीजेपी 400 नीचे चली जायेगी। उनके कहने का मतलब था कि राज्य में सभी सीटों पर इंडी गठबंधन जीतेगा।


## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक: 706 | खूँटी, दिनांक: 15.04.2024

**आवश्यक सूचना**

दिनांक 17.04.2024 को रामनवमी के शुभ अवसर पर नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले सभी वधशाला, मांस, मछली एवं मुर्गा-मुर्गी की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेगी एवं क्रय विक्रय बन्द रहेगा।

दिनांक 17.04.2024 को जो भी मांस, मछली एवं मुर्गा-मुर्गी बिक्री करते हुए पाए जाएंगे, उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ह0/-
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 323858 Urban Development (24-25)_D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**आवश्यक सूचना**

21 अप्रैल 2024 को महावीर जयंती के अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पशु वध एवं मॉस-मछली की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

अतः आदेश दिया जाता है कि दिनांक 21.04.2024 को कोई भी व्यक्ति पशु वध एवं मॉस-मछली की बिक्री नहीं करें, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 323872 Urban Development and Housing(24-25).D


### भाजपा ने कहा- 24 घंटे बाद भी नजरुल के खिलाफ पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

# इंडी गठबंधन के नेता पीएम मोदी के खिलाफ बड़ी घटना की रच रहे साजिश : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम ने विकृत मानसिकता और जिहादी सोच का परिचय दिया है। श्री शाहदेव मंगलवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नजरुल ने पीएम नरेंद्र मोदी को जमीन के 400 फीट नीचे गाड़ने की धमकी दी है। इस बयान के सार्वजनिक होने के 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे साफ दिखता है कि सरकार ऐसे जिहादी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। इससे पूर्व कोडरमा में राजद नेता ने पीएम मोदी की खोपड़ी में गोली मारने की बात कही थी। यह सीक्वेंस साफ दिखता है कि इंडी गठबंधन के नेता मोदी जी के खिलाफ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह बेहद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड पुलिस के द्वारा अब तक नजरुल इस्लाम की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस जेहादी व्यक्ति ने तो सीधे तौर पर प्रधानमंत्री के हत्या की बात कही है। लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा खामोश है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा से सीधा जुड़ा मामला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की अस्मिता और गौरव के प्रतीक हैं। उनकी हत्या करने की बात करके विपक्ष साफ दिखा रहा है कि उसका लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास नहीं है। पूरे प्रदेश में राज्य सरकार अराजकता का वातावरण चाहती है। एक तरफ राजद और झामुमो के नेता मोदी जी की हत्या करने की बात कर रहे हैं। तो दूसरी तरफ आदिवासी महिला सांसद गीता कोड़ा को झामुमो के सशस्त्र समर्थकों द्वारा बंधक बनाकर रखा जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को तुरंत संज्ञान लेना चाहिये। प्रधानमंत्री के ऊपर हमला करने की बात और उनकी हत्या की बात कहना राजद्रोह की श्रेणी में आता है।

स्पीड न्यूज



## विभिन्न अखाड़ा में शामिल हुए विधायक

**जमशेदपुर।** रामनवमी की अष्टमी पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के श्रीश्री रामनवमी पागलगिरी माई अखंड अखाड़ा समिति, रथ गली, श्री श्री केशरी नंदन हनुमान मंदिर अखाड़ा समिति, आर पी पटेल हाई स्कूल छपरईया मोहल्ला, श्रीश्री बजरंग अखंड अखाड़ा समिति, नव युवक संघ गर्ल्स स्कूल रोड में शामिल हुए दौरान सभी अखाड़ा समितियों ने विधायक को सम्मानित किया। विधायक ने सभी लोगों को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## लांग टर्म गोल के लिए शॉर्ट टर्म में अच्छी स्ट्रैटेजी जरूरी



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के पीजीडीएम (एचआरएम) प्रोग्राम के पहले कन्वोकेशन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंदुस्तान यूनिलीवर व यूनिलीवर साउथ एशिया की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचआर सह सीएचआरओ अनुराधा राजदान उपस्थित थीं। उन्होंने एक्सएलआरआइ से पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा की डिग्री हासिल करने वाले कुल 38 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया। इस दौरान वरुण सेव्वा रेड्डी को एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए मेडल दिया गया। अनुराधा राजदान ने कहा कि किसी भी कंपनी या फिर संस्थान में एचआर का रोल काफी महत्वपूर्ण होता है। किसी भी कंपनी के लांग टर्म अचीवमेंट के लिए आप शॉर्ट टर्म गोल को हासिल करने के लिए अच्छी रणनीति बनायें।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**चांडिल।** मंगलवार को चौका थाना क्षेत्र के दिरलोंग के पास हटिया कर घर लोट रहे पल्सर बाइक सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार दिरलोंग गांव के तीन युवक तमाड़ थाना क्षेत्र के कोबासाल हटिया गया था। हाट बाजार कर घर लौटने के दौरान एनएच 33 दिरलोंग के पास गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से अनियंत्रित होकर टकरा गया। मृतक की पहचान दिरलोंग निवासी चौबीस वर्षीय अश्विन सिंह मुंडा के रूप में हुई है एवं दोनों दिरलोंग निवासी 23 वर्षीय दिनेश सिंह मुंडा एवं 25 वर्षीय ठाकुर सिंह मुंडा ग्रामीणों की मदद से चौका पुलिस ने घायलों को चांडिल अनुमंडल अस्पताल लाया।

## रामनवमी आज पुलिस का फ्लैग मार्च



बुधवार को शहर में रामनवमी जुलूस निकलेगा। इसे देख पुलिस ने आज सीनियर एसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी मुकेश लुणावत के नेतृत्व में संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया।

## राजस्थान स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम



धालभूम क्लब में राजस्थान स्थापना दिवस मारवाड़ी समाज ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# टाटा की स्वाति शर्मा को यूपीएससी की परीक्षा में 17वां रैंक

- टैगोर एकेडमी और वीमेंस कॉलेज की पूर्व छात्रा है स्वाति

**विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार**





अपने माता-पिता और परिजनों के साथ स्वाति शर्मा और खबर मन्त्र हिन्दी दैनिक पढ़तीं स्वाति।

**जमशेदपुर।** यूपीएससी की परीक्षा में जमशेदपुर की बिटिया स्वाति शर्मा ने 17 वां रैंक हासिल कर शहर एवं झारखंड को गौरवान्वित किया है। झारखंड टॉपर स्वाति शर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 17 वां हासिल कर आइएएस कैडर सुनिश्चित कर लिया है।

मानगो, कालिका नगर निवासी पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री स्वाति शर्मा ने बताया कि पिता सेना में थे। इसलिए आरंभिक पढ़ाई देश के कई हिस्सों में स्थित आर्मी स्कूलों में हुई। स्वाति ने मैट्रिक की परीक्षा आर्मी सैकेंडरी स्कूल कोलकाता से पास की। इसके बाद 12वीं की पढ़ाई उन्होंने जमशेदपुर के साकची स्थित टैगोर एकेडमी से पूरी की। इसके बाद 2019 में उन्होंने बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज से राजनीति विज्ञान से एमए किया।

**माता-पिता और मामा के साथ शिक्षक डॉ जाकिर को दिया सफलता का श्रेय :** स्वाति शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि में अपनी मां आशा देवी,पिता संजय शर्मा, बड़े भाई एवं टाटा स्टील में असिस्टेंट मैनेजर संजीव शर्मा के अलावा मामा अशोक शर्मा को दिया है। वास्तव में स्वाति इंटरमीडिएट तक लॉ करने के बारे में सोच रही थी किन्तु उनके मामा अशोक शर्मा ने कहा, कलेक्टर बन खानदान का नाम रौशन करो। फिर कॉलेज में एक कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज के प्रोफेसर डा. जाकिर आये जिन्होंने छात्राओं को यूपीएससी की परीक्षा के महत्व और उसकी तैयारी के बारे में बताया तो स्वाति काफी प्रेरित हुई। स्वाति ने कहा कि उन्होंने यूपीएससी की पढ़ाई के लिए कोचिंग नहीं ली। हां, इसके लिए वर्ष 2022 में दिल्ली गई थी। वहां जाकर विभिन्न कोचिंग संस्थानों का टेस्ट सीरीज लिया और वहां जहां भी साप्ताहिक टेस्ट होता था उसमें वह भाग लेती थी। वर्ष 2022 नवंबर से 2023 मई तक वहीं रहकर यूपीएससी की तैयारी की। इस कारण सफलता प्राप्त हुई। पूरा डेढ़ साल सिर्फ यूपीएससी की तैयारी पर फोकस किया।

**स्वाति को तीसरे प्रयास में मिली सफलता :** छात्रों को संदेश देते हुए स्वाति ने कहा कि परीक्षाओं में असफलता से घबराना नहीं है। यूपीएससी की वर्तमान सफलता उन्हें तीसरे प्रयास में मिली। पहले प्रयास में तो वह प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाई। दूसरे प्रयास में प्रारंभिक परीक्षा तो उत्तीर्ण हुई, लेकिन उसके बाद की परीक्षाओं में वह उत्तीर्ण नहीं हुई।

## जमशेदपुर के ऋत्विक वर्मा को 520वां रैंक



**जमशेदपुर।** लोयला स्कूल के पूर्व छात्र और स्पर्द्धा प्रकाशन, जमशेदपुर की प्रकाशक प्रियंका वर्मा व वन विभाग के पूर्व रेंजर अजय कुमार के पुत्र ऋत्विक वर्मा यूपीएससी की परीक्षा में 520 वां रैंक हासिल किया है। ऋत्विक ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लोयोला से पूरी की जबकि ग्रेजूएशन दिल्ली विवि के करोड़ीमल कॉलेज से किया। भूगोल में स्नातक करने के बाद ऋत्विक ने दिल्ली में रह कर ही यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय स्पर्धा प्रकाशन की पुस्तकों के अलावा अपनी मां प्रियंका वर्मा और पिता अजय कुमार को दिया है। ज्ञात हो कि ऋत्विक के छोटे भाई वेदांत मेहता ने भी यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 29 वां हासिल किया था। वह अभी अंबाला कैंट में कैप्टन के पद पर कार्यरत हैं।

# जुमलेबाज नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंके जनता : चंपई सोरेन

- कांड्रा के पदमपुर में बूथ कमेटी बैठक में शामिल हुए सीएम चंपाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

**गम्हरिया।** अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन कांड्रा के पदमपुर में आयोजित बूथ कमेटी की बैठक में शिरकत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट से पार्टी प्रत्याशी जोबा मांझी की जीत सुनिश्चित करने हेतु तन मन से जुट जाने की अपील किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकताओं को जीत सुनिश्चित कराने के कई टिप्स भी दिये। उन्होंने कहा कि केंद्र की जुमलेबाज सरकार से जनता ऊब चुकी है और इस चुनाव में उन्हें सत्ता से बेदखल करने की सोच लिया है।

उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी और भाजपा का सुफरा साफ हो जाएगा। उन्होंने बूथ कमेटी के सदस्यों से प्रत्येक बूथ पर कम से कम एक सौ मत निश्चित रूप से महागठबंधन प्रत्याशी को दिलाएं ताकि जीत का अंतर ज्यादा हो। इस मौके पर काफी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ज्वारा पूजा समाज का पारंपरिक व संस्कृति का वाहक पर्व: रघुवर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कन्या पूजन देखते ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** श्री श्री शीतला माता मंदिर टुईलाडुंगरी में चल रहे नवरात्रि ज्वारा महोत्सव के पावन अष्टमी के अवसर पर आज ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने माता शीतला और मंदिर में जल रहे 21 अखंड ज्योत के समक्ष शीश नवा कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किए, मंदिर समिति की महिला सदस्यों ने राज्यपाल रघुवर दास को माता की लाल चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया, रघुवर दास ने अपने संबोधन में कहा की यह चैत्र नवरात्रि पर आयोजित होने वाला यह ज्वारा पूजा छत्तीसगढ़ी समाज का पारंपरिक और संस्कृति का वाहक पर्व है इसकी बहुत मान्यता है, बुजुर्गो के अनुसार जो भी व्यक्ति इस पूजा को बड़े मनोभाव से संपन्न करता है उसकी सभी इच्छाएं माता पूर्ण करती है, उन्होंने कहा की समाज को धर्म कर्म के साथ जरूरतमंदों तक भी पहुंचना चाहिए और उनको भी समाज के मुख्यधारा में ला कर खड़ा करना चाहिए, प्रातः काल से ही आज मंदिर परिसर में अष्टमी के अनुष्ठान चल रहे थे और संध्या बेला में हवन था नौ कन्या पूजन, नौ कन्या की खास बात ये रही की छत्तीसगढ़ी महतारी और माता बमेलश्वरी, माता दंतेश्वरी, माता लिंगराज और विभिन्न देवियों का स्वरूप में कन्याओं को तैयार किया गया था और उनका पूजन किया गया, समिति के सभी सदयो ने माता का पैर धो कर पूजा अर्चना की।

## आइएएस बनने पर स्वाति का सैनिक परिषद ने किया सम्मान



स्वाति को सम्मानित करते परिषद् के सुशील कुमार सिंह व साथी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक संजय शर्मा की बेटी स्वाति का भारतीय प्रशासनिक सेवा में 17वां रैंक पाने की खबर सुन सैनिक परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी। दोपहर से ही बधाई देने वालों का उनके आवास पर तांता लग गया। मीडिया और सामाजिक क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील सिंह, जिला मंत्री दिनेश सिंह, जिलाध्यक्ष संजय दत्त, राजीव रंजन, जिला उपाध्यक्ष डॉ कमल शुक्ला, मिथिलेश सिंह, सतनाम सिंह, कन्हैया कुमार, नरेंद्र कुमार ने अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर इस खुशी के अवसर पर माता-पिता के साथ पुत्री का मुंह मीठा कराया। स्वाति की यह उपलब्धि लौह नगरी के युवाओं को अपने जीवन में बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरणा देगी।

## गीता कोड़ा से ग्रामीणों के दुर्व्यवहार मामले की जांच करने पहुंचे आइजी

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** सरायकेला विस क्षेत्र के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर गांव में बीते रविवार को प्रचार करने पहुंची भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा व समर्थकों के साथ धक्का-मुक्की के मामले की जांच करने मंगलवार को छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी अखिलेश झा उक्त गांव में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई ग्रामीणों से उक्त घटना के बावत पूछताछ किया। इसके तहत उन्होंने यहां सरायकेला खरसावां जिले के एसपी और गम्हरिया थाना प्रभारी की भूमिका की भी जांच की। उसके बाद आईजी गम्हरिया थाना पहुंचे जहां उन्होंने मोहनपुर गांव में घटित घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उक्त मामले में दोनों ओर से दायर एफआइआर की भी समीक्षा कर इस मामले में आगे क्या कदम उठाये जा रहे हैं, इसकी भी जानकारी ली।

### रविवार को प्रचार-प्रसार में पहुंची थी मोहनपुर



गम्हरिया पहुंचे आईजी अखिलेश झा।

विदित है कि रविवार को चुनाव प्रचार करने मोहनपुर गांव पहुंची भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को गांव जाने से रोकते हुए ग्रामीणों द्वारा करीब ढाई घंटे तक बंधक बना लिया गया था। इस दौरान भाजपा समर्थकों के साथ ग्रामीणों द्वारा दुर्व्यवहार भी किया गया था। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस द्वारा उनको ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया गया था। तत्पश्चात, दोनों पक्षों द्वारा गम्हरिया थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। साथ ही, भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव आयोग से इसकी शिकायत कर जिले के एसपी और थाना प्रभारी को चुनाव कार्य से मुक्त करने की मांग की गई थी। इस मामले में आयोग द्वारा भी उपायुक्त से रिपोर्ट तलब किया गया है। इसको लेकर विभागीय स्तर पर भी जांच की जा रही है। इसी सिलसिले में आईजी गम्हरिया पहुंचे थे।

## 11 से 31 मई तक चलेगा टाटा स्टील का समर कैंप 2024

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




लांचिंग समारोह को संबोधित करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

**जमशेदपुर।** खेलों को जीवनशैली के रूप में बढ़ावा देते हुए, टाटा स्टील का खेल विभाग 11 से 31 मई के बीच जेआरडी टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 2024 आयोजित करने जा रहा है। उक्त जानकारी टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में पत्रकारों को दी। इस अवसर पर खेल विभाग के चीफ मुकुल विनायक चौधरी भी उपस्थित थे। चाणक्य चौधरी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शहर की युवा पीढ़ी के बीच फिटनेस, सेहत और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता पैदा करना और उन्हें खेल गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## प्रदर्शन के बाद मजदूरों को मिला आश्वासन, काम पर वापस लौटे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित टाटा स्टील कंपनी में बालाजी कंस्ट्रक्शन के अधीन कार्यरत कामगारों को एजेंसी द्वारा अनियमित वेतन भुगतान किए जाने से उनमें रोष व्याप्त है। बीते मार्च माह के वेतन का भुगतान ठेका एजेंसी द्वारा अभी तक नहीं किए जाने से मंगलवार को कामगार भड़क उठे और काम का बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन कर आक्रोश प्रकट किया। इसकी सूचना पाकर एजेंसी के प्रबंधक हरितेश प्रसाद मौके पर पहुंच कर कामगारों को समझाते हुए काम पर लौटने की अपील की। लेकिन कामगार मानने को तैयार नहीं हुए। करीब तीन घंटे बाद कंपनी प्रबंधन के प्रतिनिधि कामगारों से मिले और उन्हें वेतन भुगतान कराने का आश्वासन दिया। उसके बाद कामगार शांत हुए और काम पर वापस लौटे।

## जमशेदपुर महानगर में भाजपा का बूथ विजय संकल्प अभियान आज से

- जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम ने ली चारों विधानसभा की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




बैठक करते डा जीतू चरण राम। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** झारखंड में भाजपा एक्टिव मोड पर नजर आ रही है। भाजपा ने लोकसभा की तैयारियां धरातल पर तेज कर दी है। इसको लेकर भाजपा अब बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरूआत करने जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले जमशेदपुर महानगर में भारतीय जनता पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए बुधवार से बूथ विजय संकल्प अभियान प्रारंभ होगा। इसी क्रम में, मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा की बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमशेदपुर पुर्वी, पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं भवन (शक्ति केंद्र) प्रभारी शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर महानगर के प्रभारी एवं कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम ने चारों विधानसभा के प्रभारी, विधानसभा के संयोजक एवं सह संयोजकों के साथ 28 मंडलों के अध्यक्ष एवं विभिन्न विधानसभा के भवन प्रभारियों की बैठक ली। बूथ विजय संकल्प अभियान जमशेदपुर महानगर के सभी बूथों पर 17 से 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा। जिसमें भवन के प्रभारी, सह प्रभारी अपने बूथ के अध्यक्ष, सचिव एवं बीएलए 2 से संपर्क कर बूथ के पन्ना प्रमुख के संग बूथों के मतदाताओं से संपर्क करेंगे और भाजपा के पक्ष में समर्थन की अपील करेंगे। इस दौरान नव मतदाताओं के साथ संवाद करने के साथ प्रबुद्धजन और सभी समाज, वर्गों के प्रमुख लोगों से भी संपर्क की रणनीति बनाई गई। अभियान के तहत बूथ अंतर्गत पड़ने वाले मठ, मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, गिरजाघर समेत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, युवा, महिला, खिलाड़ी, शासकीय योजनाओं के लाभार्थी सहित अन्य सभी वर्गों से संपर्क कर बूथ में भाजपा के पक्ष में 370 वोट बढ़ाने के लक्ष्य के लिए सभी का सहयोग मांगा जायेगा।

## एक नजर में

### विश्वकर्मा समाज ने स्वाति का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** कालिका नगर डिमना रोड मानगो जमशेदपुर के रहने वाले रिटायर्ड आर्मी संजय शर्मा की बेटी स्वाति शर्मा ने आई ए एस में 17 वां रैंक ला कर सफलता हासिल किया है। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की बेटी ने अपने समाज जमशेदपुर शहर की नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी होते ही झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने अपने साथियो के साथ उनके निवास पर जाकर स्वाति शर्मा को पुष्प एव विश्वकर्मा भगवान का पीला अंग वस्त्र देकर स्वागत एम सम्मानित किया साथ ही उज्वल भविष्य की कामना किए उनका भविष्य उज्वल हो। जैसे आई ए एस को 17वां रैंक ला कर नाम रौशन किए है वैसी ही देश का बेटी बन कर नाम रौशन करे। इस अवसर पर उनके माता-पिता को इन्होंने भी स्वागत किया और बधाई दी।

### बीएसीईटी : मेसर्स मनूपमा टेक्नोलोजीस प्रा लि के साथ हुआ एमओयू



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ जमशेदपुर ने तकनीकी क्षेत्र में छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए अग्रणी कंसल्टेंसी, निरीक्षण, परीक्षण, अंशांकन कंपनी मेसर्स मनूपमा टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। एमओयू के अनुसार छात्र कंपनी में तकनीकी क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कंपनी ने ओएनजीसी, बीएचइएल, रेलवे, गेल आदि जैसे कई सार्वजनिक उपक्रमों के साथ गठजोड़ किया है, जहां छात्र तकनीकी ज्ञान प्राप्त करेंगे और प्रशिक्षण के लिए पूरे भरत के स्थानों में जायेंगे। साथ ही प्लेसमेंट सहायता के अलावा कंपनी बुद्धिमान और कुशल छात्रों को कुशल प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। एमओयू पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एस के सिंह और एमटीपीएल के डॉ ललित कृष्णदास महापात्रा ने हस्ताक्षर किये।

### डॉ सुषमा की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**गम्हरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया की पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिवंगत डॉ सुषमा झा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय स्वास्थ्य उपनिदेशक डॉ विजय कुमार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में डॉ सुषमा झा के कार्यों को भुला पाना कठिन होगा। अपने कार्यकाल में उन्होंने असंख्य मरीजों की सेवा की। चिकित्सा के क्षेत्र में निष्ठा एवं ईमानदारी का परिचय देकर उन्होंने एक मिसाल कायम की है।

### सन्नी हत्याकांड में छह आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** मानगो वसुंधरा स्टेट के पास रविवार को हुए सन्नी यादव हत्याकांड में मंगलवार को पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया। इसमें से एक पर रेकी करने और दो लोगों पर आरोपियों को भगाने में मदद करने का के आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो गुरुद्वारा रोड निवासी प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, उलीडीह विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा,मानगो गुरुद्वारा रोड निवासी अर्जुन महतो उर्फ अर्जुन बच्चा, सीताराम डेरा छाया नगर हयूमपाइप निवासी राहुल राय, मधुसूदन एफ ब्लॉक नीलगिरी कॉलोनी का रौनक शर्मा और मानगो गुरुद्वारा रोड शिव मंदिर का निवासी आशीष बर्मन शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने तीन देसी कट्टा, तीन देशी पिस्तौल, 11 जिंदा कारतूस दो बाइक और घटना के बाद प्रयुक्त टेंपो को बरामद किया है।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने किया मेला का उद्घाटन



**तरहसी पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने तरहसी प्रखंड के मझिगवां शक्ति पीठ मां झलखंडी मंदिर में रामनवमी मेला का उद्घाटन किया। मौके पर जिप सदस्य रूपवंती देवी, मंझौली मुखिया पति अनुज सिंह, पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी उर्फ मंटू सिंह, पंसस कुंती देवी, अमरजीत सिंह, विरेंद्र शर्मा, अभिमन्यु सिंह, जगलाल महतो, सुरेंद्र गुरुजी, विजय महतो, विनय सिंह, ओमप्रकाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। विधायक ने शुभकामनाएं देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की अपील की। लोगों को चुनरी ओढ़ाकर विधायक का सम्मानित किया।

### रामनवमी को लेकर पाटन में फ्लैग मार्च




**पाटन पलामू।** नावा जयपुर में रामनवमी पर फ्लैग मार्च निकला। फ्लैग मार्च में पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन इंस्पेक्टर रामाशंकर पटेल एवं नावा थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय थे। मार्च थाना परिसर से निकल क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः थाना परिसर पहुंचा। पदाधिकारियों ने लोगों से रामनवमी पर्व शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने का आग्रह किया। कहा कि अगर कहीं भी कोई भी व्यक्ति अशांति फैलाने की कोशिश करेगा तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### भक्ति से ही जीवन में आनंद : श्याम जी



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना के निकट महावीर मंदिर प्रांगण में चल रहे रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 19वें अधिवेशन में राम कथा हुई। मंच से मिर्जापुर उत्तर प्रदेश से आये कथा वाचक श्याम जी शास्त्री ने कहा कि हर व्यक्ति जीवन में चार फल प्राप्त करना चाहता है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। लेकिन चारों प्राप्त करने का जो साधन है, वह प्रारब्ध और पुरुषार्थ से है। बिना इन रास्तों पर चले यह फल प्राप्त नहीं होते। व्यक्ति इन्ही दोनों रास्तों पर चल भी रहा है। लेकिन चलने का तरीका क्या है यह महत्वपूर्ण है।धर्म और मोक्ष को पुरुषार्थ के रास्ते से पाया जाता है। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद डिसिल्वा, सचिव पवन सोनी, उपसचिव शंकर बैठा, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उपकोषाध्यक्ष राहुल वर्मा व सदस्य लगे हैं।

### एके सिंह कॉलेज, जपला में नई शिक्षा नीति, 2020 पर कार्यशाला संपन्न



**हुसैनाबाद पलामू।** एके सिंह कॉलेज जपला में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुआ। इस कार्यशाला में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्वरूप एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा, नामांकन प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया। छात्रों ने अनेक जिज्ञासाएं प्रकट की, जिसका डॉ सुभग ने संतोषजनक समाधान किया। इसमें प्रो राजेश सिंह, डॉ आलोक रंजन एवं डॉ आनंद कुमार भी थे।

### दुर्गा वाहिनी ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी ने महा अष्टमी पर नगर के मुख्य मार्गों पर शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में बजरंग दल के बजरंगी भी शामिल रहे। शोभा यात्रा की शुरूआत ठाकुरबाड़ी मंदिर से हुई, नगर के विभिन्न मंदिरों में भ्रमण के बाद पुनः वहीं आ कर समाप्त की गयी। जिला प्रतिनिधि मंडल में विहिप जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री पप्पू, नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बजरंग दल संयोजक संदीप गुप्ता, सह संयोजक हिमांशु पांडेय, मातृ शक्ति संरक्षक उमा शुक्ल, बजरंग दल सह संयोजक सोनू सिंह, मोनू गुप्ता, और, छतरपुर से अध्यक्ष उपेंद्र यादव, टन वर्मा, अंकित दास, बिट्टू जॉन शामिल थे।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह पखवारा मना



**हुसैनाबाद पलामू।** अग्निशमन सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमण्डल अग्निशमन पदाधिकारियों ने जपला नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के भैया-बहनों को आग से निपटने का गुरुर सिखाया। मौके पर अधिकारियों ने कहा यह कार्यक्रम सेवा सप्ताह वर्ष 2024 की थीम अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें,के साथ निर्धारित हैं। मौके पर अग्निशमन प्रभारी रामयश सिंह, हवलदार मोहन चौधरी, फायरमैन विकास गुप्ता ने आग से बचने, आग पर प्रारंभिक रूप में काबू पाने, फायर उपकरणों की जानकारी देकर एवं फायर डेमो प्रदर्शित कर विद्यालय के आचार्य-दीदी जी और भैया-बहनों को फायर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस डेमो कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण लेकर हम सभी अग्नि के नुकसान से बच सकते हैं।आग लगने की स्थिति बड़ी भयावह होती है।

# भारी सुरक्षा के बीच रामनवमी की पूर्व संध्या पर निकला बाइक जुलूस

- महावीरी तथा तिरंगा झंडा के साथ जय श्रीराम का नारा लगाते सैकड़ों युवा शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र में रामनवमी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाइक जुलूस निकाला गया। इसका आयोजन रामनवमी पूजा समिति ने किया था। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में युवा अपने हाथों में महावीरी तथा तिरंगा झंडा लिए शामिल हुए। वहीं युवाओं द्वारा जय श्री राम, हरि बोल, भारत माता की जय आदि लगाए जा रहे नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। चाक चौबंद सुरक्षा के बीच यह जुलूस स्थानीय महावीर मंदिर से शुरू होकर मुख्य सड़क, अररूआ मोड़, मेन बाजार, महाराजगंज, सतगांवा आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद लिया। जुलूस को देख हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थे। जबकि पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ जुलूस की निगरानी में तैनात रहे। जुलूस को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, सचिव चंदन जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, रामजी सिंह, अशोक सिंह, अजय सिंह, अमित कुमार, जे पी गुप्ता, अजय स्वर्णकार, मनोज कुमार, संतोष शौंडिक, रिशु गुप्ता, पवन कुमार, संजीव कुमार, सीताराम, गौरव कुमार, शिवम कुमार, बिट्टू कुमार गुप्ता, विकास कुमार, शिवम पाठक, मुन्ना कुमार, पंकज मौर्या ने अहम भूमिका निभायी।

# प्रशासन ने रामनवमी को देख सुआ सदर थाना क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत रामनवमी पर्व को देखते हुए सुआ कौड़िया गोदाम चौक से विश्वकर्मा टोला एवं बनिया टोला होते हुए तीन कोनिया जोर कट एवं मस्जिद क्षेत्र तक प्रखंड व पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। मौके पर सदर बीडीओ अभिषेक पांडे, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, रामनवमी पूजा के सुआ कौड़िया के जनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि हृदय सिंह, मुख्य संरक्षक दोनों कमेटी के उपाध्याय सिंह, ए एस आई नबी रसूल अंसारी, ए एस आई कालिका राम, समद कुमार शामिल थे। रामनवमी पर्व के दौरान किसी भी तरह का अनहोनी ना हो इसे देखते हुए शहर से लेकर ग्रामीण में भी प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। मौके पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह का कोई अनहोनी न हो इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी थाना को निर्देशित किया गया है कि पर्व में बारीकी से हर व्यक्ति पर नजर रखना है। मौके पर सुदर्शन ठाकुर, संतोष प्रसाद साव, राजेश विश्वकर्मा, सुमित समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रामनवमी : फ्लैग मार्च निकाल शांति की अपील

## एसडीएम, डीएसपी व एलआरडीसी ने हुसैनाबाद, हैदरनगर के जुलूस मार्ग का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** राम जन्म उत्सव सह रामनवमी जुलूस से पूर्व अनुमण्डल प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हैं। मंगलवार को मंगलवारी जुलूस से पूर्व, एसडीएम पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश महतो, एलआरडीसी गौरांग महतो एवं हुसैनाबाद-व-हैदरनगर दोनों अंचल के सीओ, बीडीओ एवं सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से शहर के मुख्य बाजार, मकबरा रोड, मधुशाला रोड, नहर मोड़, लंबी गली समेत शहर जुलूस मार्ग व अखड़ा जुटान के सभी मार्गों में फ्लैग मार्च किया। वहीं एसडीएम व डीएसपी ने जपला में जुलूस के दौरान संक्रिन मार्गो को चिह्नित कर उसका समाधान करने का प्रयास किया ताकि जुलूस के दौरान कोई बात विवाद ना हो। हैदरनगर में मुख्य बाजार समेत कई मार्गों में फ्लैग मार्च किया गया। प्रशासन चुनाव व रामनवमी को देखते हुए सभी अखड़ा प्रमुखों से लगातार बैठक भी कर रही हैं तथा शरारती तत्वों के व्यक्तियों को चिन्हित कर उस पर पूरी निगरानी रखी जा रही हैं। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह व सभी थाना प्रभारी, भारी मात्रा में सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

# छतरपुर में प्रशिक्षु आइएएस के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फ्लैग मार्च के दौरान भ्रमण करते प्रशिक्षु आइएएस व अन्य।

**छतरपुर पलामू।** थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण रूप से मनाने को लेकर प्रशिक्षु आइएएस रवि कुमार के नेतृत्व में शहर के सभी प्रशासनिक महकमा ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च छतरपुर से निकलकर शहर के कई स्थानों का भ्रमण कर पुनः थाना में समाप्त हुआ। सभी लोगों से अपील की है कि हमलोग सौहार्द के साथ पर्व को मनाये।

अनुमंडल पदाधिकारी हिरा कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशादआलम, बीडीओ आशीष कुमार, सीओ नित्यानंद प्रसाद, थाना प्रभारी राजेश रंजन समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मी तत्परता के साथ भ्रमण किया। एसडीओ ने कहा कि पर्व के दौरान मेडिकल टीम एंबुलेंस के साथ थाना में मौजूद रहेंगे। जुलूस के दौरान पुलिस के जवान शामिल रहेंगे। कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार त्योहार मनाया जायेगा। कहा कि पर्व के दौराल लोग शांति बनाये रखें। शांति भंग करनेवालों पर कार्रवाई की जायेगी। फ्लैग मार्च में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी शामिल थे। छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि रामनवमी पर्व लोग शांति व सौहार्द के साथ मनायें। पर्व के दौरान बाधा उत्पन्न करनेवाले असमाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी।

### यूपीएससी : गढ़वा डीसी की बेटी को 89वां रैंक



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को यूपीएससी सिविल सेवा का रिजल्ट निकला है। जारी परिणाम में गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर की पुत्री साक्षी जमुआर को 89 वां स्थान हासिल हुआ है। शेखर जमुआर पलामू में पूर्व उप विकास आयुक्त के पद पर कार्य कर चुके हैं।

### रामनवमी : पंडवा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**पंडवा पलामू।** रामनवमी को लेकर पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने सभी लोगों से आपसी एकता एवं भाईचारगी के वातावरण में पर्व मनाने को कहा। उपद्रवियों पर कड़ी नजर है।

### दिवंगत सहायक अध्यापक को दी गयी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज पलामू।** कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में मंगलवार को शोकसभा कर दिवंगत सहायक अध्यापक अखिलेश पटेल को श्रद्धांजलि दी गयी। मालूम हो कि उक्त विद्यालय के सहायक अध्यापक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। शोकसभा में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों सहित अन्य लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर प्राचार्या अभिलाषा कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष सूरजमल राम, शिक्षक राकेश कुमार, अब्दुल कलाम, नवीन, राकेश, युगल, पंकज, विपुल रंजन, अर्चना, मीना, संतोष कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### एके सिंह कॉलेज, जपला में भूमि सुधार उप समाहर्ता ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**हुसैनाबाद पलामू।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एके सिंह कॉलेज, जपला में भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरांग महतो की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की एक सभा की गयी और मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों से यह जानकारी ली गयी कि 18 वर्ष से अधिक के कितने विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कर लिया है, तो लगभग 90 प्रतिशत छात्रों ने नाम दर्ज होने की बात कही। गौरांग मेहता ने चुनाव एवं मतदान संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को दी। इसमें प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, पंचायत सचिव मो शमीम अंसारी थे।

# भगवा झंडों से पटा, क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया

- रेहला में आज तो विश्रामपुर में कल निकलेगा रामनवमी का भव्य जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रामनवमी को लेकर क्या शहर और क्या गांव सभी भगवा झंडों से पटा पड़ा है। रामनवमी पूजा कमेटी ने विश्रामपुर व रेहला शहर के हर गली कुच्चों को भगवा झंडों से पाट दिया है। वहीं गांवों में भी घर घर भगवा झंडा लहरा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के सभी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। जिससे पूरा क्षेत्र ही भक्तिमय हो गया है। रेहला में जुलूस 17 अप्रैल को निकलेगा। वहीं विश्रामपुर मे वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार जुलूस 18 अप्रैल दसवीं को निकलेगा। भव्य जुलूस निकालने की पूरी तैयारी पूजा कमेटियों द्वारा पूरी कर ली गई है। जुलूस में राम दरबार, बानरी सेना सहित कई आकर्षक झांकी भी निकाली जायेगी। इधर विश्रामपुर और रेहला पुलिस भी रामनवमी को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है।

# पलामू का हिंदू मुस्लिम एकता देश के लिए मिसाल : मुमताज खान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी ने एकता का मिशाल पेश किया
- महावीर नवयुवक दल को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** समाज में हिंदू मुस्लिम एकता को लेकर लोगों के बीच कई भ्रांतियां होती है। जिसे लेकर प्रशासन भी किसी त्योहार को शांतिपूर्वक कराने के लिए जी तोड़ प्रयास करती है। लेकिन पलामू जिला मुख्यालय में हिंदू मुस्लिम एकता का जो अकाट्य प्रेम है वह किसी भी समाज नहीं बल्कि भारत के लिए एक मिसाल है। जब मुस्लिम समुदाय का मुहर्रम आता है तो उन्हें हिंदू समुदाय जोशो खरोश के साथ सम्मान देता है। जब हिंदू समुदाय का पर्व रामनवमी आता है तो उसमें मुस्लिम समाज के द्वारा उसी उत्साह के साथ सम्मान देने का कार्य किया जाता है। इसी के तहत रामनवमी पूजा के दौरान मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी जेनरल के खलीफा सहरयार अली के तत्वावधान में शहर थाना परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# आग लगने से पांच एकड़ खेत की गेंहू जली, भारी नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- चार किसान के लाखों लाख का नुकसान



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के झारखण्ड बिहार सीमा स्थित पोलडीह गांव में गेंहू के खेत में अचानक आग लग गयी। इस घटना में चार किसान के करीब पांच एकड़ जमीन में गेंहू की फसल पूरी तरह जल कर राख हो गयी। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे पोलडीह गांव के नदी उस पर खेत से धुआं व आग उठने लगा जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे बुझाने के लिए दौड़े, तबतक आग काफी तेजी से हवा की गति से बढ़ता जा रहा था। ग्रामीणों के सूचना के बाद पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्न सिंह ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग व एसडीओ पीयूष सिन्हा को दिया। ग्रामीणों के साथ मिल कर आग को कड़ी मसक्कत से बुझाया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करे पुलिस : सन्नी शुक्ला



**मेदिनीनगर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली पार्टी, भाजपा के नेता और मंडल अध्यक्ष महिलाओं का शोषण कर रहे हैं। मनातू में एक नाबालिक के साथ हुए दुष्कर्म करने वाले भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग झामुमो युवा मोर्चा पलामू के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की है। श्री शुक्ला ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसे गलत कार्य करने वाले व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे।

# सांसद ने पलामू में खींची विकास की एक लंबी लकीर: ललन पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने कहा कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक लंबी लकीर खींची है। उनका दस वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम रहा है। विकास की इस गति को और तेज करने हेतु जनता उन्हे फिर से मौका देगी। श्री पांडेय मंगलवार को विश्रामपुर मे पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने सांसद बी डी राम के दस वर्षों में विकास कार्यों को गिनाते हुए उनकी उपलब्धियां के बारे में बताया। कहा कि फोर लेन सड़क का निर्माण, बाइपास सड़क निर्माण हो या फिर ग्रामीण इलाकों में सड़कों का निर्माण हो, निवर्तमान सांसद ने इतिहास रचने का काम किया है। क्षेत्र के लोगों के मांगों के अनुरूप रेल यातायात सुविधा को भी बढ़वाया है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की राम दरबार की झांकी

- आधुनिक युग में भी श्रीराम के आदर्श है सर्वश्रेष्ठ : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**







दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य व शिक्षक और प्रस्तुत झांकी।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्रीराम नवमी के अवसर पर बच्चों ने राम दरबार का आयोजन किया। कक्षा प्री-नर्सरी से तृतीय तक के छात्र-छात्राओं ने राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमान का स्वांग स्वरुप में राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की। यह दृश्य बड़ा ही मनमोहक और आकर्षक प्रतीत हो रहा था। ऐसा लग रहा था, मानों हम सभी त्रेतायुग के अयोध्या नगरी के दर्शन कर रहे थे। इस अवसर पर श्रीराम के आदर्शों पर आधारित लघुनाटक व झांकी प्रस्तुत की गई। कक्षा बाहवीं के छात्राओं के द्वारा सुप्रसिद्ध गीत हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की तथा कौन कहते है भगवान आते नहीं प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विनम्रता, मयार्दा, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण संसार के सामने प्रस्तुत किया। अखिल विश्व में राम के आदर्शों की तुलना किसी भी व्यक्तित्व से नहीं की जा सकती। आधुनिक युग में भी श्रीराम के आदर्श सर्वश्रेष्ठ है। उनके आचरण का सतांश व्यवहार भी हम आत्मसात कर ले तो जीवन सफल हो जायेगा। विश्व भर से हिन्दू भक्त अयोध्या, सीतामढ़ी, रामेश्वरम तथा भद्राचलम में एकत्रित होकर हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर्व मनाते हैं। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक वृन्द उपस्थित थे।

# 19 से खिलायी जायेगी कृमि मुक्ति की दवा : डॉ राजेंद्र कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में मंगलवार को कृमि संक्रमण के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सभी स्कूल के पदाधिकारी शामिल थे। प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग बच्चों को कृमि से मुक्त करने के लिए 19 अप्रैल से कृमि से मुक्ति का अभियान चलायेगा और कृमि से मुक्ति की दवा खिलायी जायेगी। बीपीएम पंकज पांडेय ने बताया कि कृमि संक्रमण के दुष्प्रभाव से बच्चों में खून की कमी कुपोषण, मानसिक विकास में बदलाव सहित कई समस्या हो सकती है। अध्ययन से पता चला है कि कृमि संक्रमण से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति 25% तक कम हो जाती है इसलिए 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को फ्री में कृमि की दवा जरूर खिलायें। साथ ही सभी लोगों को बाथरूम के बाद, खाने से पहले, खाने के बाद, खेलने के बाद और पालतू जानवरों के संपर्क में आने बाद अच्छी तरह हाथ धोना बहुत जरूरी है। मौके पर, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज थामस, डॉ धीरज कुमार, सीआरपी कृष्णा कुमार साहू, प्रवेक्षिका गोनती कुमारी, पंकज सिंह, मिथलेश दुबे, पंकज कुमार, रवि कुमार, प्रणय रंजन सिंह, जलज तिवारी, उपेंद्र कुमार, रमेश कुमार, कर्मचंद कुमार उपस्थित थे।

# साहिबगंज : प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल रामनवमी शांतिपूर्वक मनाने की अपील की

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरहेट।** रामनवमी पर्व को लेकर बरहेट थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की है। वहीं फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीओ चोनाराम हेमब्रम ने किया। फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से निकलकर पूरे थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान सीओ चोनाराम हेमब्रम ने कहा कि रामनवमी पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकालकर स्थानीय लोगों में सुरक्षा का अहसास दिलाने का कार्य किया। आस पास मौजूद लोगों से कहा गया कि आप लोग अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगाये। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना प्रसासन को दे। अगर पर्व में उपद्रवियों के द्वारा विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश की जाती हो तो, उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि पर्व में सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। किसी प्रकार की कोई भड़काऊ पोस्ट करने पर बख्शा नहीं जाएगा।



## उधवा : पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



उधवा। मंगलवार को राधानगर थाना के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बीडीओ सह सीओ विशाल पांडे के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना मुख्यालय से फ्लैग मार्च निकाली गई। जो उधवा चौक, पाकीजा मोड़, जंगलपाड़ा, फुदकीपुर,मनिहारी टोला, कटहलबाड़ी, बेगमगंज, राधानगर, अमानत दियारा सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान विशाल पांडे ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की अफवाह हो तो पुलिस को तुरंत सूचना दे। पुलिस हमेशा आपके साथ है। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एसआई रूपेश कुमार यादव, एएसआई कार्तिक उरांव अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# बोकारो : परस्पर प्रेम व सौहार्द के साथ मनायें रामनवमी का त्योहार : उपायुक्त

जाधव ने रूटों की देख रेख हेतु ड्रोन सीसीटीवी कैमरा वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निर्देश दिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं जाने को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एसडीओ बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार उपाधीक्षक बोकारो सदर अस्पताल अरविंद कुमार एसी उत्पाद उमाशंकर सिंह डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त जाधव ने सभी लाइसेंसधारी एवं गैर लाइसेंसधारी अखाड़ों की जानकारी दोनों अनुमंडलाधिकारियों से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जाधव ने रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन सीसीटीवी कैमरा वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा। डीसी विजया जाधव ने जिलावासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाए जाने की अपील की।

## एक नजर में

### जगेश्वर में आयोजित यज्ञ समापन समारोह में शामिल हुए सुदेश एवं लम्बोदर महतो



बेरमो/ललपनिया। गोमया प्रखण्ड अंतर्गत जगेश्वर ग्राम मे चल रहे महायज्ञ हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में आजसू पार्टी अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो विशिष्ट आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो सोमवार देरशाम को शामिल हुए। उन्होंने जागरण की शुभारम्भ फीता काट कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभों का प्यार मुझे इतनी रात्रि को यहां खींच कर लाया है,आप सभों का भक्ति के प्रति प्रेम देखकर मेरा मन प्रसन्न हो गया है। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन होने से समाज में शांति आती है। इस तरह के आयोजन हर क्षेत्र में होने चाहिए।इसके पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने भगवान के आगे माथा टेका और राज्य की सुख शांति समृद्धि व उन्नति की मंगलकामना कि। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, आजसू युवा नेता आजसू पंकज चौधरी, इंद्रनाथ महतो, अरविंद करमाली, अनिल महतो,महेश महतो अमित कुमार, अरविंद महतो, बादल महतो, भास्कर महतो, दीपक सिंह, मदन महतो सहित जनप्रतिनिधिओ एवं लोग उपस्थित थे।

### चास रोटरी ने स्कूली बच्चों में वितरित किया खेल सामग्री



बोकारो। रोटरी क्लब चास की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री वितरित की गई। मौके पर रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है। सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप उषा कुमार कमल तनेजा अमन मल्लिक विपिन अग्रवाल नरेंद्र सिंह माधुरी सिंह किरण कुमार मुकेश केजरीवाल रितू केजरीवाल शैल रस्तोगी आदि की अहम भूमिका रही।

### साहिबगंज : स्वीप के तहत चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान



उधवा। मंगलवार को प्रखंड उधवा अंतर्गत स्वीप के तहत 4 मतदान केंद्र पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पंचायत उत्तर पियारपुर के मध्य विद्यालय,मतदान केंद्र संख्या 357 में स्वीप के बैनर तले चुनाव का पर्व, देश का गर्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे ने बताया की प्रखंड अंतर्गत 4 मतदान केंद्र जहां पिछले लोक सभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था, इसलिए इन सभी मतदान केंद्र में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जायेगा जिससे इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़े। वही नोडल निर्वाचन सह बीपीओ गगन बापू ने आम जनता से अपील की इस चुनाव के महापर्व में सब बढ़ चढ़ भाग ले। इस दौरान चुनाव संवाद, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, डम्मी ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया। अंत में ए ई आर ओ विशाल पांडे ने उपस्थित सभी लोगो को मतदाता का शपथ भी दिलाया। इसी प्रकार गंगा के टापू में स्थित मतदान केंद्र 347 बानू टोला, 371 में असराउल टोला और 368 पश्चिम प्राणपुर में सुपरवाइजर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीपीओ गगन बापू,स्वीप नोडल मो सोहर वर्दी, सुपरवाइजर मनोज कुमार, रतन मंडल, आनंद कुमार, बीएलओ मेमनारा खातून, सबनम प्रवीण, रेजिना बीबी, रूबीना खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

### चैत्र नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा मंडप में उमड़ी भीड़



बेरमो। पिछरी बस्ती स्थित सार्वजनिक बासंती दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा की गई। पुजारी आचार्य नरेश पांडेय व पवन पाठक ने मुख्य यजमान मुकेश मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन करवाया। उसके बाद श्रद्धालुओ ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की।नवरात्रि के महाअष्टमी को पिछरी स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में सुबह 8 बजे से ही श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ पड़ी। यहां माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की गई। मान्यता के अनुसार महाअष्टमी को सच्चे मन एवं विधि विधान से मां महा गौरी की पूजा अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### प्रकाश कुमार सिंह पर केस साजिश का हिस्सा : जयदेव राय, भाजपा बोकारो ज़िलाध्यक्ष



बेरमो। बेरमो विधान सभा क्षेत्र के भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन में प्राथमिकी दर्ज होने पर पार्टी नेताओं ने निंदा की है। भाजपा के जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि हमारी पार्टी के प्रकाश कुमार सिंह पर केस साजिश का हिस्सा है। साथ ही बेरमो की जनता भी यह देख रही है। आगामी बेरमो विधान सभा चुनाव में जनता इसका जवाब जरूर देगी। बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि सबसे पहले तो हमलोग वहा डॉक्टर बीआर अंबेडकर की जयंती मना रहे थे। उसी बीच चुनाव के संदर्भ में चर्चा हो गई। अब ऐसे में हमारी पार्टी के प्रकाश कुमार सिंह को साजिश के तहत फंसाया गया है। साथ ही राज्य सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधि के दबाव में ऐसा किया गया है। भाजपा के बेरमो विधान सभा प्रभारी लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि प्रकाश कुमार सिंह पर केस होना समझ से परे है। भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह ने कहा कि हमलोग डॉक्टर बीआर अंबेडकर जयंती मनाने जुटे थे, उसी दौरान चुनाव पर चर्चा हो गई। पार्टी के प्रकाश व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ढोरी स्टाफ क्वार्टर के प्रधानाचार्य पर केस ने आश्चर्यचकित कर दिया।

### साहिबगंज : सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स से संबंधित बैठक का आयोजन



साहिबगंज। समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में 'सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स' से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता करने के लिए किस प्रकार सोशल मीडिया से जुड़कर अधिक से अधिक लोगों को सोशल मीडिया से जोड़कर साहेबगंज जिला के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने से संबंधित चर्चा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरूण कुमार भोक्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसपीएल मार्टिन तारीक, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, विद्यालयों के प्राचार्य कला जगत से जुड़े लोग एवं विभिन्न संस्थाओं के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

### साहिबगंज : कई लोगों ने आजसू का दामन थामा



साहिबगंज। मंगलवार को आजसू कार्यालय साहिबगंज में आजसू जिला अध्यक्ष चतुरा नंद पांडे के नेतृत्व में कोदेपारा गांव के सैकड़ो युवाओं ने आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत पर अपनी सहमति जताते हुए आंजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें बुढ़ाना पहाड़िया पिलप पहाड़िया मनोज पहाड़िया दिलीप पहाड़िया विनोद पहाड़िया महिष पहाड़िया मास, पहाड़िया सूरज, पहाड़िया शुक्र पहाड़िया, लखन पहाड़िया, सामू पहाड़िया, बबलू पहाड़िया, मनोज पहाड़िया, जोसेफ पहाड़िया, बबलू पहाड़िया, पप्पू पहाड़ियां, सांचा पहाड़िया, मालिश पहाड़िया, छोटा सूरज पहाड़िया, बेंजामिन पहाड़िया, संजय पहाड़िया, राजेश पहाड़िया, अरुण पहाड़िया, सुनील पहाड़िया, मार्ग पहाड़िया, मैस पहाड़िया, दीपक माल्टो, सेट माल्टो इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महिला मोर्चा की जिला सचिव मेरी माल तो जिला कार्यकारी सदस्य रामप्रवेश यादव, जिला कार्यकारी सदस्य गोविंद पासवान, जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा आदि उपस्थित हुए।

## शिकारीपाड़ा : नक्सल प्रभावित इलाकों के बूथों का डीसी ने किया निरीक्षण, कहा

# सुरक्षा के होंगे चाक चौबंद इंतजाम

**प्रशासन काफी फूंक फूंक कर कदम रख रही है और किसी तरह की चूक होने नहीं देना चाहती है**



निरीक्षण करते उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे एवं अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचित पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को अपनी पूरी टीम के साथ शिकारीपाड़ा के नक्सल प्रभावित मतदान केदो का जायजा लिया। उपायुक्त दलदली और हीरापुर के सरकारी भवनों में बने पोलिंग बूथ पहुंचे और उसमें मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उनके साथ प्रशिक्षु आईएएस प्रांजल ढांढा, दुमका डीएफओ सात्विक, एसडीओ अजय कुमार रजक, शिकारीपाड़ा के सीओ कपिल देव ठाकुर , बीडीओ एजाज आलम, थाना प्रभारी हरि प्रसाद साह सहित कई अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त ने नक्सल प्रभावित इन बूथों पर वोटिंग से संबंधित सभी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया। हम आपको बता दें कि इसी शिकारीपाड़ा के सरसाजोल इलाके में 2014 के लोकसभा चुनाव में नक्सलियों में पोलिंग पार्टी को अपना निशाना बनाया था। नक्सलियों ने चुनाव कराकर लौट रहे मतदान कर्मियों की बस को बम से उड़ा दिया था और जब वे घायल हो गए थे तो उन पर जमकर गोलियां बरसाई थी । इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गये थे ।इस घटना को भले ही 10 वर्ष हो चुके हैं पर लोगों के जेहन में आज भी ताजा है। ऐसे में प्रशासन काफी फूंक फूंक कर कदम रख रहा है और किसी तरह की चूक होने नहीं देना चाहता है। उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षा के दुरुस्त इंतजाम होंगे ताकि किसी तरह की अनहोनी नहीं हो।

# एनएसएस इकाई 3 ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते एनएसएस स्वयंसेवक

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय में प्राचार्य उदय प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 की ओर से कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को रानेश्वर बाजार मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ रूपम कुमारी ने कहा की भारत में लोकतंत्र का अर्थ जनता का शाषण है। 18 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी इच्छानुसार अपने शाषक को चुन सकता है। बाजार में उपस्थित लोगो को मतदान करने हेतु जागरूक किया है। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका ने बीडीओ बनाकर मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर स्वयंसेवक खुशी मंडल, विजय कुमार यादव, राहुल सेख, ललिता किस्कू, रिया दास, कल्पना मोहली, चमेली कुमारी, मोनिका टुडू, सुमन कुमारी, अल्पना टुडू आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### नर्सिंग की छात्राओं के शपथ ग्रहण में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रही धूम



बोकारो। बोकारो जनरल हॉस्पिटल में जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ बीबी करुणामय द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद नीलिमा कुमारी प्रिंसिपल स्कूल ऑफ नर्सिंग और नर्सिंग अधीक्षक लिजी वर्गीज द्वारा जीएनएम की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। मौके पर डॉ श्रवण कुमार डॉ इंद्रनील चौधरी डॉ वर्षा घाणेकर और डॉ सोफिया अहमद स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं के साथ अन्य वरिष्ठ डॉक्टर और स्टाफ नर्स भी उपस्थित थे।

### डेयरी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा के साथ छेड़खानी, गिरफ्तार

सरैयाहाट। हंसडीहा स्थित फूलों झानो मुर्मू दुग्ध प्रौधोगिकी महाविद्यालय के छात्र वसीम अकरम को पुलिस ने छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उक्त छात्र पर इसी कॉलेज की एक छात्रा ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए हंसडीहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा के द्वारा दिये हुए आवेदन में बताया गया है कि 14 अप्रैल को वे अपने कॉलेज के सहपाठी वसीम अकरम के साथ रांची रेलवे स्टेशन से गोड्डा इंटरसिटी ट्रेन पर सवार होकर हंसडीहा आ रही थी। इसी बीच रात में जब वे सो गई तो उसके साथ ट्रेन में सफर कर रहे छात्र ने छेड़खानी की। हॉस्टल पहुंचने के बाद छात्रा ने सारी बात हॉस्टल के दोस्त एवं अपने माता पिता को बताई। मंगलवार को छात्रा के माता पिता के हंसडीहा पहूंचने बाद छात्रा के द्वारा हंसडीहा थाना में आरोपी छात्र के खिलाफ छेड़ छाड़ का आवेदन दिया गया। आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### साहिबगंज : आपसी नोक झोंक में महिला की हुई मौत, केस दर्ज

बरहेट। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोडबान्ध पंचायत स्तिथ बाघमारा चांदू टोला में एक अधेड़ महिला का हत्या अपने ही रिश्तेदार द्वारा करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जाबकारी के अनुसार सोमवार के शाम बड़का मुर्मू के घर डुग्गू बथान से कुछ मेहमान आए थे। बड़का और उसकी जेठ सास संझलि के बीच में खाने-पीने के दौरान कहा सुनी होने लगी। बड़कामुर्मू ने उसे चुप रहने को कहा लेकिन वह नहीं मान रही थी इसके बाद मेहमान चले गए और संझली और बड़का के बीच कहा सुनी होते रहा। इसी क्रम में बड़का ने संझली का मुंह दबाया इसी में संझली का गला दब गया जिससे उसकी मौत हो गई।

### एमबीए और एमसीए सेमेस्टर-1 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने एमबीए और एमसीए सेमेस्टर-1, सत्र-2023-25 के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी 25 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से कर सकते है। परीक्षा प्रपत्र भरने के बाद परीक्षार्थी को फॉर्म का हार्ड कॉपी संबंधित कॉलेज में 2 मई तक मे जमा कर सकतें है। उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से डाऊनलोड किया जा सकता है।

# मंजूरा में सरहुल महोत्सव में कुड़माली सरहुल गीत झूमर की रही धूम

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो/कसमार।** मंजूरा में आयोजित प्रकृति का महा परब सरहूल पूजन महोत्सव के दरम्यान सुबह सरना स्थल में जेहरा थान में नेइया जानकी महतो गुलिआर के द्वारा नेग नियम के अनुसार संपन्न हुआ। तदोपरांत शाम को मंजूरा के राजा थान के समीप रात भर भव्य कुड़मालि सरहुल गीत झूमर व पांता नाच पर ग्रामीण झूमते रहे। सरहुल महोत्सव में युवा शिल्पी राजदूत महतो तथा प्रसिद्ध लोक गायिका ममता महतो की अलग अलग टीमों ने रात भर ग्रामीणों के बीच कुड़मालि सरहुल गीत झूमर व पांता नाच प्रस्तुत किया। कुड़मि समाज के शोधकर्ता दीपक पुनअरिआर सुरेश बनुआर द्वारा कुड़मि समाज का इतिहास प्रथाएं व परंपराओं के बारे विस्तृत व्याखान दिया गया। आयोजन कमिटी के सदस्य मिथिलेश महतो केटिआर प्रवीण केसरिआर भागीरथ बंसरिआर सदानंद गुलिआर जानकी गुलिआर पियूष बंसरिआर सहदेव झारखंडी उमेश केसरिआर अखिलेश केसरिआर सुभाष हिंदइआर बालेश्वर पुनरिआर मुरली जालबानुआर शांती गुलिआर रंजीत गुलिआर निरंजन केसरियार उमेश जालबानुआर मुकुंद केसरियार विश्वनाथ केसरियार राजकिशोर केसरियार टुपकेश्वर केसरियार कमल जालबानुआर सुनील केसरिआर संजय पुनरिआर उमेश केसरियार अखिलेश्वर केसरियार अमरनाथ गुलिआर ज्ञानी गुलिआर दशरथ गुलिआर प्रकाश केसरियार भागीरथ केसरियार कुलेश्वर केसरियार रामबृक्ष केसरियार रामानंद महतो बहादुर केसरियार दिलीप केसरियार सुदेश केटिआर आदि तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसपी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

## बेहतर करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मतदाता जागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए एसपी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय मतदाता कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम इतिहास विभाग और एनएसएस इकाई 2 के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित हुई थी। इस कार्यक्रम में छात्रों और सम्मानित अतिथियों दोनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ अब्दुल सत्तार और एनएसएस समन्वयक डॉ धनंजय मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से स्वीप गतिविधियों के प्रभारी भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रांजल ढाढ़ा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर और स्वतंत्रता सेनानी फुलो-झानो के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ केपी ने यादव ने कहा कि मतदान की जरूरत बताई और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। एनएसएस समन्वयक डॉ मिश्र ने मुख्य रूप से प्रत्याशियों से वोटर कार्ड बनवाकर मतदान करने की अपील की। प्रभारी कुलसचिव डॉ. अब्दुल सत्तार ने छात्रों को मतदान के महत्व को समझाते हुए संविधान के अनुसार प्रदत्त शक्तियों को बताया। कार्यक्रम में प्रषिक्षु आईएएस अधिकारी प्रांजल ढाढ़ा ने हर एक वोट के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव जैसे अवसर दुर्लभ हैं और इनका लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के रूप में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान हुई है। छात्रों को वोट डालने की प्रक्रिया पर सलाह देते हुए मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने पर मार्गदर्शन दी। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने मतदान के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। मंच संचालन एनएसएस इकाई 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुमित्रा हेम्ब्रम ने किया। सर्वश्रेष्ठ नारा, एनएसएस यूनिट 2 द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में भागीदारी और 12 एनएसएस यूनिट 2 स्वयंसेवकों द्वारा सरुआ ग्राम पंचायत में एक विशेष शिविर के दौरान रक्तदान के प्रयासों सहित उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गया।

# चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में जीते अंतरराष्ट्रीय पदक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्र श्रीवत्स चटर्जी सौम्य साकेत ओम दिव्यदर्शी निशांत राज आदित्य नारायण सिंह आयुष तिवारी एवं शिवांश कुमार ने विभिन्न विषयों के ओलंपियाड में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडलों की झड़ी लगा दी है। विभिन्न छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन ऑफ कंप्यूटर ओलिंपियाड में रैंक वन इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में जोनल रैंक वन इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में सिल्वर मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल एवं इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ संस्कृत ओलंपियाड में गोल्ड मेडल लाकर अपनी अनोखी प्रतिभा का परिचय दिया है। नौवीं कक्षा के छात्र ओम दिव्यदर्शी ने सिल्वर और ब्रांड मेजर जीते। निशांत राज नवमी के छात्र ने भी दो सिल्वर मेडल आदित्य नारायण सिंह ने एक सिल्वर दो ब्रॉन्ज मेडल आयुष तिवारी सिल्वर मेडल एवं शिवांश कुमार ने स्वर्ण पदक जीते। प्राचार्य सूरज शर्मा को भी उनके विशिष्ट योगदान के लिये फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सम्मानित किया। अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शरीर पर लोहे का हुक फंसाकर 50 फीट ऊपर भोक्ता खूंटे पर झुले



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के कुलागुजु पिरगुल मधुकरपुर दुगार्पुर मंजूरा बगदा अजैया एवं सिंहपुर मे भोक्ता पर्व चड़क पूजा धूमधाम के साथ समापन हो गया। सुबह दर्जनों भोक्तियाओ बुढा बाबा के प्रति श्रद्धा दिखाते हुए दहकते अंगारों पर चलकर उसके बाद अपने शरीर के पीठ पर छेद कर भक्तिया ने लगभग 50 फीट ऊपर भोक्ता खूंटे मे लोहे के हुक के सहारे घूमने की विधि पूरी की। सिंहपुर बुढ़ाबाबा मढप थान में उपवास रख भक्तो ने सायर बांध मे स्नान किया। इसके बाद बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना की। कहीं भक्त ध्यान लगाकर बुढ़ा बाबा भजी नाथ भै कर रहे थे तो कहीं लोग बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना मे लीन दिख रहे थे। सिंहपुर बुढ़ाबाबा मढप थान मे पूजा अर्चना के लिए झारखंड बंगाल व बिहार के अलावे कई अन्य राज्यों व जिलो से हजारों की संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालुओं ने दूध व जल से बुढ़ा बाबा पर जलाभिषेक किया।

## जीएसटी में सुधार

बीते दशक के सबसे महत्त्वपूर्ण सुधारों की बात करें तो वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार उनमें से एक है। बहरहाल, कई वजहों से इसका प्रदर्शन शुरूआती अनुमानों की तुलना में कमजोर रहा और अर्थव्यवस्था को इससे उतना लाभ नहीं मिला जितनी कि कल्पना की जा रही थी। इसमें बहुत सुधार की गुंजाइश है। जीएसटी से जुड़े निर्णय यद्यपि जीएसटी परिषद लेती है लेकिन अगली केंद्र सरकार चाहे जिस दल या गठबंधन की हो, उसे लंबित सुधारों को गति देनी चाहिए। उसे जीएसटी 2.0 के तहत न केवल कर संग्रह बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए बल्कि समग्र अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में सुधार करना चाहिए जिससे देश में कारोबारी सुगमता बढ़े। वर्ष 2023-24 में समग्र जीएसटी संग्रह में 11.7 फीसदी का सुधार हुआ और यह 20.18 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार यह संग्रह जीडीपी का 6.86 फीसदी था। शुद्ध रिफंड की बात करें तो संग्रह जीडीपी के 6.13 फीसदी तक रहा जो पिछले वर्ष से बेहतर है। बहरहाल, राजस्व संग्रह का आकलन जीएसटी समेत सभी करों के आधार पर होना चाहिए। कर से होने वाला सामान्य सरकारी राजस्व संग्रह जीएसटी में शामिल होने के बाद 2016-17 में जीडीपी का 6.3 फीसदी रहा। वर्तमान प्रदर्शन अधिक निराश करने वाला होगा, अगर उपकर को इससे बाहर कर दिया जाए। रिफंड और उपकर को हटा दें तो जीएसटी संग्रह जीडीपी के छह फीसदी के नीचे आ जाएगा। दरों की बहुलता ने कई भ्रम पैदा किए। कई मामलों में शुल्क उलट दिया गया जिससे राजस्व वर्षों तक प्रभावित हुआ। जीएसटी की शुरूआत में जो प्रभावी औसत दर 14.4 फीसदी थी वह 11.6 फीसदी रह गई। चुनाव में गंभीर आर्थिक मसले मुद्दें नहीं बनते लेकिन सुधार से ही समाज के हर वर्ग का विकास संभव है।

## बेहतर मानसून

भारत में मानसून की स्थिति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (क्टऊ) ने आज यानी 15 अप्रैल को इस साल के दक्षिण-पश्चिम मानसून का पहला पूर्वानुमान जारी किया। क्टऊने अपनी अनुमान में बताया कि भारत के ज्यादातर इलाकों में चार महीने के मानसून सीजन के दौरान लॉन्ग टर्म एवरेज की 106 प्रतिशत बारिश होगी। साल 1951 से 2023 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में उन नौ मौकों पर सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश दर्ज की गई, जब अल नीनो के बाद ला नीना की स्थिति बनी।भारत में अच्छे मानसून से संबंधित ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर तक एक्टिव होने की संभावना है। मृत्युंजय ने कहा कि इस समय मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। क्टऊका अनुमान है कि मानसून का मौसम शुरू होने तक यह सामान्य हो जाएगा। इसके बाद ला लीना की स्थिति अगस्त-सितंबर तक आ सकती है।अपने मौसम पूर्वानुमान में बताया कि उत्तर-पश्चिम , पूर्व और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है।दक्षिण-पश्चिम मानसून का भारत की सालाना बारिश में करीब 70 फीसदी योगदान होता है, जो खेती-किसानी यानी कृषि क्षेत्र के लिए काफी अहम होता है। गौरतलब है कि भारत की ऋछ्ब में कृषि क्षेत्र का करीब 14 फीसदी योगदान है। यानी अगर सही सीजन में बेहतर बारिश होती है तो भारत को अर्थव्यवस्था में मदद मिलेगी क्योंकि जीडीपी ग्रोथ भी और अधिक बढ़ सकती है। दीर्घकालिक बारिश के पूर्वानुमान 1971 से लेकर 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के आधार पर जताए गए हैं। 1 जून से लेकर 30 सितंबर तक देशभर में कुल बारिश औसतन 87 सेंटीमीटर हो सकती है। निश्चित ही यह देश के लिये एक सकून का वर्ष होगा।

# बैंक राष्ट्रीयकरण पूरा कर चुका है अपना लक्ष्य






- तमाल बंधोपाध्याय

> तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 19 जुलाई, 1969 को राष्ट्र के नाम संबोधन में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की घोषणा की थी। इसके बाद उसी मध्य रात्रि 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। उस समय इनमें प्रत्येक बैंक के पास कम से कम 50 करोड़ रुपये जमा रकम थी। इसके बाद 1980 में छह से अधिक व्यावसायिक बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इनमें प्रत्येक बैंक के पास 200 करोड़ रुपये से अधिक जमा रकम थी।

भारत सरकार ने 1969 में देश के बैंकिंग उद्योग के लिए एक बड़ा कदम उठाया था। अब पांच दशक से कुछ अधिक समय बीतने के बाद कई लोग यह प्रश्न पूछने लगे हैं कि क्या वह भारतीय वित्तीय प्रणाली के लिए एक वाकई क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला कदम था? तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 19 जुलाई, 1969 को राष्ट्र के नाम संबोधन में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की घोषणा की थी। इसके बाद उसी मध्य रात्रि 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। उस समय इनमें प्रत्येक बैंक के पास कम से कम 50 करोड़ रुपये जमा रकम थी। इसके बाद 1980 में छह से अधिक व्यावसायिक बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इनमें प्रत्येक बैंक के पास 200 करोड़ रुपये से अधिक जमा रकम थी।

तब से बैंकिंग उद्योग आगे बढ़ता गया। जून 1969 में देश में 73 व्यावसायिक बैंक थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 94 हो गई है। इनमें लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक भी शामिल हैं। हालांकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक (लोकल एरिया बैंक) इनका हिस्सा नहीं हैं। बैंक शाखाओं की संख्या भी 8,262 से बढ़कर 1,58,373 हो गई है। जून 1969 में 1,833 ग्रामीण, 3,342 अर्द्ध शहरी, 1,584 शहरी और 1,503 महानगरीय शाखाएं थीं। अब क्रमशः इनकी संख्या बढ़कर 52,773, 43,683, 30,638 और 31,279 हो गई हैं। 1969 में 64,000 लोगों पर एक बैंक शाखा थी लेकिन अब यह अनुपात प्रति शाखा 9,500 हो गया है।

जून 1969 में बैंकों का कुल जमा आधार 4,646 करोड़ रुपये था और ऋण खाता 3,599 करोड़ रुपये था। जून 2021 तक जमा आधार बढ़कर 153 लाख करोड़ रुपये और ऋण खाता बढ़कर करीब 108.5 लाख करोड़ रुपये हो गए हैं। पिछले कुछ वर्षों से साार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की चर्चा चल रही हैं क्योंकि उनमें कुछ की वित्तीय सेहत डगमगा गई है। पहली बार फरवरी 2021 के केंद्रीय बजट में दो ऐसे बैंकों के निजीकरण की चर्चा हुई। हालांकि सरकार आईडीबीआई बैंक के निजीकरण करने की योजना का खुलासा पहले ही कर चुकी है।

आईडीबीआई बैंक के निजीकरण पर काम चल रहा है और इस पर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि दो अन्य बैंक कौन हैं जिनका निजीकरण किया जाएगा। निजीकरण प्रक्रिया की तरफ बढ? के साथ ही कई बैंकों का एकीकरण भी हुआ है और अब 2017 से 2020 के बीच इनकी संख्या कम होकर 27 से केवल 12 रह गई है।

वित्त सचिव टी वी सोमनाथन के बयान से बैंक निजीकरण पर चर्चा और तेज हो गई है। पिछले दिनों एक कार्यक्रम में सोमनाथन ने कहा था कि सरकार अंततः सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों का विलय कर देगी और एक नीति के तौर पर इन पर न्यूनतम नियंत्रण ही रखेगी। हालांकि उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं और उनके बयान को भारत सरकार का आधिकारिक रुख नहीं माना जाना चाहिए।

सन 1969 से पहले भी बैंकों के राष्ट्रीयकरण की पहल की गई थी। 1963 में इस संबंध में एक अध्यादेश तैयार किया गया था और इसके तहत पांच बड़े सरकारी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना था। राजनीति के अलावा बैंक राष्ट्रीयकरण के पीछे दूसरे कई कारण भी थे। दूसरे विश्व युद्ध के बाद कई बैंक धराशायी हो गए क्योंकि वे कयास के आधार पर विभिन्न गतिविधियों के लिए रकम दे रहे थे।

आरबीआई 300 से अधिक बैंकों के नियमन एवं निगरानी से जूझ रहा था। इनमें कई बैंक उद्योग एवं कृषि को वित्त मुहैया कराने के लिए तैयार नहीं थे और उन्होंने केवल व्यापार के लिए ऋण आवंटित किए।

सन 1960 में जब पलाई सेंट्रल बैंक और लक्ष्मी कमर्शियल बैंक धराशायी हो गए तो आरबीआई ने इनके उद्धार के लिए बड़े स्तर पर एकीकरण अभियान शुरू किया। इससे 1965 तक बैंकों की संख्या कम होकर 94 रह गई जो 1960 में 328 थी। बैंकों के राष्ट्रीयकरण से बैंङ्कषकग सेवाएं देश के सुदूर क्षेत्रों तक ले जाने और अधिक से अधिक लोगों को इसके दायरे में लाने में मदद मिली। अब इस रुख में बदलाव करने की जरूरत है। इसकी वजह यह नहीं है कि कुछ बैंकों की सेहत अच्छी नहीं है। इसकी वजह यह है कि कमजोरी तो लक्षण मात्र है, दरअसल हमें बीमारी दूर करनी होगी।

राष्ट्रीयकरण के बाद सरकार ने वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) का गठन किया जिससे साबित हो गया कि बैकों के परिचालन में सरकार अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर वाई वी रेड्डी इसे संयुक्त परिवार रणनीति कहते हैं। बैंक, सरकार और आरबीआई 'हिंदू अविभाजित परिवार' का हिस्सा बन गए जिसमें किसी को पूरी तरह नहीं मालूम था कि दूसरा क्या कर रहा है। रेड्डी ने नवंबर 2000 में अपने एक भाषण में कहा कि वे सभी जनता की सेवा कर रहे थे। आरबीआई के एक और गवर्नर रघुराम राजन ने डीएफएस बंद करने तक की सलाह दे डाली।

अगर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक लोगों की सेवा का राजनीतिक माध्यम हैं तो उन्हें कारोबारी इकाई के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।

सरकार यह जानती है और यहां तक कि बैंक और उनके ग्राहक भी यह बात समझते हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार को कारोबार में नहीं उतरना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उद्यम एवं कारोबारों को समर्थन देना सरकार का कत्तव्य है लेकिन उनका मालिकाना हक भी वह अपने पास रखे यह जरूरी नहीं है। बैंक राष्ट्रीयकरण अपना लक्ष्य पूरा कर चुका है। अब आगे बढ? का समय है और लोगों की सेवा करने के लिए सरकार को कुछ ही बैंकों पर अपना स्वामित्व रखना चाहिए।

### खास बात

## नारी की छवि

**पुष्पा**

**जब** आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दशार्ने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निमार्ताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। जुलाई 2018 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैकेनिकल एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

**भारत** अपने 80 करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त आनाज उपलब्ध करा रहा है, उद्देश्य कोई भारतवासी भूखा न रहे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मुफ्त में प्रति माह, प्रति व्यक्ति 5 किलो खाद्यान्न दिया जा रहा है।

**- अर्जुन मुंडा, केन्द्रीय मंत्री**

### आपके ट्वीट

हनुमान सर्वथा संकट मोचक व सज्जनों के प्रतिपालक हैं ।जिन की कृपा आशीष-अनुग्रह से दुर्गम सुगम,असाध्य साध्य व असंभव संभव बन जाता है,ऐसे मोक्ष-प्रदाता हनुमान के प्राकट्य दिवस पर अनेक शुभेच्छा।

**-स्वामी अवधेशानंदगिरी**





कौन होता है दोस्त? दोस्त वो जो बिन बुलाये आये, बेवजह सर खाये,जेब खाली करवाये, कभी सताए, कभी रुलाए, मगर हमेशा साथ निभाए! ईश्वर जिन्हें खून के रिश्ते में बांधना भूल जाता है, उन्हें दोस्त बना देता है! **- अनुपम खेर**

# लखनऊ के आदित्य ने किया यूपीएससी में टॉप,टॉपर दस में पांच लड़कियां

### सफलता



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने बहुप्रतीक्षित सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2023 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिन उम्मीदवारों ने व्यक्तित्व परीक्षण में भाग लिया था, वे अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। यूपीएससी सीएसई परीक्षा 2023 के परिणाम जारी हो गए हैं इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया हैक जबकि टॉप-10 में 5 लड़कियों ने अपनी जगह बनाई है।

संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव का पहला स्थान आया है जबकि दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान जबकि तीसरे स्थान पर डोनुरु अनन्या रेड्डी और चौथे, पांचवे पर पी के सिद्धार्थ रामकुमार और रूहानी रहीं हैंकइस बार टॉप 10 में 5 लड़कियां ने अपनी जगह बनाई हैक

आदित्य श्रीवास्तव लखनऊ के रहने वाले हैं और इन्होने अपनी पढाई लखनऊ के प्राइवेट स्कूल उटर की अलीगंज ब्रांच से की है। पिछले साल आदित्य की 216 रैंक थी। अभी हैदराबाद की पुलिस ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आदित्य ने 2014 में 12वीं की परीक्षा 95.4% अंक के साथ पास की थी।इन्होंने आईआईटी कानपुर से बी.टेक और एम.टेक डिग्री हासिल की। आईआईटी के बाद, श्रीवास्तव ने गोल्डमैन सैक्स में 15 माह काम किया है।

इस समर्पण और दृढ़ता के साथ-साथ उनके परिवार (उनके पिता, अजय श्रीवास्तव, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक में एक सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी हैं) के समर्थन ने निस्संदेह उन्हें 2023 में शीर्ष रैंक तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र के साथ दूसरी रैंक हासिल की। दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में कला स्नातक (ऑनर्स) की डिग्री हासिल करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी अपने वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

कुल 1,016 उम्मीदवारों (664 पुरुष और 352 महिलाएं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की है और आयोग द्वारा विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनकी सिफारिश की गई है। अंतिम रूप से योग्य उम्मीदवारों में शीर्ष पांच में तीन पुरुष और दो महिला उम्मीदवार शामिल हैं। पी के सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी को सिविल सेवा परीक्षा में क्रमशः चौथी और पांचवीं रैंक मिली है। त्रिवेन्द्रम के कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर से आर्किटेक्चर में स्नातक रामकुमार ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान के साथ चौथी रैंक हासिल की।

सिविल सेवा परीक्षा 2023 के परिणामों के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में कला स्नातक (ऑनर्स) रुहानी ने वैकल्पिक विषय के रूप में अर्थशास्त्र के साथ पांचवीं रैंक हासिल की। शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष शामिल हैं आईएएस, आईएफएस और आईपीएस समेत 1143 वैकेंसी के लिए 1016 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सिफारिश की गई है. इसमें 347 जनरल कैटेगरी के हैं. जबकि 115 इडब्लूएस, 303 ओबीसी, 165 एससी, 86 एसटी कैटेगरी के हैं. नोटिफिकेशन के अनुसार 355 अभ्यर्थियों का रिजल्ट प्रोविजनल रखा गया है।

# आखिर कब तक नशीले पदार्थ से देश होगा बर्बाद

### समस्या

**तनवीर जाफरी**

**सुशांत** की मौत 'हत्या नहीं बल्कि आत्महत्या थी', जांच एजेंसियों के इस निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद इसी विषय से जुड़ी इससे भी बड़ी बहस इस बात को लेकर छिड़ी कि क्या फिल्म जगत, ड्रग एडिक्ट्स या नशेड़ियों का अड्डा है?

इस विषय पर होने वाली चीख-चिल्लाहट केवल मीडिया पर टी आर पी रेस के लिए होने वाली चटकारेदार बहस तक ही सीमित नहीं रही बल्कि यह विषय संसद में भी गूंजता सुनाई दिया। इसका कारण यह था कि अभिनेत्री कंगना रणौत ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मी पार्टियों में ड्रग्स के कथित इस्तेमाल को लेकर फिल्म उद्योग की तुलना 'गटर' से कर डाली थी। कंगना ने अपने एक इंटरव्यू में 99 प्रतिशत बॉलिवुड स्टार्स के ड्रग्स सेवन में शामिल होने का दावा किया था। इसके जवाब में राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा था कि , 'जिन लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री से नाम कमाया, वे इसे 'गटर' बता रहे हैं? मैं इससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं।' मैं सरकार से अपील करती हूं कि वो ऐसे लोगों से कहे कि इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करें।'

यहां कुछ लोग हैं जो 'जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं।' कुल मिलाकर ड्रग्स व नशे की दुनिया से संबंधित यह बहस टी वी व मीडिया के माध्यम से इधर उधर जरूर घूमती रही परन्तु इस बहस में छुपी सच्चाई को उजागर करने का काम न तो किसी प्रोपेगैंडिस्ट मीडिया ने किया न ही स्वयं को सत्यवादी कहने वाले बहस के अनेक प्रतिभागियों ने। आइये ड्रग्स या नशे से जुड़े कुछ ऐसे ही अनछुए पहलुओं पर नजर डालते हैं।

वैसे तो ड्रग्स का शाब्दिक अर्थ दवा या औषधि ही होता है। पहले दवाइयों की दुकानों पर लगने वाले बोर्ड्स पर लिखा होता था 'केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट'। परन्तु धीरे धीरे 'ड्रग्स' शब्द को नशे और नशेड़ियों से जोड़ दिया गया। समाज के ही न जाने किस तथाकथित 'अधिकृत वर्ग ' ने शराब का नशा करने वालों को तो नशेड़ी या ड्रग एडिक्ट्स की श्रेणी में नहीं रखा परन्तु गांजा,भांग,अफीम,चरस आदि का सेवन करने वालों पर नशेड़ियों का लेबल लगा दिया।गोया शराब पीने वाला शराबी नहीं कहलाता बल्कि वह शराब का 'शौक फरमाता है' परन्तु जो गांजा,भांग अफीम या चरस का सेवन करता है तो वह कानून की नजरों में अपराधी तो है ही साथ ही वह गंजेड़ी,भंगेड़ी,अफीमची या चरसी जैसी उपाधियों का भी हकदार है। जरा इन्हीं 'नीति निमार्ताओं' से पूछिए कि यदि शराब पीने में कोई बुराई नहीं या यह विश्व की सर्वमान्य मुख्यधारा से जुड़ा 'सोमरस' है तो क्या वजह है कि इस 'मय मुबारक' को गुजरात,बिहार,मिजोरम,नागालैंड, लक्षद्वीप तथा मणिपुर के कई क्षेत्रों में इसकी बिक्री,सेवन व व्यवसाय प्रतिबंधित है ?

जाहिर है बिहार जैसे विशाल राज्य में शराब पर प्रतिबंध लगाने के समय से लेकर अब तक इससे जुड़े जिस मुद्दे को सत्ता द्वारा अपने राजनैतिक लाभ के लिए उठाया जाता है वह यही है कि शराब लोगों को बर्बाद कर रही थी,लोगों के घर उजाड़ रही थी, लोगों के स्वास्थ्य तथा उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डाल रही थी। गोया सरकार के अनुसार जनता के परिवार कल्याण व उनके उज्जवल भविष्य के मद्देनजर राज्य में शराब बंदी की गयी थी ।जाहिर है शराब बंदी वाले अन्य राज्यों के भी निश्चित रूप से यही तर्क होंगे।

# शिव शक्ति

### धर्म-प्रवाह

**बीएन पाण्डेय**

**मां दुर्गा** की उत्पत्ति के संदर्भ में शिव पुराण के अनुसार आदि देव शिव ने लीला शक्ति से अपने आकार यानी मूर्ति की कल्पना की, उसके पश्चात उन्होंने अपने ही विग्रह से एक स्वरूप मूर्त शक्ति की रचना की, जो परा शक्ति की प्रधान, प्रकृति, माया, बुद्धि तत्व की जननी तथा विकार रहित थी। शिव की यही शक्ति अंबिका कहलायी जिसे पार्वती, शिवा, उमा, शैल, तनुजा, शक्ति आदि नामों से पुकारा गया।

देवों के तेज का एकाकार रूप

मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य के अध्याय-2 के अनुसार महिषासुर वध के लिए देवी प्रकट हुईं। सबसे पहले भगवान विष्णु के मुखमंडल से एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा एवं शिव आदि देवताओं के शरीर से एक तीव्र तेज निकला, जो मिलकर एकाकार हो गया। उसके पश्चात वह एकाकार रूप एक नारी रूप में परिवर्तित हो गया। उस नारी स्वरूप को शिव के तेज से मुख, यमराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्ष, इंद्र के तेज से कटि प्रदेश, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से उंगलियां, कुबेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र और वायु के तेज से कान उत्पन्न हुए। दुर्गा सप्तशती के अनुसार इस नारी स्वरूपा दुर्गा को असुरों के साथ होने वाले महासंग्राम में विजयश्री प्राप्ति हेतु भगवान शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने चक्र, वरुण देव ने शंख, पवन देव ने धनुष बाण और तरकश हैं।

### कॉर्टून वर्ल्ड

**युद्ध संगीत...**



साभार कॉर्टून मूववेंट

### लेटर टू एडीटर

## प्रतिभा पलायन रुके

**चुनाव** का मौसम आते ही राजनीतिक दल जन साधारण का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसे-ऐसे मुद्दे लाते हैं जो मतदाताओं को भ्रमित करते हैं। देश के आम चुनाव में चुनावी मुद्दे जनसाधारण की समस्याएं होनी चाहिए, जो उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं। आज के मेधावी युवा देश से विदेश में पलायन कर रहे हैं।

**- शिव कुमार, हजारीबाग**

## चुनावी मुद्दें

**आज** चुनाव आकर्षक वादों और आधारहीन दावों के बल पर लड़ा-लड़ाया जा रहा है। जनता से जुड़े मुद्दों को नजरंदाज कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। मतदाता को राजनीतिक दलों से उनके दावों और वादों के आधार के बारे में पूछना चाहिए। एक तरफ तो पांचवें पायदान से तीसरे पायदान पर पहुंचने के दावे और वादे किए जा रहे हैं फिरअस्सी करोड़ जनता को मुफ़्त अनाज क्यों? **- रवि, रांची**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## विश्व रंजन सिन्हा की मां के निधन पर अरूण सिन्हा ने जताया शोक

**रामगढ़।** भुरकुंडा निवासी कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष विश्व रंजन सिन्हा की मांग के निधन पर कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने जताया शोक। उन्होंने कहा कि उनके निधन से कायस्थ परिवार मर्माहत है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार के सभी सदस्यों को दुख सहने की शक्ति दें। कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ है। रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु,विनोद श्रीवास्तव, अमित कुमार सिन्हा, डाक्टर शंभू प्रसाद, राजेश कुमार, राजीव पामदत्त,बामेश्वर प्रसाद, प्रोफेसर प्रदीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता आनन्द कुमार,कुंवर बक्सी, अनिल कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय लाला, डाक्टर संजीव कृष्ण जमुवार, मुन्ना श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, अवधेश कुमार सिन्हा, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, धन्नजय वर्मा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा,सुदेश कुमार सिन्हा, नितेश रंजन,संजीव कुमार सिन्हा, ज्योति कुमार सिन्हा समेत कई लोगों ने जताया शोक।

## आजसू प्रखंड सचिव को मातृ शोक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पतरातु प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा की मां रीता सिन्हा का मंगलवार को इलाज के दौरान रांची पारस अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से भुरकुंडा कोयलांचल, पतरातू, भदानीनगर, बासल क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार दिवंगत रीता सिन्हा के अचानक पेट में दर्द और पित के थैली फट जाने से निधन हुआ है। वे अपने पीछे पति आनंद किशोर प्रसाद, दो पुत्र, दो पुत्री, दो नतनी, एक पोता-पोती सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। बुधवार को रिवर साइड-गिद्दी दामोदर नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वाले में प्रो. आरके दास, रौशन लाल चौधरी, मनोज राम, प्रदीप मांझी, दिलीप दांगी, सतीश सिन्हा, संजय मिश्रा, लव कुमार महतो, सरोज झा, उत्तम सिन्हा, राकेश सिन्हा, सलील मोहन सिन्हा, प्रशांत कुमार, विकास सिन्हा, सुबोध सिन्हा, ललन सिन्हा, सुनील सिन्हा सहित चित्रांश परिवार के दर्जनों शामिल थे।

## भुरकुंडा में रामनवमी को ले फ्लैग मार्च



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी की पूर्व संध्या मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु बीरेंद्र राम एवं पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम आदि पुलिस-पदाधिकारियों ने सयाल मोड, पटेलनगर, बिरसा चौक, मतकमा चौक, लक्ष्मी टाकीज रामनवमी मैदान, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रामनवमी पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखनें में क्षेत्रवासियों से पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। मौके पर पूजा समितियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एसडीपीओ बीरेंद्र राम ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। रामनवमी पर्व को भी आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटी रहेगी। फ्लैग मार्च में पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम, पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना एसआई शिवा कच्छप, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना के एसआई निमिर हेस और बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली सशस्त्र बल के साथ शामिल थी।

## प्रकृति के साथ मानव से प्रेम करना सीखाता है सरहुलः प्रेम शाही मुंडा



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के पंचायत बोरोबिंग स्थित सरना स्थल में सरहुल पूजा समिति बोरोबिंग ने मंगलवार को सरहुल महोत्सव मनाया, जिसमें प्रेमशाही मुंडा केंद्रीय अध्यक्ष आदिवासी जनपरिषद, मुखिया बंसती देवी, प्रो. मीणा मुंडा, एसीएस जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा, विशाल स्पन्ज से रमेश तिवारी, परिषद से सरीना लकड़ा, राजा मुंडा, संगीता तिर्की, रोहित बेदिया, प्रार्थना सभा से किरण मुंडा, जेबीकेएसएस राजेंद्र बेदिया, एसीएस प्रवक्ता पंचदेव करमाली, प्रकाश मुंडा, पन्नालाल महतो, वार्ड सदस्य अनिता मुंडा,दीपक मुंडा, अनु मुंडा, विजय बेदिया, रुपलाल मुंडा, बबीता मुंडा, प्रार्थना सभा से राजेश मुंडा, संदीप टोप्पो, रामकिशोर मुंडा, विजेंद्र मुंडा शिक्षक, विजय मुंडा सीसीएलकर्मी मौजूद थे। मुंडा ने कहा कि आदिवासी अपनी परंपरा के साथ-साथ जंगल को भी बचा कर रखे।

# रामगढ़ में रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च

- सड़क पर उतरे डीसी, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ और सीआरपीएफ जवान
- सौदागर के हर घर को नोटिस छत पर रखे ईंट-पत्थर हटा लें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च किया। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार, एसपी डॉ बिमल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों के साथ सड़क पर उतरे। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक, कोयरी टोला, गोलपार्क, पुरनी मंडप, बुढ़वा महादेव, नई सराय बस्ती, मनुवा, फुलसराय, सिरका, अरगड्डा सभी इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने यह संदेश दिया कि किसी भी उपद्रवियों की चलने वाली नहीं है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। हर जगह दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। सौदागर मोहल्ला, गोलपार्क, पुरनी मंडप शहर के संवेदनशील इलाकों में शामिल हैं। उन स्थानों पर सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा में शामिल रहेंगे। एक तरफ पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया तो दूसरी तरफ रामगढ़ थाना प्रभारी ने सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस थमा दिया। नोटिस में साफ शब्दों में लिखा गया है कि जिनके घर के छतों पर ईंट पत्थर व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखी गई है, तो वह तत्काल वहां से हटा लें। ड्रोन कैमरे की नजर में अगर आपत्तिजनक वस्तुएं आती हैं तो तत्काल उस घर के मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिस रास्ते पर जुलूस निकालने वाला है, उस रास्ते के हर घर को यह नोटिस मिला है।



रामनवमी को लेकर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया।

पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल का संचालन डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ट्रेनिंग डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय साहू, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं सीआरपीएफ 218 डी बटालियन के सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया।

# सभी झांकियों पर पुष्प वर्षा करेगी विजय शंखनाद संस्था

- केंद्र सरकार के पर्यटन विभाग ने वेबसाइट पर हजारीबाग राममवमी के इतिहास और तस्वीरें किया अपडेट

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** विजय शंखनाद संस्था के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने बताया कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला का प्राण प्रतिष्ठा हुआ है। पूरी दुनिया के सनातन धर्म प्रेमी गौरान्वित है इसलिए इस शुभ वर्ष में संस्था अपने शिविर से सभी झांकियों और रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करेगी। अधिक फूल उपलब्ध कराने के लिए फूल विक्रेताओं से संपर्क किया गया है। अमरदीप ने बताया कि भारत सरकार के पर्यटन विभाग के वेबसाइट utsav.gov.in में हजारीबाग रामनवमी का संक्षिप्त इतिहास और तस्वीरें अपडेट कर दिया गया है। इससे विदेशी पर्यटक हजारीबाग इंटरनेशनल राममवमी के बारे में जानकारी प्राप्त कर रामनवमी में हजारीबाग रामनवमी, विजयादशमी और एकादशी जुलूस देखने आने के लिए आकर्षित और प्रेरित होंगे। इससे रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। इसके लिए भारत सरकार बधाई के पात्र हैं। 27 फरवरी से संस्था ने इस विषय को सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया था। संस्था ने सबसे पहले हजारीबाग रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने का किया था।

इस मांग के लिए जागरूकता और प्रयास जारी रहेगी। 23 अप्रैल को पैराडाइस रिसॉर्ट में हनुमान बालरूप सजा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दो कैटेगरी में यह प्रतियोगिता होगी। जिसमें नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय शंखनाद संस्था इंद्रलोक टावर के नीचे विजयदशमी और एकादशी जुलूस में चिकित्सा शिविर, लगाएगी। साथ ही चना, सत्तू, शरबत, बिस्कुट पानी का वितरण करेगी। सचिव बुद्ध प्रिय मौर्य आदित्य ने बताया कि रामनवमी के इतिहास पर हिंदी और अंग्रेजी में दो पुस्तक लिखने की प्रक्रिया जारी है सभी अखड़ेधारियों से अपील है कि अपने क्लब से जुड़े तस्वीर, दस्तावेज आदि उपलब्ध कराएं। जिससे की पुस्तक लिखने में आसानी होगी। प्रेस वार्ता में उपाध्यक्ष अजीत गुप्ता, सदस्य कैलाश कुमार साहू और संदीप उपाध्याय उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में महाअष्टमी पर निकला शोभा यात्रा

**हजारीबाग।** महाअष्टमी के अवसर पर मंगलवार को जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकला। विष्णुगढ़ के द्वारा विष्णुगढ़ में रामनवमी के पूर्व संध्या आयोजित भव्य और आकर्षक झंडा शोभा यात्रा में विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। जायसवाल श्रद्धालुओं के साथ सड़क पर तलवार और भगवा ध्वज के साथ कदमताल करते नजर आए। जय श्री राम के नारे की गूंज के साथ पूरा विष्णुगढ़ और बनासो क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी 24 पंचायतों के हजारों लोग सड़कों पर श्रीराम की उद्घोष के साथ रामनवमी की आगाज करते दिखे। वहीं टाटीझरिया प्रखंड के बेड़म गांव में आयोजित हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में जायसवाल शामिल हुए। यज्ञ मंडप में मत्था टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि आती है वहीं समाज में एक दूसरे के प्रति समरसता और विश्वास बढ़ता है।

# 40 वर्षों बाद महूदी में निकाला अष्टमी का जुलूस, वापसी में प्रशासन ने रोका

- जुलूस शांतिपूर्ण, प्रशासन को परेशानी क्योंः ग्रामीण
- साजिश के तहत निकाला गया जुलूसः प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव।महुदी गांव में 40 वर्ष से रुका रामनवमी का जुलूस मंगलवार को बिना प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्वक निकल कर सोनपुरा मेलाटांड़ पहुंचा। जुलूस निकलने की सूचना से खुशी का माहौल हो गया।

जुलूस निकलने की सूचना मिलते ही प्रशासन ने पुलिस छावनी में तब्दील कर वापसी जुलूस को पुनः प्रशासन द्वारा रोक दिया। रोके जाने के बाद जुलूस में शामिल लोग महुदी की ओर धीरे धीरे बढ़ रहा था। जुलूस में शामिल लोगों का कहना है कि जब बिना प्रशासन का ही हम लोग शांतिपूर्वक अष्टमी का जुलूस निकाल लिए और किसी प्रकार कोई अप्रिय घटना नहीं घटी तो फिर प्रशासन वापसी जुलूस को क्यों नहीं जाने दे रही है। जुलूस के समय दूसरे समुदाय के लोगों का कोई विरोध तो नहीं हुआ लेकिन जुलूस पार होने के बाद प्रशासन पहुंचते ही विरोध जताना शुरू कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। प्रशासन का कहना है कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों द्वारा प्रशासन के साथ चीटिंग किया गया है। समझौता के लिए प्रखंड मुख्यालय में बैठक के नाम पर साजिश के तहत जुलूस निकाला गया। समाचार लिखे जाने तक हजारीबाग एसडीओ शैलेश कुमार, बड़कागांव सीडीपीओ कुलदीप कुमार, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह सहित डीएसपी रैंक के कई पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड के सभी आला अधिकारी, संबंधित कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

## जेएसपी फाउंडेशन ने जिंदल क्लब में लगाया रक्तदान शिविर



**भुरकुंडा।** जेएसपी फाउंडेशन और रिम्स रांची के संयुक्त तत्वावधान ने मंगलवार को जिंदल क्लब बलकुदरा पतरातू में मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने किया। शिविर में 133 लोगो ने रक्त जांच कराया। जिसमें 53 लोगो ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि रक्तदान मानवता के हित में सराहनीय कदम है। मानव जीवन के लिये रक्तदान करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जेएसपी फाउंडेशन निरंतर इस तरह का कार्य मानवीय सेवा के लिये करता रहता है। फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाता है। रक्तदान में जिंदल के अधिकारी, कर्मचारी सहित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालो में मुख्य रूप से सीएसआर प्रमुख रवि निवास, ओपी जेसीसी के प्रिंसिपल संबित साहू, दीपक कुमार, कृष्णा कुमार रवि, खुर्शीद आलम, देवकुमार पटेल, जितेन्द्र कुमार, बिपिन कुमार आदि शामिल थें। मौके पर प्लांट प्रमुख के साथ एचआर प्रमुख अजय झा, रिम्स पैथलॉजी विभाग के डॉ. अभिरूप, दीपक चौधरी, दीपनारायण प्रसाद, रविंद्र पासवान एवं जेएसपी सीएसआर से डॉ. मंजू मिश्रा, गजाला मतीन, कुमार राहुल, सुरेन्द कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

# श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ संपन्न, जागरण में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

- क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली के लिए भक्ति का आयोजन जरूरी : मनोज पाठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हवण-पुणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ की सफलता को लेकर रात्रि में मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, सतीश सिन्हा, योगेन्द्र सिन्हा, दीपक प्रसाद, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, जग्गू घांसी, संजय यादव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पीओ मनोज पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। पीओ श्री पाठक ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ज्योत जलाकर जागरण की शुरूआत हुई। भक्ति जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद जागरण मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व भक्ति गीतों की प्रस्तुति से श्रद्धालु महिला-पुरूषों को रात भर झुमाए रखा। इस दौरान भजन गायक व गायिकाओं द्वारा गाये गये युग राम राज का, अरे द्वार पालों, ये गणेश के पापा, राम सिया राम, राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी आदि भक्ति गीतों पर देर रात तक श्रद्धालु नाचते-गाते दिखें। वहीं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी भक्ति जागरण का आनंद लेने पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, संजय यादव, उपेंद्र शर्मा, अजय पासवान, दीपक भुइयां, विजय, शंकर, डब्लू पांडेय, राजगीरी, सुशील सिंह, विक्रम, विक्की, सौरव, सुदीप, मधुकर, गुरदयाल ठाकुर, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, अप्पू मिश्रा, उपेंद्र शर्मा, उत्तम सिन्हा, रमाकांत दूबे आदि का विशेष योगदान रहा।



भक्ति जागरण को उद्घाटन करते पीओ मनोज पाठक व अन्य।

एक नजर में

## श्रीराम का अनुसरण करें : मनोज यादव



**बरही।** गौरियाकरमा पंचायत के करमा गांव में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के मानस कथा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सोमवार को मुख्य रूप से शामिल हुए। जहां महायज्ञ समिति ने उनका भगवा पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने व्यास पीठ की आरती उतारी और आशीष लिया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म के प्रति लोगों की रूची बढ़ी है। इसका नतीजा है कि कई जगह यज्ञ हवन एवं कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि जीवन को मयार्दामय बनाने के लिए भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना आवश्यक है। मौके पर स्थानीय मुखिया मीरा कुमारी ,वरिष्ठ समाजसेवी दुलार यादव, उप मुखिया संजय वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, परमेश्वर यादव, गुलाब यादव, शंकर यादव, छोटु कुमार, लालू यादव, सँतोष ठाकुर, शैलेन्द्र यादव, मनोज विश्वकर्मा सहित यज्ञ कमिटी संरक्षक दुलार यादव, अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, उपाध्यक्ष राजन यादव, सचिव राजेंद्र राम, कोषाध्यक्ष युगल पाण्डेय, उप कोषाध्यक्ष सोनू पाण्डेय, उपसचिव विकास यादव सहित हजारों श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित थे।

## अभियंता सीबी सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** हुटपा पंचायत स्थित ग्राम बानाहप्पा निवासी हजारीबाग जिला परिषद के जिला अभियन्ता स्व. सीबी सिंह और उनकी मां के संयुक्त श्रद्धांजली सभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल शामिल हुए और दिवंगत मां- बेटे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ हीं सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत मेरू और अमनारी पंचायत के ग्राम डंडई में आयोजित श्री चैती दुर्गा पूजा के महाअष्टमी पूजा में शमिल हुए और माता रानी से क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अनेश्वर प्रसाद, महेश प्रसाद, प्रमोद कुमार सिंह, सीताराम प्रसाद, मनोज प्रसाद, राजू मेहता, लल्लू यादव, नंदकिशोर सिंह, बबलू सिंह, श्यामलाल महतो, राजेश शर्मा, भरत सिंह, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

16 हैज पी 2 : मनीष जायसवाल व अन्य।

## संधि बलि के साथ महाअष्टमी संपन्न



**टाटीझरिया।** प्रखंड के कई गांवो में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र महीने में मनाई जाने वाली बसंती दुर्गा पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है भक्तो ने 24 घंटे का उपवास रख महाअष्टमी व्रत किया। रामनवमी पूजा में कई श्रद्धालु भक्त गण शामिल हुए और पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव एवम सदस्यों संग टाटीझरिया पुलिस प्रशासन थाना प्रभारी सुजीत कुमार ,बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज ने पूजा प्रांगण का जायजा लिया और शांति पूर्वक पूजा मेला को संपन्न करवाने का अपील किया । यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है शास्त्र के अनुसार महा अष्टमी को संधि बलि में कोहड़ा, ईख,शकरकंद,नारियल, सेव का बलि दिया जाता है इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर के सहयोगी चंड और मुंड ने मां दुर्गा को पीछे से वार किया था माता रानी को क्रोध आया त्रिनेत्र खोला और चामुंडा का अवतरण धारण किया और दोनो दुष्ट का वध किया इसलिए चामुंडा के सम्मान के रूप में संधि पूजा की समयानुसार की जाती है उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा कि माता रानी को 108 बेलपत्र की माला ,108 कमल गट्टा, फुल, चढ़ाने और 108 दीपक जलाने से मनोकामना पूर्ण होती है।झरपो पूजा समिति व्यवस्थापक बालेश्वर महतो सरयू प्रसाद राजेंद्र प्रसाद प्रकाश प्रसाद ने झांकी का सहयोग करने के लिए ग्रामीणों से अपील की।

## दारू में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**दारू।** रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर दारू पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च दारू से झुमरा तक निकाला गया जिसमे अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं महिला तथा पुरुष पुलिस फोर्स शामिल थे। थाना प्रभारी सफीक खान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी को शांतिपूर्ण से मनाए। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरे धर्म को ठेस पहुंचे। विशेष कर हुरदंग करने वाले पर हमारा पैनी नजर हैं, पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वभनाडीहवासी में वोट का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण



**बरही।** करियातपुर पंचायत अंतर्गत वभानडीह वासी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है। जिसे वहां के ग्रामीणों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से बैठक कर निर्णय लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि उनका गांव एनएच 2 से 15 किमी दूर है। गांव आने जाने के लिए ग्रामीणों को पगडंडी का ही उपयोग करना पड़ता है। सबसे ज्यादा दुष्कर बरसात में हो जाता है। मरीजों, वृद्धों या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पूरे रास्ते में कीचड़ व पानी होने के कारण आना जाना मुश्किल होता है। इस संबंध में जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सांसद को भी दी गई है, सबों ने सिर्फ आश्वासन दिया है। हम सभी उनके आश्वासनों पर अब तक भरोसा करते रहे, लेकिन अब यहां के ग्रामीण समस्या समाधान होने तक लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा नहीं लेंगे। इस बाबत स्थानीय प्रशासन को भी सूचना दिया जा रहा है। उक्त बातें ग्रामीणों ने प्रेस बयान जारी कर दी है। इस बाबत मुखिया मनोज कुमार से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्होंने पहले भी प्रशासन व जनप्रतिनिधि को दी गई है लेकिन मताधिकार का बहिष्कार करना इसका समाधान नही है। स्थानीय लोगों से लगातार संपर्क किया जा रहा है और उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

### निर्धारित रूट से जुलूस निकालने पर सहमति

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रामनवमी पूजा को लेकर तिलैया थाना परिसर में मंगलवार को बीडीओ सुमन गुप्ता एवं सीओ घीरेंद्र टूडी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने की बात कही गई। वहीं उन्होंने संयुक्त रूप से अखाड़ा समिति के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन हर संभव मदद को तैयार है। वहीं थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि निश्चित रूप से रामनवमी के दिन जुलूस निकाली जाएगी। इसको लेकर पुलिस की ओर से मुकम्मल तैयारी की गई है।

### अवैध शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान

**कोडरमा।** लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के आदेशानुसार सोमवार को अधीक्षक उत्पाद कोडरमा सुजित कुमार के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद, कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2 कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत सिमरिया एवं ढाब थानान्तर्गत गोरयाडीह स्थित अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया। छापामारी में कुल 10 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त एवं 800 कि.ग्रा. अवैध जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया।

### बीएलओ को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने मंगलवार को बीएलओ के साथ बैठक की एवं बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को बूथ जागरूकता समूह के साथ बैठक करने की बातें कही गईं तथा प्रखंड में मतदान शत-प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई। बूथ पर सुविधा मुहैया कराने सहित कई जानकारियाँ दी गईं। प्रशिक्षण में बीपीआरओ दिगंबर पांडेय, बीपीओ रामकुमार सिंह, बीएलओ सुनैना देवी, संगीता देवी, मालती देवी समेत कई उपस्थित थे।

### रामनवमी पर्व पर चतरा पुलिस की अपील

**चतरा।** रामनवमी पर्व के अवसर पर चतरा पुलिस ने आम जनता और अखाड़ा प्रबंधकों से अपील की है। आम जनता से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत डायल 100/112 पर दें। जुलूस मार्ग के सभी चौक-चौराहों पर स्थैतिक सशस्त्र बल, मोबाइल सशस्त्र बल और महिला बल तैनात रहेंगे और किसी भी आपात स्थिति में उनकी मदद ली जा सकती है। जिला पुलिस द्वारा निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, इसलिए ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आपको शर्मिंदा होना पड़े। पी.सी.आर. वाहन/थाना मोबाइल/बाइक दस्ता हमेशा आपकी सेवा में तत्पर रहेगा। अखाड़ा प्रबंधकों से अपील की गई है कि वे अपने स्तर से अखाड़े में प्रतिनियुक्त स्वयंसेवकों को फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करें।

### विशाल भंडारे के साथ रुद्र महायज्ञ संपन्न

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के सबानों गांव में पिछले सात दिनों से चला आ रहा रुद्र महायज्ञ मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। समापन कार्यक्रम में यज्ञ मंडप में मत्था टेकने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। शंख-घंट और जयकारे की ध्वनी से यज्ञ मंडप गूंज उठा। यज्ञ के समापन पर यज्ञ समिति के सदस्यों ने आचार्य और पुरोहितों को दान दक्षिणा अर्पित कर सम्मानपूर्वक विदा किया। समस्त अतिथियों और पुरोहितों ने गांव के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विदित हो कि यह रुद्र महायज्ञ गांव में नवनिर्मित मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं के प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित की गई थी।

# मां दुर्गा का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## जयकारे से पूरा क्षेत्र हो गया गुंजायमान और भक्तिमय



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** बसंत नवरात्र के आठवें दिन प्रखंड के हलकुशा स्थित मां दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन-पूजन को लेकर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मां दुर्गा की एक झलक देखने व पूजा अर्चना करने को लेकर भारी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालुओं का तातां लगा रहा। इस दौरान भक्तों के जय माता दी के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और भक्तिमय में हो गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की गोद भराई का रस्म अदा की गयी। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है और कन्या पूजन किया जाता है। महागौरी आदि शक्ति मां दुर्गा का अष्टम स्वरूप है।

मां महागौरी का रंग अत्यंत गौर वर्ण है, इसलिए इन्हें महागौरी के नाम से जाना जाता है। मान्यता के अनुसार अपनी कठिन तपस्या से मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था, तभी से इन्हें उज्ज्वला स्वरूपा महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया। बताते चलें कि चैती नवरात्र के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के हलकुशा स्थित दुर्गा मंदिर व डांटी दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। बुजुर्गों की मानें तो कलीडीह दूर्गा मंदिर में वर्ष 1959 व मीरगंज दुर्गा मंदिर में वर्ष 1956 से ही मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला अनवरत जारी है। वहीं बसंत नवरात्र के मौके पर हलकुशा में दो दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के आलावे पड़ोसी राज्य बिहार के गोविंदपुर, थाली, बिसुनपुर आदि गांवों से भी काफी संख्या में महिला व पुरुष मेले में आकर मां दुर्गा का दर्शन कर मेले का आनंद उठाते हैं।

## पूजा को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित तिलैया बस्ती राजागढ़ में सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा बसंत नवरात्र के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज सेवी राजेन्द्र सिंह, डॉ. कुलदीप कुमार, आशा देवी एवं रूबी देवी द्वारा बासंती दुर्गा पूजनोत्सव कार्यक्रम के साथ चार दिवसीय मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर गांव से लेकर शहर तक एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम... का नारा गूंज उठा। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन रामजन्मोत्सव के रूप में बेहद हर्षोल्ललास के साथ मनाते हैं। रामनवमी के शभु अवसर पर तिलैया बस्ती में हमारे पूर्वजों द्वारा वर्षों से पारंपरिक ढंग से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है और दूर-दराज से लोग दुर्गा पूजा में यहां हर्षोल्लास के साथ पहुंचते हैं और मां दुर्गा की पूजा कर अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि नवमी और दशमी को भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है, जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं। इसके अलावा यहां नवरात्र में हर दिन विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। दुर्गा पूजा को लेकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है, इस अवसर पर झंडा चौक पर दर्जनों अखाड़ा समितियों के द्वारा महावीरी पताकों और भव्य झांकी के साथ जुलूस निकाला जाता है एवं जुलूस में परंपरागत हथियारों, लाठी, तलवार, फरसा आदि का शौर्य प्रदर्शन किया जाता है। जिसमें हमारी समिति के लोगों के द्वारा भी पारंपरिक खेल का प्रदर्शन किया जायेगा एवं पिछले वर्ष की तरह समिति की ओर से प्रयास रहेगा कि इस वर्ष भी हम शस्त्र प्रदर्शन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहें। मौके पर बासुदेव यादव, बिरजू यादव, नितेश यादव, आलोक, राहुल समेत समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

## भद्रकाली मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर दी गई संधि बलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में मंगलवार को चैत्र नवरात्र की संधि बलि का अनुष्ठान पूरे विधि विधान पूर्वक किया गया। इस अनुष्ठान में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, प्रभात सिंह, सीताराम सिंह, नागेश्वर यादव , सुनील सिंह, प्रदीप सिंह के साथ दर्जनों श्रद्धालु भक्तों ने मंत्रोच्चारण व शंख ध्वनि के बीच नियत समय पर 4:17 बजे के पश्चात सर्वप्रथम माता को कुष्मांड की बलि अर्पित की। चैत्र नवरात्र की संधि बलि के अनुष्ठान के वक्त माता रानी का दरबार मां भद्रकाली के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। परंपरा के अनुसार नवरात्र की संधि बलि का अनुष्ठान मां भद्रकाली मंदिर के साधना चबूतरा पर हुआ। संधि बलि से पूर्व मां भद्रकाली की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात साधना चबूतरा पर मंदिर के पुजारियों के मंत्रोच्चारण के बीच संधि बलि का अलौकिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। इसके बाद भक्तों ने फलों की भी बलि चढ़ाई। संधि बलि के पश्चात घी के दिए व कपूर से माता की महाआरती उतारी गई। संधि बलि का अलौकिक अनुष्ठान कई श्रद्धालु भक्तों ने अपने घरों में ही किया तथा संधि बलि माता को अर्पित की।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल डोमचांच ने किया भव्य शोभा यात्रा का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रामनवमी के हवन अवसर पर राम उत्सव कार्यक्रम के तहत भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा को विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग विभाग के प्रवीण चंद्रा, बजरंग दल जिला संयोजक रंजन राज, जिला गौ रक्षा प्रमुख आदित्य बर्णवाल ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता शामिल हुए। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता डोमचांच प्रखंड के अलग-अलग पंचायत से भाग लिए। जिसमें सैकड़ों दुपहिया वाहन के साथ भगवा ध्वज लेकर जयकारा लगाते हुए डोमचांच प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मेहता, किरण प्रकाश, संजय कुमार, पंकज मेहता, मनोज कुमार, नरेंद्र मेहता, पंकज मेहता, बिट्टू मोदी, मुकेश पाण्डेय, सुजीत मेहता, हर्ष मेहता, नीरज मेहता, अनिल पंडित, नीरज मेहता, मुरली मेहता, नवीन मेहता, अमरदीप (झब्बू), पप्पू साव, मुकेश राम, सुदेश मोदी, प्रमंशु कुमार, जगदीश भारती, रामपुकार भारती, रजनीश एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

## भाजपा का एक दिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के साप्ताहिक हॉट मैदान में मंगलवार को भाजपा का एक दिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड भाजपा अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद व संचालन बालमुकुंद सिंह ने किया। सम्मेलन में बतौर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह वर्तमान सांसद व कोडरमा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सम्मेलन में प्रखंड के सभी 14 शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक, बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुखों के कार्यकताओं ने भाग लिया। सम्मेलन को भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास सिर्फ नारा ही नहीं दिया है, बल्कि भाजपा सरकार उसी मंत्र पर काम कर रही है। हमारी सरकार युवाओं के रोजगार को ध्यान में रखकर तमाम योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने 10 लाख युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार मेला के माध्यम से नियुक्ति पत्र का वितरण किया, साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से इस बार बुथों पर 10 प्रतिशत मतदान बढाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार बच्चियों के लिए सैनिक स्कूल में नामांकन की व्यवस्था की। वहीं उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि 25 वर्षो से यहां की जनता से सहयोग व आशीर्वाद मिलते आ रहा है, आशा है इस बार भी यहां की जनता का आशीर्वाद व सहयोग मिलेगी।

## श्रम मंत्री ने राजद के पूर्व प्रवक्ता सुबोध पर लगाया गंभीर आरोप

### कहा नक्सलियों और अपराधियों से है सीधा साठगांठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुबोध पासवान पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के नाम पर भीड़ को उकसाकर अधिकारियों और जवानों से बदसलूकी कराने का आरोप है। प्रतापपुर पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन व सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य मामलों में सुबोध पासवान को गिरफ्तार किया है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास सह उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सुबोध पासवान पर कई संगीन आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मंत्री सत्यानंद ने कहा है कि सुबोध पासवान खुद को राजद का प्रदेश प्रवक्ता बताकर सीसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर दर्जनों युवकों से लाखों रुपए की अवैध वसूली कर चुका है।?सुबोध पासवान का नक्सलियों और क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों से गहरा साठगांठ होने का भी आरोप है। मंत्री ने कहा है कि जब लोग पैसे का तगादा करते हैं तो सुबोध बाउंसर का सहारा लेकर उन्हें डराता धमकाता है।

चतरा से राजद के इकलौते विधायक सह चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि जेल जाने वाला पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुबोध पासवान राजद में ना कभी था और ना है। वह एक अपराधी प्रवृति का इंसान है।?सुबोध पासवान फर्जी बाउंसर रखकर सीसीएल में नौकरी लगाने के नाम पर सैकड़ो युवक-युवतियों से करोड़ो रुपए का ठगी किया है।

## भाजपा ने कोडरमा में ढिबरा-पत्थर क्रशर व्यवसाय को बर्बाद किया : रामधन

### इंडिया गठबन्धन की डोमचांच नगर पंचायत प्रखंड की संयुक्त बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाजपा ने ढिबरा और पत्थर, क्रशर उद्योग को बर्बाद कर दिया है। कोडरमा में सबसे ज्यादा भाजपा के सांसद रहें है, इसके बाबजूद कोडरमा की पहचान ढिबरा का अस्तित्व मिटा दिया गया है। पत्थर उद्योग और क्रशर उद्योग को लगातार उजाड़ा जा रहा है। लेकिन डोमचांच की आवाज कभी संसद में उठाने की जहमत भाजपा सांसद ने नही किया। उक्त बातें राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने डोमचांच मेहता भवन में प्रखण्ड स्तरीय सह नगर पंचायत की संयुक्त इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष मो. असलम एवं संचालन शैलेन्द्र सिंह ने किया। वहीं श्री रामधन ने आगे कहा कि डोमचांच में बेरोजगारी और पलायन लगातार बढ़ रहा है, क्योकि पत्थर और ढिबरा उद्योग हाशिये पर खड़ा है। व्यापारी अपना काम धंधा समेट रहें है। सांसद से केंद्रीय मंत्री का सफर तय करने वालों ने ढिबरा, पत्थर, क्रशर पर 5 साल चुप्पी साधे रखा। क्रशर उजाड़े गए, तब भी वे खामोश रहें। उन्होंने कहा की कोडरमा की जनता लोकसभा चुनाव में इंडिया के प्रत्याशी विनोद सिंह को जिताकर माकूल जबाब देगी। बैठक को राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक, सरफराज नवाज, कांग्रेस नेत्री लीलावती मेहता, माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, मो. इब्राहिम, सीपीएम जिला सचिव असीम सरकार, सीटू नेता रमेश प्रजापति, संजय दास ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की आखों में पिछले 10 सालों से धूल झोंक रही है। कोडरमा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने ऐसा कोई काम नही किया, जिसे बताया और दिखाया जा सके। केंद्र सरकार की कोई नीतिगत कार्य डोमचांच समेत ग्रामीण इलाके में भाजपा वालों को ही दूरबीन से देखने पर भी नही दिख रहा। जनता बदलाव के मूड में है, जनता ने भविष्य संवारने के लिए वोट दिया था, लेकिन जनता के सपनों और भविष्य को 25 साल से सत्ता सुख भोगने वालों ने चकनाचूर कर दिया। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि डोमचांच के हर बूथ पर ढिबरा-क्रशर और पत्थर उद्योग बचाने, कोडरमा का मान सम्मान बढ़ाने, संसद में गरीबों की आवाज बनकर दहाड़ने वाले कॉमरेड विनोद सिंह के पक्ष में गोलबन्द होगी।

### मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान: रिया सिंह

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अन्तर्गत ढोढाकोला पंचायत में वोट बहिष्कार से संबंधित लगे बैनर पर छपी खबरों के संदर्भ में निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से उक्त स्थल का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनके समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि सड़क बनाने का कार्य के संदर्भ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, यह जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से अपील किया कि किसी के बहकावे में न आये। आगामी 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, कर्मियों और ग्रामीणों को आग से होने वाले नुकसान और बचाव की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग चतरा के प्रधान अग्नि चालक अमितनंदा भारती, राहुल कुमार और अग्नि चालक संजीव पांडेय ने आग लगने पर बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आग लगने पर घबराने की जरूरत नहीं है, उससे निपटने के कई उपाय हैं। भीषण आग लगने पर टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया जा सकता है। शिविर में बताया गया कि ज्वलनशील पदार्थों को खुले में नहीं रखना चाहिए।

## चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने की घोषणाएं

## कहा खनिज संपदा पर आधारित कल कारखानों का बिछेगा जाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने रेल लाने, खनिज संपदा पर आधारित उद्योगों की स्थापना और रोजगार के अवसरों के सृजन का वादा किया है। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र खनिज संपदा से भरपूर है और इसका उपयोग लोगों के विकास के लिए किया जाएगा। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर प्रदेश और देश की तरक्की होगी। उन्होंने लोगों की मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाने और चतरा संसदीय क्षेत्र में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य तकनीकी कॉलेज खोलने का भी वादा किया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कालीचरण सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के संकल्प पत्रों के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने नारी शक्ति वंदन योजना के तहत महिलाओं के लिए 33% आरक्षण और 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में किए गए सभी वादों को पूरा किया है और 2024 के संकल्प पत्र को भी गारंटी के साथ पूरा किया जाएगा। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकारी नौकरियों में प्रश्न पत्र लीक मामले को खत्म किया जाएगा और किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना को और मजबूत बनाया जाएगा। मुद्रा लोन की राशि बढ़ाकर 10 लाख से 20 लाख रुपए की गई है और नए स्टार्टअप के लिए भी प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए एमएसपी कानून लागू किया जाएगा और दलहन और तिलहन की फसलों में आत्मनिर्भरता लाने के प्रयास किए जाएंगे। सिंचाई की सुविधा हर खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। परिवहन के लिए विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशनों का निर्माण होगा और कई अत्याधुनिक ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाएगा।

## पीने के पानी के लिए स्कूली बच्चे परेशान



मुन्ना कुमार

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में इन दिनों पीने के पानी की समस्या से अध्ययनरत बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडीहा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिहास मुसहरिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय धनुकी तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचाने आदि में विद्यालयों में पीने के पानी का उचित व्यवस्था नहीं है। जिससे उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पीने के पानी के सकंट से झूझना पड़ रहा है। किसी-किसी विद्यालय में चापाकल तो है मगर गर्मी के कारण जलस्तर गिर जाने की वजह से बंद पड़े है, तो किसी-किसी विद्यालय में चापाकल ही नहीं है। शिक्षा विभाग की उदासीनता व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की लापरवाही के कारण सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पीने का पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील से पूछे जाने पर बताया कि इस समस्या को लेकर विभाग को कई बार लिखा गया, मगर सुदूरवर्ती व पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण समस्या का समाधान नहीं हो सका। उल्लेखनीय रहे कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडीहा में ड्राई जोन रहने के कारण 250 फीट बोरिंग करने के बाद भी पानी नही निकलने से यहां पीने के पानी का कोई व्यवस्था नहीं है। उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या 497 है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित पंचायत कोठियार के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचाने में 225 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत है, फिर भी यहां पीने का पानी के लिए एक भी चापाकल नहीं हैं। पानी सप्लाई से ही यहां के बच्चे अपनी प्यास बुझाते हैं। जिस दिन पानी की सप्लाई नहीं होता है तो काफी परेशानी होती है। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिहास मुसहरिया में जलस्तर गिरने से चापाकल बन्द पड़े हैं, यहां बच्चों की संख्या 65 है। बंद पड़े चापाकल के कारण यहां की रसोइया सुनीता देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विद्यालय से आधा किलोमीटर की दूरी से कुंए से पानी लाकर मध्याह्न भोजन बनाते हैं और इस भीषण गर्मी में बच्चे वहीं जाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय धनुकी में छात्र छात्राओं की संख्या 110 है।

## स्पीड न्यूज

### रामनवमी की तैयारी पूरी, जुलूस आज




गुमला। राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली गुमला में रामनवमी पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में भव्य रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें शहर के 33 अखाड़ा के सदस्य भाग लेंगे। इधर जुलूस को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है और शहर के सभी चौक-चौराहों में सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की गई है। जुलूस पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। वहीं दूसरी ओर पर्व को लेकर महावीरी झंडा से शहर का हर कोना पटा हुआ है। घरों में बुधवार को महावीरी झांडा लगाने के लिए लोग बांसों की खरीदारी करते दिखे। बांस खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। बांस की कीमत 60 रूपये से लेकर सौ रूपया तक रखा गया था। वहीं अंतिम दिन महावीरी झंडे की जमकर बिक्री हुई। वहीं श्रीराम भक्त हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में भी रामनवमी की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को भारी संख्या में लोग आंजन धाम पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे। क्षेत्र को भी महावीरी झंडे से पाट दिया गया है। वहीं शहर मुख्यालय में भगवान श्री राम के बड़े-बड़े कट आउट भी लगाये गये हैं।

### अहीर सेना झारखण्ड के अध्यक्ष बने रामलखन व सचिव बने देवनारायण



गुमला। अहीर सेना झारखण्ड की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में समाज के मुख्य संरक्षक लोहरमन गोप की देखरेख में जिला व प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें रामलखन गोप को अहीर सेना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया जबकि सचिव के रुप में देव नारायण महतो, सह सचिव के रुप में जनक गोप, कोषाध्यक्ष चन्दन कुमार गोप, कानूनी सलाहकार के रुप में अधिवक्ता सचिदानंद गोप, संगठन मंत्री विनय गोप और सुरेश गोप, प्रवक्ता रविन्द्र गोप, सोशल मीडिया प्रभारी अरविन्द कुमार यादव और बसंत यादव, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ प्रमुख सूरज गोप व ब्रजेश गोप, गुमला प्रखंड अध्यक्ष आनन्द गोप, सचिव बुधराम गोप, सिसई प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, सचिव नीरज अधिकारी, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र यादव, सचिव बिंदेश्वर यादव, कामडारा प्रखंड अध्यक्ष तेतरू गोप, सचिव भूषण गोप, पालकोट प्रखण्ड अध्यक्ष बजरंग गोप, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष नवीन गोप, सचिव एलफोर गोप, भरनो प्रभारी अमरजीत गोप, बसिया प्रभारी अनुज गोप, रायडीह प्रभारी विक्रम गोप को चुना गया। कार्यकरिणी सदस्य के रूप में रमेश गोप, तीरथ गोप, मुस्कान गोप, कुलदीप गोप, मोहर गोप, लीलाधर गोप, बलराम यादव का चुनाव किया गया। नया प्रतिनिधित्व नये विचारों और कार्यशैली के साथ काम करने के विश्वास के साथ अहीर सेना के संयोजक भूषण भगत ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। बैठक में इन सभी के आलावा जगेश्वर गोप, रविन्द्र गोप, बेचू गोप, धाधू गोप, एतो गोप, सुरेंद्र गोप, रामबिलास गोप, पवन गोप, संजय गोप, मनोज गोप, विद्यासागर भगत, राजकिशोर गोप, संतोष गोप, राजू गोप, अजय गोप, गणेश गोप, मनोहर यादव, दीपक गोप, अरुण गोप, विकास गोप इत्यादि शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच गुमला शाखा की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन



गुमला। मारवाड़ी युवा मंच गुमला शाखा की नयी कमेटी का गठन बुधवार को किया गया। जिसमें की सर्वसम्मति से सुमित चीनू साबू को अध्यक्ष चुना गया। जिसके बाद सुमित साबू ने अपने नये सत्र के लिए बाकी पदों का चयन किया। जिसमे संजीव मलानी को सचिव, पंकज खंडेलवाल को उपाध्यक्ष, राहुल गोयल को सह सचिव, अक्षय मंत्री को कोषाध्यक्ष, बिपुल अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष, एंबुलेंस सेवा प्रभारी शंकर अग्रवाल और पंकज साबू को, ऑक्सीजन प्रभारी अकाश गोयल और सुमित अग्रवाल को, ब्लड डोनेशन प्रभारी रोहित खंडेलवाल और अमित मंत्री ऊर्फ गोलू को, अमृतधारा प्रभारी रोशन खंडेलवाल व आयुष काबरा को, संगठन विस्तार विकास मंत्री और सुभाष अग्रवाल को एवं रोहित खंडेलवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर सुमित साबू ने कहा कि नयी कमेटी आने वाले दिनों में सुचारू रूप से काम करेगी। बीते वर्षो में युवा मंच के अमृतधारा प्रभारी रोशन खंडेलवाल, रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल व शंकर अग्रवाल ने जो काम किया है उसके लिए पूरे युवा मंच ने तालियां बजा कर सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सचिव विकास मंत्री, नटवर लाल अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, पंकज खंडेलवाल, पंकज साबू, आकाश गोयल समेत सदस्य उपस्थित थे।

### जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुमला ने लोहरदगा को हराया




गुमला। जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन मुकाबले में मेजबान गुमला ने लोहरदगा को सात विकेट से पराजित कर पूरे अंक के साथ अगले चक्र मे प्रवेश पाया। टॉस जीत कर लोहरदगा की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 44 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर टीम ने 170 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से चैतन्य ने सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली जबकि अथर्व देव ने 27, हर्ष व तन्मय ने 22-22 रनों का सहयोग किया। गुमला की ओर से मयंक राज ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 9 ओवरो में महज 15 रन देकर 4 विकेट चटकाये। वहीं रोहिश ने दो व सत्यम ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला टीम के खिलाड़ियों ने 34.4 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर विजयी आंकड़ा छू लिया। टीम की ओर से मंथन ने बेहतरीन शुरूआत दी और उम्दा 70 रनों की पारी खेली। मयंक राज ने नाबाद 32 व सत्यम पांडा ने 28 रनों की नाबाद पारी के बदौलत गुमला ने आसान जीत दर्ज किया। गेंद व बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुमला के मयंक राज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मौके पर मौजूद टी आर डी ओ पप्पू कुमार सिंह, एल ओ अवधेश कश्यप, अंपायर प्रशांत कुमार, हेमंत ठाकुर व स्कोरर जुलकर नैन ने मैन ऑफ द मैच बने मयंक को पांच हजार कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, रोहित उरांव, सनी साहू, यमुना झा, शशि आदि उपस्थित थे।

### चैती नवरात्र महाअष्टमी में उमड़ी भीड़



लोहरदगा। जिले में चैती नवरात्र महाअष्टमी के मौके पर विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। शहर से लेकर गांव तक महाअष्टमी पूजा को लेकर भक्तों में उत्साह और उल्लास देखा गया। चैती नवरात्र के महाअष्टमी को मां दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा की गई। साथ ही महाआरती का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को ही महानवमी होने पर बलि पूजन भी किया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में लोगो की भीड़ उमड़ी। शहर के एकमात्र पूजा पंडाल स्थल बाबा मठ में महा अष्टमी के मौके पर पंडाल पहुंचकर भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन किए। पूजा के बाद प्रसाद का भी वितरण हुआ।

### बीडीओ ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



कैरो। प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर कैरो व गुड़ी पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ ने मतदान केंद्र में मौजूद सुविधा का निरीक्षण करते हुए बीएलओ व शिक्षकों से अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया।

# गुमला : नवरात्रा के आठवें दिन मां गौरी की हुई पूजा

>> उपवास रखकर महिलाओं ने की मां की आराधना, महागौरी की पूजा अर्चना कर लोगों ने बुराईयों को त्यागने का लिया संकल्प



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** बासंतिक नवरात्रा के आठवें दिन मंगलवार को शक्ति की देवी मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की भक्तों ने पूरे मनोयोग व भक्तिभाव से मंदिरों व पूजा पंडाल में जाकर पूजा अर्चना की। भक्तों ने मां महागौरी की पूजा अर्चना कर अपने सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अपने अंदर छुपे बुराईयों को त्यागने का संकल्प लिया। अष्टमी पूजा के अवसर पर देवीगुड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। देवीगुड़ी मंदिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। साथ ही मंदिर परिसर में रामचरित्र मानस पाठ भी लगातार नवरात्रा से जारी है। मंगलवार को महिलाओं ने उपवास रखकर मां के अष्टम स्वरूप की विधि विधान से पूजा की और प्रसाद चढायें। आचार्य हरि शंकर मिश्र, शैलेश मिश्र आदि ने मां के आठवें स्वरूप की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरा किया। पंडित हरिशंकर मिश्रा ने कहा कि धर्म ग्रंथो के अनुसार नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर संधिकाल अष्टमी समाप्त होने के अंतिम 24 मिनट और नवमी तिथि के शुरूआती 24 मिनट में देवी दुर्गा ने प्रकट होकर असुर चंड और मुंड का संहार कर संसार की रक्षा की थी। वहीं अपराह्न 4:09 पर संधि बलि प्रदान किया गया। तत्पश्चात 108 दीपो का सदस्यों ने महा आरती किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, मुख्य संरक्षक संजीव उर्वशी, निर्मल गोयल, गोपाल वर्मा, सदस्यों में प्रेम सागर जायसवाल, रामनिवास प्रसाद, राजेश गुप्ता, अजय कुमार मंत्री, महेश गुप्ता, रितेश कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार, मोहित गुप्ता, द्वारिका मिश्रा सुमन, विजय सोनी, दीपू खंडेलवाल, रंजन सोनी, सुदेश सौरभ, निर्मल अग्रवाल, नितेश कुमार लाल, ब्रिज फोगला, दामोदर कसेरा, जयंत मुखर्जी, श्री गुप्ता, पूनम सिंह, मनमोहन केसरी, दुर्गा गुप्ता, निरंजन सिंह, प्रदीप सोनी, पवन अग्रवाल, अरुण केसरी, किशोर फोगला आदि उपस्थित थे।

# रामनवमी को लेकर लोहरदगा पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, उपद्रवियों से निपटने के लिए छोड़े आंसू गैस

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायेंगे : डीएसपी



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले मे रामनवमी के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारी को परखने को लेकर बक्सीडिप्पा स्थित पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस मॉक ड्रिल में पुलिस के कुछ जवान उपद्रवियों के भेष में मजमा लगाकर प्रदर्शन और पत्थरबाजी करते नजर आए जिसे रोकने के लिए पुलिस द्वारा सबसे पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर बितर किया गया, लेकिन भीड़ को आगे बढ़ते देख आंसू गैस के गोले छोड़े गए साथ ही भीड़ को कंट्रोल करने के लिए लाठी चार्ज के साथ पुलिस ने की फायरिंग। इस दौरान घटना में हुए घायलों को एंबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल भेजने का भी ड्रिल किया गया। साथ ही मौके पर कुछ उपद्रवियों को गिरफ्तार भी किया गया। इस संबंध में डीएसपी समीर तिर्की ने बताया कि रामनवमी को लेकर पुलिस कोई भी कोताही नहीं बरतेगी, अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर अतिरिक्त सुरक्षा बलो की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा की रामनवमी में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम को लेकर आज पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा की रामनवमी का त्यौहार में लोग आचार संहिता और नियमो का पालन करते हुए जुलूल निकाले प्रशासन पूरी मदद करेगा।

# वार्डन से परेशान नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चे मिले डीसी से

## शिक्षा विभाग के उड़े होश, काफी समझाने के बाद माने बच्चे

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हिरही गांव स्थित सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने वार्डन से परेशान होकर सोमवार को डीसी कार्यालय पहुंचकर वार्डन को हटाने की गुहार लगाई है।

इसकी सूचना जैसे ही शिक्षा विभाग को मिला उनके होश उड़ गए आनन फानन में मौके पर पहुंचकर शिक्षा विभाग के कर्मियों ने विद्यार्थियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष ले जाकर उनकी समस्याओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों का कहना था कि आवासीय परिसर से विद्यालय परिसर पहुंचने में थोड़ी देर होने पर उन्हें दंडित किया जाता है, साथ ही वार्डन का व्यवहार बच्चो के साथ सही नहीं है। उन्होंने वार्डन को हटाने की गुहार लगाई।

जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यार्थियों को समझाते हुए भविष्य में इस प्रकार की गलती होने पर विद्यालय परिसर स्थित शिकायत पेटी द्वारा अपनी बात पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जब विद्यालय परिसर में ही बच्चों के लिए शिकायत पेटी लगाई गई है तो बच्चों को इसका उपयोग करना चाहिए था, उन्हें सीधा जिला कार्यालय पहुंचने की आवश्यकता नहीं थी। जिला शिक्षा अधीक्षक नीलम एलिन टोप्पो ने कहा है कि वर्तमान में बच्चों को समझाते हुए उनकी समस्या सुन ली गई है साथ ही विद्यालय के वार्डन को भी निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार की समस्या भविष्य में ना हो इस पर ध्यान रखा जाए।

साथ ही बच्चों के बेहतर भविष्य और शिक्षा पर ध्यान दिया जाए। सभी 15 बच्चों को सह कुशल शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार उनके विद्यालय भेज दिया गया।

# सरहुल पर्व को राष्ट्रीय पर्व का मिले दर्जा : धर्मगुरू बंधन तिग्गा

## डुमरी प्रखंड में धूमधाम से मनाया गय सरहुल पर्व, निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



**खबर मंत्र संवाददाता**

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड में प्राकृति का महापर्व सरहुल पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। सरना स्थल में बीरबल बैगा, कीनू बैगा एवं पुजार पाहन के द्वारा धार्मिक विधि विधान से पूजा अर्चना करायी गयी। जिसके बाद भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में मुख्यातिथि आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा, विशिष्ट अतिथि सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव शामिल हुए। जिनका भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों के साथ सभी लोगों ने सरना स्थल में पूजा अर्चना की और मत्था टेककर चाला मां से क्षेत्र और राज्य की जनता के लिए शुभकामनाएं मांगी। वहीं हजारों प्रकृति पूजक प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा की सरहुल प्राकृतिक पूजक आदिवासियों का एक महत्वपूर्ण पर्व है। जिसमें आदिवासियों के पारंपरिक वेषभूषा, नाच गान के माध्यम से एकता, आपसी प्रेम, भाईचारगी को दर्शाता है। हमारा प्रयास है कि इस सरहुल पर्व को राष्ट्रीय पर्व का दर्जा मिले। देश के सभी राज्य चाहे वो राज्य असम हो बंगाल हो या बिहार हो उड़ीसा, छत्तीसगढ़ या मध्य प्रदेश सभी राज्यों का लोग मिलकर एक दिन इस पर्व को मनायें। ताकि सरकार इस पर्व को लेकर राष्टीय पर्व घोषित कर एक दिन अवकाश घोषित करे। सभी आदिवासियों को मिलकर इस पर्व को राष्ट्रीय पर्व घोषित करवाने का प्रयास किया जाना चाहिए। मौके पर पंसस बेला देवी, मोहरलाल उरांव, शिवबालक उरांव, संजय उरांव, सुखमुनी देवी, अनुराधा देवी, संपति देवी, फूलकुमारी देवी,अनपूर्णा देवी, ममता देवी, मीना देवी, मंजू कुमारी एक्का, जगरनाथ भगत, बीरेंद्र भगत, हेमंत भगत, रविशंकर भगत, सुमेश उरांव, श्रीराम उरांव, बच्चू उरांव, रामकृपा उरांव, जून उरांव, वासुदेव भगत, विजय भगत, दिनेश उरांव, ज्योति बहेर देवी, रेखा मिंज, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने प्रखण्ड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



घाघरा। घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस क्रम में विद्यालयों में बने मतदान केंद्र घाघरा एस एस हाई स्कूल, बेलागड़ा स्कूल, गोमट स्कूल, कस्पोड़्या स्कूल, हालमाटी स्कूल, गोया आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। जहां मूलभूत सुविधा पेयजल, बिजली, शौचालय,फर्नीचर भवन सहित कई चीजों को देखा। व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिया। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के पास मतदाताओं और मतदान कर्मियों को कोई परेशानी ना हो। जिसे लेकर सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। मौके पर शिक्षक संजय कुमार, सतीश कुमार बंसल सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# मनरेगा के काम में जेसीबी का हो रहा उपयोग



**खबर मंत्र संवाददाता**

**जारी।** सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के ग्रामीणों के लिए मनरेगा के तहत रोजगार दिया गया है।परंतु कुछ लाभुक अपना रूवाब दिखाकर मशीन का उपयोग करते नजर आ रहे। जिससे मजदूरों के रोजी रोजगार छिनता नजर आ रहा है। बता दे कि जारी प्रखंड के मेराल पंचायत के सकतार गांव में मनरेगा का कुआं जेसीबी मशीन से खोदा जा रहा है। जबकि मनरेगा एक्ट में कुआं की खुदाई स्थानीय मजदूरों से कराना है। परंतु मनरेगा एक्ट के विरुद्ध जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है।सोमवार रात को जेसीबी मशीन से कुआं खोदने का ग्रामीणों ने विरोध किया। जिसके बाद भी लाभुक के द्वारा मुखिया का धौस दिखाकर जबरजस्ती खोदा गया। वर्ष 2023-24 के तहत सकतार गांव में मनरेगा कुआं का योजन गांव के ही राफेल मिंज के द्वारा कराया जा रहा है। लाभुक राफेल मिंज पंचायत के मुखिया चाजरेंन मिंज का रिश्तेदार है। जो कि मनरेगा एक्ट के तहत मुखिया के रिश्तेदार कार्य नही करा सकते है। वही मामला की जानकारी पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल चुका है और तो और कई लोग इसमें मैनेज करने में एड़ी चोटी एक किये हुए है। साथ ही जेसीबी मशीन किस व्यक्ति का है इस बात की कोई जानकारी नही मिल पाई है। हालांकि बिचौलिया तालाब के सामने नजर आया। इसकी सूचना बीपीओ सहित अन्य कर्मियों को भी दिया गया। परंतु वह यह कहकर पल्ला झाड़ दिया कि इस योजना को मनरेगा से प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है। यहां तक की इस योजना का जियो टैग भी नहीं किया गया है। बताते चलें कि मनरेगा योजना के तहत संचालित योजनाओं को कार्य प्रारंभ करने से पहले सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य है। परंतु कार्य प्रारंभ करने से पहले किसी भी योजना पर सूचना पट्ट नहीं लगाया जाता है।

### मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में राम जन्मोत्सव मनाया गया



लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में रामनवमी के अवसर पर रामजन्मोत्सव और भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शो पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी ने सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति, भए प्रकट कृपाला.., हनुमान चालीसा, हनुमान जी की आरती, मानस पाठ किया गया। महाविद्यालय के आचार्य रितेश कुमार पाठक और कविता कुमारी के द्वारा तुलसीदास की कवितावली का गायन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ज्योति प्रिया कुजूर, अभय साहू व किरण कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट का सम्मानित किया गया। अध्यक्ष शशिधरलाल अग्रवाल ने कहा कि भगवान राम के आदर्श गुणो को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि श्री राम जी का जीवन, हमेशा आदर्श प्राप्त करने के लिए शिक्षा देता है। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि श्री राम से बड़ा उनका नाम और नाम से भी बड़ा उनका काम है। कार्यक्रम का संचालन ऋद्धि मिश्रा व स्वागत का कार्यक्रम कविता कुमारी ने कराया। निर्णायक की भूमिका प्रीति कुमारी गुप्ता और सनोज साहू ने निभाया। कार्यक्रम में रश्मि साहू, यशोदा, चेतना प्रिया, अर्चना, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### महिला की हत्या मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुंदगड़ी ग्राम स्थित भेसलेटा टाड़ के समीप रविवार को धारदार हथियार से स्व बिमला मांझी की पत्नी कलावती देवी की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या कांड में शामिल गांव के ही स्व सिद्धार्थ उरांव का पुत्र अशोक उरांव, स्व ताजे महतो का पुत्र काशीनाथ महतो और विनोद मांझी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी रंजिश के कारण तीनो ने मिल कर रविवार को खेत मे काम करने के दौरान धारदार हथियार से महिला का हत्या कर दिया था। तीनो ने अपना अपराध स्वीकार किया है।

### रामनवमी के अवसर पर भंडरा महावीर मंडल द्वारा निकाली गयी सप्तमी की झांकी



भंडरा। महावीर मंडल अखाड़ा कमिटी भंडरा के द्वारा सोमवार देर शाम सप्तमी आकर्षक झांकी निकाली गई। झांकी ठाकुर बाड़ी प्रांगण से शुरू होकर थाना रोड होते हुए नवडीहा चौक मुख्य पथ होते हुए गांव मे भ्रमण किया। झांकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सामिल हुए। ठाकुर बाड़ी प्रांगण में रामनवमी मेला का आयोजन किया जाता है। मेला में विभिन्न गांव का रामनवमी अखाड़ा झांकी के साथ जुलूस के साथ मेला में भाग लेते हैं। मेला आयोजन कमिटी द्वारा झांकी एवम अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। अखाड़ों को सम्मानित किया जाता है।

# आजसू का कार्यकर्ता सम्मेलन 28 को



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी के द्वारा 28 अप्रैल को लोहरदगा में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी डॉक्टर देवशरण भगत, आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह जिला प्रभारी नीरू शांति भगत एवं एनडीए के लोहरदगा लोकसभा सीट से उम्मीदवार समीर उरांव सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। इसके मद्देनजर आज आजसू पार्टी के द्वारा सदर प्रखंड के जूरिया, बाघा, रामपुर, रुगडी टोली, खखपरता, करम टोली सहित अन्य गांवो का दौरा किया गया और जनसंपर्क करते हुए आजसू पार्टी के तमाम ग्राम प्रभारियो से मुलाकात की गई एवं 28 अप्रैल के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। इस जनसंपर्क अभियान मे लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, आजसू पार्टी सदर प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश उरांव, युवा मोर्चा के सह संयोजक राहुल राजबाला, रजत तमेडा, अकील अंसारी, शमीम अंसारी, बसंत भगत, अनीता उरांव, आशीष कच्छप, ललित कुजूर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बिजली मामलें से संबंधित स्पेशल लोक अदालत को लेकर हुई बैठक



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 27 अप्रैल को लगने वाले बिजली एवं चेक बाउंसिंग से संबंधित मामले को लेकर विशेष लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडे के कार्यालय कक्ष में बिजली के कार्यपालक अभियंता दीपक खलको एवं अनुमंडल पदाधिकारी अज्जू कच्छप के साथ बिजली से संबंधित स्पेशल कोर्ट अखिलेश कुमार तिवारी एवं डालसा सचिव राजेश कुमार के उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें पीडीजे ने दीपक खलको को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जो चिट्ठी जनरल मैनेजर से निर्गत हुई है, इसी आलोक में विशेष लोक अदालत में मामले सुलझाए जाएं। जिसके तहत घरेलू बिजली में 5 किलो वाट तक बिजली चोरी के केस में फाइन की राशि 4000 तय की गई है। जबकि कमर्शियल विद्युत चोरी के केस में 10,000 तथा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में विद्युत चोरी के केस में फाइन की राशि 20,000 तय की गई है।

# मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश नयी उंचाईयों को छुआः प्रदीप

## भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ने किया प्रेस कान्फ्रेंस



प्रेस कान्फ्रेंस में पूर्व प्रदेश प्रवक्ता, जिलाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री व अन्य।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को पार्टी के चुनाव कार्यालय होटल सभेकर में प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने जिस पर प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है। वह अपने आप में इस बात की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत नई ऊंचाइयों को छूकर एक विकसित राष्ट्र बनने की कतार पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा। मोदी सरकार डंके की चोट पर जनता से अबकी बार 400 पार लोकसभा सीट की जीत मांग रही है। क्योंकि वे देश की जनता की बुनियादी जरूरतों को ध्यान रखते हुए पिछले दस साल से बिना छुट्टी लिए बिना आराम किये सतत निरन्तर कार्य कर रहे हैं। इन्हीं सब कार्यों को फलीभूत कर मोदी सरकार ने 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। भारत दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र गरीबों की स्थिति में सुधार के लिए और पांच वर्षों तक गरीब कल्याण अन्न योजना संचालित करने की घोषणा की है। 70 वर्ष के उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा। वहीं संकल्प पत्र में रेलवे के विस्तारीकरण की घोषणा की है। जिसे गुमला जिला को भी लाभ मिलेगा। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने संगठन के लिए पूरे राष्ट्रीय स्तर पर जनता के बीच जा कर काम किया है एवं संसद में उनके द्वारा उठाये गए बुनियादी मुद्दों एवं जोरदार वक्तव्यों से सरकार, संगठन एवं जनता के बीच अपनी अलग छाप छोड़ी है एवं अलग पहचान बनाई है। इनके प्रयासों से गुमला जिला को रेलवे से जोड़ने हेतु सर्वे का काम भी पूर्ण हो चुका है। प्रेसवार्ता में प्रदीप सिन्हा के अलावे जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी एवं सविंद्र सिंह, गुमला विधानसभा प्रभारी श्रीचन्द्र प्रजापति, प्रदीप प्रसाद, वरिष्ठ नेता बिनोद प्रसाद, भिखारी भगत, सागर उरांव एवं तेली समाज के जिला अध्यक्ष श्याम साहू, संजय कुमार साहू, चुनाव कार्यालय प्रभारी किशोर मिश्रा, संदीप प्रसाद, संतोष सिंह, नगर मण्डल अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, विपिन सिंह, उज्ज्वल मिश्रा, सुधीर नंद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जय श्री राम के नारों से गूंजा लोहरदगा

## शस्त्र चालन और बाजा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भगवान श्री राम के कार्य और व्यवहार को हमे अपने जीवन में उतराने का करना चाहिए प्रयासः रोहित उरांव



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली द्वारा सोमवार की देर रात अस्त्र-शस्त्र चालन और बाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रोहित प्रियदर्शी उरांव, डॉ गणेश प्रसाद, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा व निशिथ जायसवाल द्वारा लाठी भांजकर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न अखाड़ों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में लड़कियों ने भी भाग लिया और शानदार खेल अस्त्र शस्त्र का दिखाया। मौके पर जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाने के लिए प्रथम पुरस्कार बाबा अंबेडकर नगर, दूसरा बरवाटोली शिव मंदिर और तीसरा स्थान हटिया मुहल्ला को मिला। वही बाजा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वाल्मीकि नगर और दूसरा स्थान सुनहरा संघ तेतरतर को मिला। मौके पर मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा की मयार्दा पुरषोत्तम राम आज भी प्रासंगिक है। उनके कार्य और व्यवहार को हमे अपने जीवन में उतराने का प्रयास करना चाहिए। रामनवमी भगवान श्री राम के जन्मोंत्सव का त्यौहार है। प्रभु श्री राम के मंदिर स्थापित होने के बाद पहली बार रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। इस पर्व को सभी लोग मिलजुलकर आपसी प्रेम और भाईचारगी के साथ मनाए।

# रामनवमी को लेकर नगर प्रशासक ने चौक चौराहा एवं अखाड़े में जाकर लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता


जायजा लेते प्रशासक।

**लातेहार।** रामनवमी पर्व को लेकर नगर प्रशासक राजीव रंजन ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहा एवं अखाड़े में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत द्वारा चौक चौराहों में लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरा को लेकर कई दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने शहर के बाईपास चौक में सभी चार प्रमुख सड़कों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। श्री रंजन ने कहा कि रामनवमी पूजा में असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए शहर के हर प्रमुख चौक चौराहा एवं रामनवमी जुलूस निकलने वाले रूट पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा श्री रंजन ने शहर के कई प्याऊ का भी निरीक्षण किया और उसे क्रियाशील करने का निर्देश दिया। शहर के श्री वैष्णव देवी के मंदिर के पास अवस्थित प्याऊ का निरीक्षण किया। उन्होंने प्याऊ के दरवाजे को दुरुस्त करने एवं शहरी जल आपूर्ति के तहत कनेक्शन देने का निर्देश कनीय अभियंता संदीप बेदिया को दिया। मौके पर सिटी मैनेजर राजकुमार वर्मा समेत नगर पंचायत के कई कर्मी मौजूद थे।

## पुलिस प्रशासन ने रामनवमी पर्व को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता


फ्लैग मार्च में उपस्थित पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर लातेहार एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में बालूमाथ में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय उपस्थित थे। फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना परिसर से निकलकर छठ तालाब, टमटम टोला, गालिब कॉलोनी, तेली टोला होते हुए पुनः थाना पहुंची। मौके पर बोलते हुए लातेहार एसडीओ कौशल कुमार ने कहा की लातेहार जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण मानने को लेकर कटिबद्ध है। आप सभी रामनवमी पर्व आपसी भाईचारा के साथ मिलकर मनाएं अगर शांति व्यवस्था में असामाजिक तत्व खलल डालेगा तो उसे चिन्हित कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष सत्यम ने कहा की रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाए। रामनवमी पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी फैलाने का कोशिश करेगा तो उसे बक्सा नहीं जाएगा। कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा में सदैव तत्पर है रामनवमी पूजा के दौरान सभी चौक चौराहा विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।

### बरवाडीह में नए अंचलाधिकारी के रूप में मनोज कुमार ने दिया योगदान

# यहां के लोगों से मिले प्रेम व्यवहार को सदैव याद रखूंगा : संतोष शुक्ला


नए सीओ को प्रभार देते निर्वतमान सीओ, मौजूद बीडीओ।

➲ जन शिकायतों को दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता : मनोज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचलाधिकारी के पद पर नए सीओ मनोज कुमार ने मंगलवार को योगदान कर लिया। निवर्तमान सीओ संतोष शुक्ला ने उन्हें प्रभार दिया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने स्थानीय मुख्य समस्याओं पर चर्चा की। इस क्रम में स्थानांतरित सीओ ने अपने अनुभव नव पदस्थापित सीओ के साथ साझा किए। उधर प्रभार ग्रहण करने के उपरांत नए सीओ ने कहा कि जन शिकायतों को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो लोग कार्यालय में आकर उनसे मिल सकते हैं। कहा कि भूमि विवाद के मामलों के निपटारे के लिए वे जनता दरबार में आने वाले मामलों के त्वरित सुनवाई व निष्पादन पर बल देंगे। दूसरी ओर निर्वतमान सीओ संतोष शुक्ला ने कहा कि बरवाडीह अंचल में सीओ के रूप में अपने छोटे से कार्यकाल में सभी लोगों का सहयोग मिला। यहां के लोगों से मिले प्रेम व्यवहार को सदा याद रखूंगा। उन्होंने आम लोगों को नए सीओ का सहयोग करने की अपील की। गौरतलब है निर्वतमान प्रभारी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला लातेहार जिले के मनिका अंचल कार्यालय में पदस्थापित है उन्हें बरवाडीह अंचल का अतिरिक्त प्रभार पिछले दो माह पूर्व मिला था। उन्होंने अपने कार्यकाल में भूमि संबधित कई ज्वलंत मामलों और विवादो का निष्पादन किया। वहीं इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नए व निर्वतमान अंचलाधिकारी का स्वागत फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र और बुके भेंटकर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, समाजसेवी हेसामूल अंसारी, कनीय अभियंता केदार सिंह और जयप्रकाश रजक रजक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी की पूजा संपन्न


पुजा करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी की पूजा संपन्न करायी गयी। पुजारी त्रिभुवन पांडेय व राजेश्वर पाठक के सानिध्य में महाअष्टमी की पूजा अर्चना की गयी। मौके पर यजमान के रूप में संतोष कुमार सप्तनीक मौजूद थे। इसके अलावा सह यजमान के रूप में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला समेंत कई लोग शामिल थे। मौके पर संधि पूजा व पुष्पाजंली की गयी। बुधवार को अपराह्न 12 बजे हवन व पुणार्हुति एवं नौ कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया जायेगा। आयोजन की तैयारियों में मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहु, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह के अलावा राजीव कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, उज्जवल कुमार, आकाश, परितोष ठाकुर व अनिल प्रसाद आदि सक्रिय हैं। बता दें वासंतिक नवरात्र के मौके पर वैष्णव दुर्गा मंदिर में कलशों की स्थापना कर माता के नौ रूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रतिदिन संध्या आरती और महा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

## ईद के उपलक्ष्य पर मुस्लिम युथ कमिटी के द्वारा किया गया मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन

➲ शायरों और कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर बांधा समां


मौके पर मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर से सटे तिलैयाटांड स्थित मदरसा खैरुल उलूम के प्रांगण में सोमवार शाम जश्न ए ईद के अवसर पर मुस्लिम युथ कमिटी के द्वारा मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेबीकेएसएस नेता दीपक कुमार गुप्ता, चंदवा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, मो एहसान, यूथ कांग्रेस के नेता आफताब आलम (लातेहार), युथ कमिटी के अध्यक्ष डॉ शम्स रजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मौलाना आशिक नदवी साहब के द्वारा प्रस्तुत तिलावत ए कुरान पाक से की गई। कार्यक्रम में पहुंचे शायरों ने एक से बढ़कर एक शायरी, नज्म सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यूपी आजमगढ़ के रहने वाले मशहूर शायर असद आजमी की उम्दा शायरी कारगिल के शहीदों की जागीर नहीं देंगे, हम जान तो दे देंगे कश्मीर नहीं देंगे, भारत के तिरंगे की खाता हूं कसम सुन लो, कश्मीर तो क्या हम उसकी तस्वीर भी नहीं देंगे। शायरी सुनने के बाद पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंज उठा।

**शायर दिल खैराबादी ने भी कार्यक्रम में बांधा शमां**

हरदिल अजीज शायर दिल खैराबादी ने अपनी सुरीली आवाज से लोगों को दीवाना बना दिया। उनकी देशभक्ति शायरी बांध लेना तिरंगे का सर पर कफन,ये हर एक सच्चे मुसलमान की पहचान है,कह कर गद्दार हमे यूं बेआबरू न करो,आबरू ए वतन यहां हर मुसलमान हैं। वंही कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुफयान हैदर (रांची) ने अपनी बेहतरीन शायरी और नज्मों से कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता दीपु सिन्हा, राजेंद्र यादव, रवि राज, मजहर खान (महुआडाँड़) समाजसेवी रवि कुमार डे, सौरभ श्रीवास्तव उर्फ ट्विंकल आदि कई लोग शामिल थे। कार्यक्रम के उपरांत मुस्लिम युथ कमिटी की ओर से सायरो व कवियों को सम्मानित करने का काम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ कमिटी के अध्यक्ष डॉ शम्स रजा, सचिव मुबारक आलम, कोषाध्यक्ष राजू भाई, मो इरफान उर्फ सज्जू भाई, मो आदिल, गुड्डू आलम, आजाद आलम, नसीम अंसारी उर्फ लालु, अरशद भाई, साबीर आलम, नाजिश, जीशान समेत कमिटी के अन्य सभी सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी।

# मतदाता सहयोग हेतु चयनित किशोर स्वयं सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेते किशोर स्वयं सेवकों।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े, इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा हर प्रकार के जरूरी तैयारी को पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदान केंद्र में वृद्ध असहाय व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में सहयोग करने को लेकर चयनित किशोर स्वयंसेवक को प्रशिक्षण देने को लेकर चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंदन प्रसाद बीएलओ व किशोर स्वयं सेवकों के बीच अहम जानकारियां साझा की। बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि किशोर स्वयंसेवक प्रखंड के सभी बूथों पर मतदान के दिन मौजूद रहेंगे व अपने-अपने मतदान केंद्र पर दिव्यांग, वरिष्ठ एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को व्हीलचेयर व अन्य मदद कर प्रवेश द्वार तक पहुंचाने में मदद करेंगे। इसके अलावे पुरुष एवं महिला मतदाता को बूथ पर मतदान के दौरान कतारबद्ध तरीके से लगाने एवं बीएलओ की निगरानी में रहकर मदद करने का कार्य भी करेंगे। बीडीओ ने बताया कि जिस मतदान केंद्र में 400 से कम मतदाता है वहां दो वॉलिंटियर्स एवं जिस बूथ पर 400 से अधिक मतदाता है वहां चार वालंटियर नियुक्त किए गए हैं। यह वॉलिंटियर्स पोषक क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्रा को बनाया गया है जिनकी उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच की है। बीडीओ श्री प्रसाद ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान के दिन निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी वॉलिंटियर्स व कर्मियों को दी। मौके पर लव कुमार पासवान, मिरु झा, पूजा विनायक, ज्योति बाला, मनोज प्रसाद, कुशध्वज कुमार सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक, मतदान केंद्र जागरूकता समूह के सदस्य एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# टोरी रेलवे फाटक का बैरियर में बार-बार आ रही है तकनीकी खराबी, आमलोग हो रहे हैं परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता


हाथ से रेलवे फाटक उठाकर वाहन पार करते लोग।

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी रेलवे जक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक का बैरियर पाइप में विगत कई दिनों से लगातार तकनीकी खराबी आ रही है, जिससे लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी दिन में कई बार फाटक बैरियर पाइप बंद होने के बाद नही खुला। कभी खुला तो फाटक के सिर्फ साइड का ही बैरियर खुल पाया, जिससे कई बार रेलवे लाइन पर जाम की स्थिति बनी। बैरियर नही खुलने के बाद कई लोग हाथों से बैरियर को हटा कर फाटक पर करते देखे गए, सूचना के बाद रेल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंच कर फाटक को ठीक किया। आमलोग ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि राजस्व उगाही के मामले में अव्वल रेलखंड कही जाने वाली बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर स्थित टोरी रेलवे समपार फाटक पर लोगो कई दशकों जाम की समस्या से परेशान है। टोरी जंक्शन पर बरकाकाना-बरवाडीह के साथ साथ टोरी-रांची भाया लोहरदगा व टोरी-बीराटोला-शिवपुर रेलखंड पर मिलान होता है। जिस कारण यहां पर लगभग 10 रेलवे लाइन बिछी है, जिसमें मिनट-दर-मिनट ट्रेन आती-जाती रहती है व रेलवे फाटक 24 घंटे में लगभग 20 से 22 घंटे रेलवे फाटक बंद रहती है। ऐसे में एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग से आवागमन करने वाले यात्री समेत चंदवा प्रखंड की लगभग डेढ़ लाख आबादी परेशान है। विदित हो कि लगभग ढाई वर्ष पूर्व टोरी रेलवे फाटक पर जाम से निजात दिलाने को लेकर आरओबी निर्माण की आधार शिला रखी गयी थी व फाटक के कुछ दूरी पर अंडरपास निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लेकिन दलदल स्थान पर अंडर पास को लेकर स्थल चयन किये जाने के बाद लगातर जल जमाव के कारण वर्तमान में अंडर पास निर्माण का काम ठंडे बस्ते में चला गया है।

## झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंदर 16 का हुआ आयोजन



पुरस्कृत करते अतिथि।

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंदर 16 का मंगलवार को पहला मैच लातेहार जिला खेल स्टेडियम में लातेहार तथा गढ़वा के बीच खेला गया। जहां लातेहार में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट होकर 297 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। गढ़वा की ओर से कार्तिक उरांव ने दो तथा आकाश पाल आकाश पाल ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी गढ़वा ने 36 में ओवर में 173 रन पर पूरी टीम देर हो गई जिसमें लातेहार की ओर से अर्श आर्य तथा राजदीप महतो ने तीन–तीन विकेट चटकाए मोही अभिषेक कुमार ने दो विकेट लिया। लातेहार 124 रन से इस मैच को जीत लिया। जहां लातेहार के कुमार सानू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कुमार शानू को नगद 5000 रूपया देकर सम्मानित किया। मैच के अंपायर नीरज पाठक तथा कांजीलाल थे जबकि स्कोरिंग संदीप कुमार ने किया। मैच ऑब्जर्बर कुलदीप शर्मा तथा एल ओ आलोक राय थे। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कमिटी सदस्य दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, श्रवण महली, अंकित गौरव, समरेस बादल, धीरेंद्र सिंह सुरवार, आनंद कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से सटे टेमराबार (लोहरा टोला) ग्राम में पारिवारिक विवाद में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सपना देवी 35 वर्ष पति संजय भुइयां ग्राम टेमराबार थाना बालूमाथ निवासी दोनों पति-पत्नी के बीच शराब पीने को लेकर अक्सर विवाद होते रहता था। मंगलवार को भी पति द्वारा अधिक शराब पिए जाने का विरोध करने पर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।


घायल महिला।

## मोटरसाइकिल से गिरकर दो घायल


घायल युवक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ–रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में श्यामदयाल उरांव 38 वर्ष पिता बिरसु उरांव एवं सतीश सिंह 25 वर्ष पिता स्व. विजय सिंह दोनों ग्राम लुकैयामोड थाना चंदवा निवासी शामिल है। घटना के संबंध में सतीश सिंह ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ अपने बहन के घर बरियातू आया हुआ था। जहां से वापस लौटने क्रम में चितरपुर ग्राम के पास मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। घटना के बाद मकईयाटांड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर के द्वारा दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता


फ्लैग मार्च निकालते पुलिस पदाधिकारी।

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त व एसपी के निदेर्शानुसार मंगलवार को रामनवमी त्योहार को क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाए रखने लिए थाना क्षेत्र के बारियातू, इटके, शिबला व फुलसु ग्राम में बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम व थाना प्रभारी राजा दिलावर के संयुक्त नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू से प्रारंभ होकर एनएच 22 होते लैम्पस, ग्रामीण बैंक, बस स्टैंड, श्रीराम मंदिर, फुलसु चारमोहान तक इसके पश्चात इटके ग्राम में ईटके तीन मोहान चौक से प्रारंभ होकर मस्जिद टोला, बड़काटोला, शिबला ग्राम में चौकसे प्रारंभ कर मस्जिद टोला व मुख्य सड़क होते कई टोला मे फ्लैग-मार्च किया गया। उधर फुलसु में बाजार टांड से प्रारंभ होकर मुस्लिम टोला, हरिजन टोला, बस्ती सहित कई जगहों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान बीडीओ राम व थाना प्रभारी दिलावर ने आम जनो से रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पुरे सद्भावना के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों से सामाजिक समरसता का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूजा करने की अपील की। वहीं लोकसभा चुनाव को मद्देनजर त्योहार व मतदान को अच्छे से गुजारने को कहा ताकि आपसी भाईचारा मजबुत बना रहे इसके आलावा भी उन्होने क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था व सद्भावना कायम रखने को लेकर कई बाते कही। फ्लैग मार्च में थाना के बालेश्वर गंझु, छोटु पाण्डा, जितेन्द्र कुमार, टोंटी पंसस मोहम्मद होजैफा, समाजसेवी मो सालिम सहित कई पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण व पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## रामनवमी जुलूस नहीं निकालने को लेकर दिया आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में इस बार रामनवमी पूजा को लेकर शोभायात्रा नहीं निकल जाएगी। जिसको लेकर महावीर मंदिर समिति द्वारा बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम को आवेदन देकर कहा है कि प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के दिन रामनवमी पुलिस एवं झांकी निकालने की परंपरा रही है एवं अष्टमी को बालूमाथ में मोटरसाइकिल जुलूस भी निकाला जाता है। लेकिन रामनवमी पूजा समिति के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की अपराधियों द्वारा हत्या कर दिए जाने के कारण उनके शोक में इस वर्ष रामनवमी पर्व को लेकर किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। इसको लेकर सभी अखाड़ा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। वही इस वर्ष रामनवमी पर किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यक्रम नहीं आयोजित किए जाएंगे। दिए आवेदन में रामकुमार गुप्ता, रोहित कुमार, आनंद कुमार, रंजीत गुप्ता, ब्रह्मेश्वर प्रसाद महेश्वर प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, सिकंदर साव, बलराम साव समेत कई लोगों के हस्ताक्षर है।

## झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग भोपाल में की बैठक


बैठक करते लोग।

**लातेहार।** झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग का पांच सदस्यी टीम भोपाल पहुंच कर मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के पदाधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक की। इस आशय की जानकारी आयोग के सदस्य लक्षमण यादव (लातेहार) ने दी। उन्होने बताया कि झारखंड में नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण देने हेतू सर्वोच्च न्यायालय के ट्रिपल टेस्ट को ले कर दिये गये निर्देश के आलोक में यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा ट्रिपल टेस्ट के संबंध में पूर्ण जानकारी एकत्रित की गयी। एमपी पिछड़ा आयोग के द्वारा झारखंड के प्रतिनिधियों को प्रपत्र, प्रारूप व अन्य जानकारी दी गयी। सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गयी प्रतियां भी उपलब्ध करायी गयी। पांच सदस्यीय इस टीम में झारखंड पिछड़ा आयोग के तीन सदस्य नंदकिशोर मेहता, लक्षमण यादव व केशव महतो कमलेश के अलावा अपर सचिव मो मजहर हुसैन व सहायक प्रशाखा पदाधिकारी अनिल पाठक शामिल थे। जबकि मध्य प्रदेश पिछड़ा आयोग के सचिव डॉ. सूरज खोदरे व एमपी पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुसंधान पदाधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार विद्यार्थी बैठक में शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों की एक बैठक एमपी आयोग के पूर्व अध्यक्ष व विधायक प्रदीप कुमार पटेल के साथ भी हुई।

## स्पीड न्यूज

### डॉ अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन


मंचासीन अतिथि।

**गढ़वा।** कोरवाडीह अंबेडकर क्लब के तत्वाधान में 133वीं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, जिला परिषद सदस्य जैतुला अंसारी, कोरवाडीह पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी, हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति के अध्यक्ष शफीक अंसारी, उप प्रमुख फैजुल अंसारी, अमित सिंह ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर तनवीर आलम ने कहा कि बाबा साहब एक महान पुरुष थे और उन्होंने सभी समुदाय के हित के लिए ऐसा संविधान दिया जिससे आज शोषित पीड़ित समाज को अधिकार मिल रहा है। जिला पार्षद सदस्य ने कहा कि बाबा साहब ने हमें जीवन जीने का अधिकार दिया। शरीफ अंसारी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए संविधान के बदौलत ही आज हम कहीं भी अपना अधिकार के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं। मौके पर मोजीबुर रहमान, शंभू राम, झामुमो के पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, युवा समाजसेवी सुमेर कुमार चौधरी, चंचल रवि, बैजनाथ राम, वासुदेव राम, अनिल राम, क्लब के अध्यक्ष रामचंद्र राम, सचिव जगदीश कुमार, कोषाध्यक्ष अशर्फी राम, प्रदीप कुमार रवि, शंभू राम आदि लोग उपस्थित थे।

### ज्ञान निकेतन में अंबेडकर जयंती पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता


उपस्थित बच्चे।

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर तथा अंबेडकर जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि बाबा साहब जाति व्यवस्था को समाप्त करने और भारत में सभी को एक समान नागरिकता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश में जाति और धर्म आधारित असमानताओं को समाप्त करने में उनके संघर्ष और योगदान की सराहना को इस महान व्यक्ति को सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिए पूरे देश में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से साथ मनाया जाता है। वे राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र के विद्वान थे साथ ही साथ वह एक महान दार्शनिक और वक्ता भी थे। मौके पर शिक्षक उदय प्रकाश, अभिषेक कुमार पांडेय, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, बीरेन्द्र साव, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहीन, शिवानी कुमारी, नीलम कुमारी, सुष्मिता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### झामुमो नेता पूर्व विधायक अनंत व ताहिर अंसारी पर हुआ एफआईआर


अनंत प्रताप देव व ताहिर अंसारी।

**श्री बंशीधर नगर/धुरकी।** जेएमएम नेता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा और ताहिर अंसारी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज हुआ है। इस संबंध में धुरकी थाने में दोनों नेताओं के साथ कई अन्य अज्ञात लोगों पर केस रजिस्टर्ड हुआ है। धुरकी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने दोनों नेताओं पर एफआईआर दर्ज करायी है। दोनों नेताओं और उनके समर्थक अज्ञात लोगों पर बिना अनुमति के सरकारी स्थल पर मीटिंग करने का आरोप है। इसकी पुष्टि करते हुये धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की लिखित शिकायत के आलोक में झामुमो नेताओं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी के साथ-साथ उनके कई अन्य अज्ञात समर्थकों के विरुद्ध आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ है। उपरोक्त लोगों पर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान वन परिसर में स्थित सरकारी डाकबंगला में बगैर अनुमति के उलगुलान महारैली से संबंधित बैठक करने का आरोप है।

### जिप अध्यक्ष ने किया बाबूडीह भाया बुल्का सड़क का निरीक्षण


निरीक्षण करती जिप अध्यक्ष।

**रमना।** सलोनी जेभी कंट्रैक्शन के मुंशी और मजदूरों के द्वारा एक लम्बा बांस लेकर जाम भव में डाला जा रहा है। इस जाम भव की लंबाई करीब 60-70 मीटर का होगा और 15-20 मीटर के बांस डाला जा रहा था जो 10 मीटर भी जाम भव के अंदर नहीं जा पाया। इसकी नजर ग्रामीणों पर पड़ी तो इस जाम भव, से प्रभावित किसानों की भीड़ एकत्रित हो गए। किसानों ने संवेदक द्वारा इस प्रकार भव निर्माण करने पर इसकी जानकारी जिला परिषद जिलाध्यक्ष शांति देवी को जाम भव से जल निकासी नहीं होने और सिंचाई प्रभावित होने वाले किसानों ने सुचना दी। मौके पर जिप अध्यक्ष पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या सुनी और उपस्थित मुंशी से इस पुल के बारे में जानकारी मांगी। जिसके बाद उन्होंने बताया की इस पुल पर बने वबूतरा को ही ऊपर कर सड़क से ऊपर कर देना है, जाम भव की समस्या के बारे में पूछने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने कहा की इसके लिए तो अधिकारी ही बता सकते हैं। जिप अध्यक्ष ने जाम भव की समस्या को दूर करने के लिए दिशा निर्देश दिया। साथ ही सड़क को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने का निर्देश दिया। मौके पर सूर्यदेव राम, प्रभात सिंह, सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार, उदय मेहता, आकाश कुमार, उपेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### रामनवमी को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च

**कांडी।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पुलिस ने पूर्व संध्या पर मंगलवार को कांडी बाजार में फ्लैग मार्च निकाली। यह फ्लैग मार्च पुलिस इंस्पेक्टर आदित्य ठाकुर के नेतृत्व में निकाली गई। फ्लैग मार्च थाना मोड़ से बाजार होते पेट्रोल पंप मोड़ तक गयी फिर पुनः वापस थाना परिसर तक गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने सभी पूजा कमेटी व आखाड़ा के अध्यक्षों सचिवों एवं सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों से आग्रह किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु को सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को खबर दें, जिसमें समय रहते उसपर कार्रवाई किया जा सके। कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट नहीं करें, अन्यथा पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई संजय राम, एसआई रौशन राम, एएसआई भवेश झा सहित पुलिस बल शामिल थे।

## देश की एकता व अखंडता हमेशा बनी रहे, यही भगवान से कामना है : मंत्री मिथिलेश

# श्री महावीर मंडल व श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल ने निकाला जलूस

- रामनय हुआ गढ़वा निकाली गई भव्य मंगलवारी जलूस, शामिल हुए मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** रामनवमी पूजा के मौके पर पूरा गढ़वा राम मय हो गया है। मंगलवार को गढ़वा में मंगलवारी जुलूस का आयोजन किया गया। श्री महावीर मंडल एवं श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के तत्वावधान में काफी भव्य एवं आकर्षक मंगला जुलूस निकाला गया। काफी संख्या में महिला, पुरुष रामभक्तों ने जुलूस में हिस्सा लिया। श्री महावीर मंडल की ओर से आयोजित मंगला जुलूस में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। पूरा गढ़वा जय श्री राम एवं अन्य भक्ति गीतों से गूंजता रहा। श्री महावीर मंडल का जुलूस मझिआव मोड़ झंडा चौक स्थित सरस्वती नदी पुल के समीप से निकलकर रंका मोड़ पहुंचा। पुनः मेन रोड से रामलला मंदिर पहुंच कर समाप्त हो गया। जबकि श्री रामनवमी पूजा महा समिति जेनरल का जलूस चिनिया मोड़ स्थित मां काली मंदिर परिसर से निकलकर रंका मोड़ संकट मोचन मंदिर पहुंचा। यहां हनुमानजी की आरती के बाद मेन रोड होते हुए रामलला मंदिर पहुंचा। राम धुन पर मंत्री श्री ठाकुर भी जमकर थिरके।

### जय श्री राम के नारों से गूंजा गढ़वा


रामनवमी के मंगलवारी जुलूस में शामिल मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गढ़वा शहर में श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर श्री महावीर मंडल और श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा, झारखंड सहित पूरा देश भक्ति में सराबोर है। उन्होंने भगवान से कामना करते हुए कहा कि यह जो माहौल है ऐसा ही बना रहे। देश की एकता एवं अखंडता हमेशा बनी रहे। इसमें किसी का नजर ना लगे। हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब का देश है। यहां के लोग रामनवमी, मुहर्रम, ईद, होली, दशहरा, क्रिसमस आदि सभी पर्व-त्योहार मिलजुल कर बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। यही हमारे लोकतंत्र की सुंदरता है।

मौके पर मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल के संरक्षक राकेश पाल, अध्यक्ष कंचन साहू, कंचन जायसवाल, दीपक तिवारी, आशीष अग्रवाल, डेजी गुप्ता, प्रतिभा शौर्य सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

# मंगला जुलूस में 30 अखाड़े के लोग हुए शामिल


उड़ते बजरंगबली।


गढ़वा बादल में भी दिखे महावीर हनुमान।


मंगला जुलूस में शामिल लोग।

- श्री राम नवमी पूजा महासमिति जेनरल के जुलूस में उड़ते हुए हनुमान जी रहे आकर्षण का केंद्र
- मंगलवारी जुलूस के दौरान बादल के बीच दिखे महावीर हनुमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा में आयोजित मंगला जुलूस में 30 अखाड़े के लोगों ने भाग लिया। मंगलवार की दोपहर जुलूस में राम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंगला जुलूस में महावीरी झंडे के साथ शामिल युवक महिलाओं एवं युवतियों ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। साथ ही रानी लक्ष्मीबाई का रूप धारण कर युवती, महिला जुलूस हुईं। श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से आयोजित जलूस में हनुमान जी का उड़ता हुआ आदमकद प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न समाज सेवी संस्था द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। शहर के रंका मोड़ झुग्गी झोपड़ी संघ, युवा शक्ति संघ, मेन रोड में वैश्य महासभा, गढ़देवी मोड़ के पास युवा मंडली संघ, कसेरा समाज सहित विभिन्न समाजसेवी संगठन के लोगों ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था किया था। पूरे शहर में सुरक्षा का चाक चौबंद प्रबंध किया गया था। काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व तैनात किए गए थे। एसडीपीओ नीरज कुमार सहित सीआरपीएफ दीपक मिश्रा दल बल के साथ पूरे जुलूस में शामिल थे। महासमिति जेनरल की ओर से कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली व दौलत सोनी ने महाराष्ट्र से उड़ते बजरंगबली व भगवा पताका वाद्य यंत्र की टीम को बुलाया था। मंगलवारी जुलूस के दौरान एकाएक बादल के बीचों बीच महावीर हनुमान का प्रारूप दिखा। जिसे देख लोग भावुक हो गए। जुलूस में मुख्य रूप से श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल के संयोजक मुरली श्याम सोनी, उमेश कश्यप, विकास माली, मोहन स्वर्णकार, दौलत सोनी, सुनील कुमार, रोहित कुमार, राजकुमार गुप्ता, शनि चंद्रवंशी, सूर्य प्रकाश सिंह, ब्रजेश उपाध्याय, विजय केशरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## मंत्री मिथिलेश ने किया महाबीर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


उद्घाटन करते मिथिलेश ठाकुर।

**मझिआंव।** झारखंड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद व मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मंगलवार को दोपहर में मझिआंव करमडीह मुख्य पथ में 50 बेड के एक निजी अस्पताल महाबीर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक डॉ ब्रजेश पांडेय ने बताया कि मझिआंव वासियों की सुविधा खासकर गरीब तबके के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह अस्पताल खोला गया है। इमरजेंसी में जो लोग कई हजार रुपये वाहन पर खर्च कर बाहर इलाज कराने के लिए जाते हैं, उन्हें अब इस अस्पताल के खुलने से वाहन खर्च में ही इलाज हो जायेगा। पांडेय ने कहा कि इस अस्पताल में 24 घंटे अनुभवी चिकित्सकों द्वारा इलाज कराया जायेगा। जिसमे महिला प्रसूति, आईसीयू, एनआईसीयू, अत्याधुनिक आपरेसन थियेटर एवं पैथोलॉजी लैब, जेनरल वार्ड, ऑक्सीजन आदि की ब्यवस्था है। साथ ही लकवा, हड्डी रोग, सभी प्रकार के पेट रोग, सीना से संबंधित रोग के इलाज की भी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि ईद एवं रामनवमी के अवसर पर एक माह तक बिना परामर्श शुल्क लिये ही इलाज किया जायेगा। मौके पर राधाकृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु बाबा केशव नारायण दास, महेन्द्र पांडेय, महेंद्र नाथ दुबे, अधिवक्ता एसएन घर दुबे, कांडी प्रमुख पिंकू पांडेय, अजय शंकर पांडेय, युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, विवेक सोनी, डॉ ब्रजेश पांडेय, डॉ बी कुमार, डॉ के कुमार, डॉ एमके सिंह, डॉ ऋतिका सिन्हा, मुरारी पांडेय, ईश्वर कस्यप, सुशील पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में बांका के अपूर्व आनंद को मिला 163वां रैंक

**एजेंसी**

**पटना।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा- 2023 का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया है। इस परीक्षा में बिहार के बांका जिले के अमरपुर प्रखंड के भिखनपुर गांव के एक किसान के पुत्र ने अपने तीसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 163वां रैंक लाया है। भिखनपुर गांव निवासी ओमनारायण शर्मा का पुत्र अपूर्व आनंद बचपन से ही पढाई में मेधावी छात्र था। उन्होने मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा 2013 में डीएवी पब्लिक स्कूल देवघर से उत्तीर्ण किया। जबकि आगे की डिग्री आई आईटी कानपुर से पूरी की। इसके बाद अपूर्व आनंद ने 32 लाख की पैकेज पर गोल्ड मेन कंपनी में दो वर्षो तक काम किया। बचपन से ही कुछ अलग हटकर समाज की सेवा करने की जिद के कारण वह कोविड काल में अपने घर भिखनपुर आ गया और ऑनलाइन यूपीएससी की तैयारी में जुट गया। तीसरे प्रयास में ही उन्हें सफलता हाथ लगी और वह यूपीएससी की



परीक्षा में 163 वां रैंक लाकर यह साबित कर दिया को अगर हौसले हो बुलंद तो आँधियो में चिराग जलते हैं। अपूर्व आनंद ने सफलता का श्रेय अपनी मां शबनम शर्मा एवं बड़े पिताजी श्रीनारायण शर्मा को दिया। अपूर्व आनंद के बड़े पिताजी श्रीनारायण शर्मा सलिल ने बताया कि अपूर्व के पिता उनके छोटे भाई ओमनारायण शर्मा एक सफल किसान के साथ -साथ एक अच्छे पिता थे। उन्होंने बचपन से ही अपने बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाया। 2015 में उनकी मौत के बाद पूरा परिवार बिखराव की स्थिति में आ गया।

### बैंक से पैसे निकालकर घर जा रहे किसान से 50 हजार की छिनतई

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के फारबिसगंज ढोलबज्जा मार्ग में किरकिचिया के पूर्व मुखिया परमानंद यादव के घर के पास बाइक पर सवार दो युवकों ने मंगलवार को किसान से 50 हजार रुपये की छिनतई कर ली। रुपैया का झोला छीनने के क्रम में किसान जमीन पर गिर गया और घायल हो गया। पीड़ित किसान किरकिचिया पंचायत के महेशमुढ़ी वार्ड संख्या आठ का रहने वाला 55 वर्षीय सोहेंद्र यादव पिता -स्व.शिबू यादव है। वह एसबीआइ के मुख्य शाखा एस स्पेस निकालकर साइकिल से घर की ओर जा रहा था। घटना को लेकर पीड़ित किसान सोहेंद्र यादव ने बताया कि एसबीआई मुख्य शाखा से 50 हजार रुपये निकालकर साइकिल से झोला में पैसे को रखकर घर जा रहा था।

## सीसीए एक्ट के तहत 63 लोगों पर हुई कार्रवाई

**एजेंसी**

**गोपालगंज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसके तहत आपराधिक प्रवृत्ति लोगों को चिह्नित कर उन पर बिहार अपराध नियंत्रण एक्ट लगाया गया है। लोकसभा चुनाव को प्रलोभन मुक्त व भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्र में 63 लोगों के विरूद्ध सीसीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए प्रतिवेदन को एसपी स्वर्ण प्रभात ने डीएम को सीसीए एक्ट लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 63 लोगों पर सीसीए एक्ट लगता है तो उन्हें मतदान के दिन जिला बदर भी किया जा सकता है। एसपी ने जिलाधिकारी को इसे लेकर प्रस्ताव भेजा है, जिसके तहत जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी ने इन व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण 1981 की धारा 3 के तहत कार्रवाई की। बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा (3) के तहत जिले के विभिन्न थानों से अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा भादवि 1861 के अध्याय 16 व अध्याय 17 के तहत उनके कृत्यों को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखते हुए इन लोगों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत इन्हें असामाजिक तत्व मानते हुए प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा है। प्रस्ताव के आलोक में जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी के द्वारा संबंधित अपराध कर्मियों से कारणपृच्छा करते हुए उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा 3 की उपधारा तीन के तहत आदेश पारित किया जाए।

# पटना में भीषण सड़क हादसे में सात की मौत

**एजेंसी**

**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर मंगलवार को विषण सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पटना के न्यू बायपास स्थित राम लखन पथ एनएच- 30 पर यात्री लेकर जाती एक ऑटो अनियंत्रित होकर मेट्रो का काम कर रही हाइड्रा क्रेन से टकरा गयी। ऑटो में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों सहित युवक और महिलाओं की



मौत हुई है। न्यू बायपास स्थित निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया। जहां एक बच्चे की मौत हुई है। घटना के बाद ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने सातो शवों को पीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि निजी अस्पताल में इलाजरत मुकेश कुमार साहनी 29 वर्षीय मोतिहारी के रहने वाले हैं जो अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार थे। घायल मुकेश कुमार साहनी का इलाज जारी है। अन्य मृतकों की पहचान में पुलिस जुटी है।

### सुपौल में डूबने से बच्चे की मौत

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के कुनौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोसी नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई । पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि कुनौली वार्ड संख्या 12 निवासी संजय कामत का 12 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार नदी में स्नान करने गया था। स्नान करने के क्रम वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई ।

### भागलपुर में किसान की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के बाथ थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने आज दिनदहाड़े एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी मुकेश कुमार मंडल चचेरे भाई कारेलाल मंडल के साथ अपने बहियार (खेत) में काम कर रहा था, तभी चार-पांच की संख्या में अपराधी पहुंचे और दोनों पर गोलियों की बौछार करते हुए भाग निकला।

## पेज एक का शेष

### गोड्डा से दीपिका...

**रांची सीट की घोषणा बाकी :** इन तीन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के साथ कांग्रेस मिले 7 सीटों में से कुल 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिया है। अब कांग्रेस को सिर्फ रांची सीट पर प्रत्याशी के नाम का ऐलान करना है। सूत्रों के मुताबिक चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री बन्ना गुप्ता रांची से प्रत्याशी बनाये जाने के लिए जोर-शोर से जुटे हुए हैं। वहीं सुबोधकांत सहाय अपने क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस ने खूंटी में कालीचरण मुंडा, लोहरदगा में सुदर्शन भगत और हजारीबाग में जेपी पटेल को प्रत्याशी घोषित किया था।

### जमशेदपुर की स्वाति...

मोनिका को 708वां रैंक मिला है। रांची की मोनिका चंद्रनाथ भाई पटेल की बेटी है। मोनिका ने सफलता प्राप्ता कर माता-पिता सहित संपूर्ण झारखंड को गौरवान्वित किया है। मोनिका की सफलता पर उनका पूरा परिवार खुश है। मोनिका और उनके परिजनों को लगातार बधाई मिल रही है। लॉ की स्टूडेंट रही है साक्षी : राज्य के तेज तर्रार आईएएस अधिकारी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी की प्राथमिक शिक्षा रांची के डीपीएस से हुई है। उन्होंने 10वीं की परीक्षा डीपीएस से और 12वीं की परीक्षा जेवीएम श्यामली से पास की है। साक्षी बचपन से ही काफी मेधावी रही है। रांची के नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ( एनयूएसआरएल) से लॉ की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी क्रैक किया। साक्षी की इस सफलत पर राज्य के आईएएस अधिकारियों समेत झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और दोनों स्कूल के प्राचार्यों ने बधाई दी है। **अमन की सफलता पर चाईंबासा में खुशी :** चाईबासा के अमन अग्रवाल ने अपने पहले ही प्रयास में सिविल परीक्षा उत्तीर्ण किया है। उन्होंने 544वां स्थान हासिल किया है। परीक्षा परिणाम आते ही उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी। अमन फिलहाल अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली में ही हैं। अमन की इस सफलता पर उसके ननिहाल जमशेदपुर और रांची में हर्ष का माहौल है। रांची में उनके रिश्ते में मामा आनंद गोयल ने बताया कि अमन की इस सफलता के पीछे उसके कड़े परिश्रम, माता पिता के आशीर्वाद और उनके शुभचिंतकों की शुभकामनाएं हैं।

**प्रेरणा की पढ़ाई रांची- बोकारो में हुई :** पशुपालन विभाग में कार्यरत सहायक ममता सिंह की पुत्री प्रेरणा सिंह ने भी यूपीएससी में सफलता प्राप्त की। मूल रूप से बिहार की रहनेवाली ममता सिंह और उनके परिवार का अधिकांश समय झारखंड में ही बीता। प्रेरणा सिंह ने बोकारो डीपीएस से दसवीं परीक्षा पास की। उनके पिताजी सुबोध कुमार सिंह का देहांत हो जाने की वजह से उन्हें वापस रांची आना पड़ा और रांची डीपीएस से प्लस टू की शिक्षा प्राप्त की। करीब 10 माह तक उन्होंने एचआर के पद पर छत्तीसगढ़ में वेदांता स्टील में कार्य किया। सिविल सेवा में आने की ललक की वजह से उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा देने की ठानी। रांची में ही उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग की और कड़ी मेहनत कर कर इस परीक्षा में उत्तीर्ण हो गयी। **टेंडर हार्ट स्कूल की छात्रा रही हर्षिता :** रांची टेंडर हार्ट की छात्रा हर्षिता चमारिया ने इस वर्ष के यूपीएससी में 410 वां रैंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। हर्षिता का टेंडर हार्ट विद्यालय में नर्सरी से दसवीं की परीक्षा 2014-15 में 10 सीजीपीए से पास की थी। उसकी सफलता से विद्यालय परिवार काफी हर्षित है। उसने इसका श्रेय स्कूल की संस्थापिका गार्गी मंजू एवं विद्यालय परिवार द्वारा प्राप्त उचित मार्गदर्शन को दिया। स्कूल के चैयरमैन सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने हर्षिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ढेर सारी बधाई दी। **लोयला के छात्र रहे ऋत्विक वर्मा :** जमशेदपुर की प्रकाशक प्रियंका वर्मा व वन विभाग के पूर्व रेंजर अजय कुमार के पुत्र ऋत्विक वर्मा ने 520 वां रैंक हासिल किया है। ऋत्विक की प्रारंभिक पढ़ाई लोयोला से पूरी की जबकि ग्रेजूएशन दिल्ली विवि के करोड़ीमल कॉलेज से किया। भूगोल में स्नातक करने के बाद ऋत्विक ने दिल ली में रह कर ही यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इससे पूर्व ऋत्विक का चयन बीपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में भी हो चुका था। ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय स्पर्धा प्रकाशन की पुस्तकों सहित अपनी मां और पिता को दिया। ऋत्विक के छोटे भाई वेदांत मेहता ने भी यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया 29 वीं रैंक हासिल की थी।

### अंतू समेत नौ के...

**सद्दाम से पूछताछ के बाद हो रही कार्रवाई :** ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हेमंत सोरेन मामले में गिरफ्तार सद्दाम से पूछताछ के बाद नए सिरे से छापेमारी की जा रही है। ईडी ने सद्दाम को रिमांड पर लेकर पांच दिनों तक पूछताछ की थी, उसी पूछताछ के बाद अंतु तिर्की सहित कई अन्य के यहां छापमेरी की गयी। राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने बीते साल कार्रवाई की थी। जिसमें रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी पैमानें पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज, कई सरकारी कागजात मिले थे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले थे। सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिकी के लिए कोलकाता से कागजात बनाए गए थे। इन सब मे सद्दाम की भूमिका भी सामने आई थी।

### हेमंत की जमानत...

दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन ने इडी को निर्देश देते हुए कहा कि जांच एजेंसी को ऐसा क्यों लगता है कि उन्हें अभी बेल नहीं दिया जाये। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। ईडी ने बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी को देर रात मुख्यमंत्री आवास से पूछताछ के दौरान ही गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में ही हैं। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इस पर अदालत ने संज्ञान ले लिया है। अब 23 अप्रैल को इस मामले पर सुनवाई के बाद ये स्पष्ट हो पायेगा की उन्हें बेल दिया जाये या अभी जांच को देखते हुए उन्हें जेल में ही रखना सही होगा।

### मोदी के रहते...

उन्होंने युवा मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे इस बात पर ध्यान न दें कि राजद नेता और इंडिया गठबंधन के अन्य नेता क्या प्रचार कर रहे हैं। वहीं पूर्मिया में पीएम मोदी ने कहा कि पूर्णिया समेत सीमांचल का विकास मेरा मिशन है। उन्होंने पूर्णिया और सीमांचल क्षेत्र के विकास की जानबूझकर उपेक्षा करने के लिए केंद्र और बिहार की पूर्ववर्ती सरकारों को दोषी ठहराया। **सीमांचल का विकास मेरा मिशन :** श्री मोदी ने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि उन्होंने सीमांचल और पूर्णिया के संपूर्ण विकास को अपना मिशन बनाया है। सीमांचल और पूर्णिया की तकदीर बदलने के लिए उनकी सरकार ने आकांक्षी जिला और आकांक्षी प्रखंड योजना शुरू की है, जिसमें पूर्णिया ने देश के आकांक्षी जिलों की सूची में अपना स्थान बनाया है। पूर्णिया में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

# ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी को चुनौती देंगे बॉबी

**बंगाल का दंगल**

- डायमंड हार्बर में टीएमसी के अभिषेक बनर्जी के खिलाफ भाजपा ने अभिजीत दास उर्फ बॉबी को फिर दिया टिकट
- भाजपा ने 2019 में नीलांजन रॉय को बनाया था प्रत्याशी

एजेंसी

**कोलकाता।** भाजपा ने आखिरकार डायमंड हार्बर में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार उतार दिया है। अभिषेक के खिलाफ भाजपा के अभिजीत दास उर्फ बॉबी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इसके साथ ही भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 42वें और आखिरी उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। अभिजीत बंगाल की राजनीति में कोई जाना-पहचाना नाम नहीं हैं, लेकिन दक्षिण 24 परगना की राजनीति में वे जाना-पहचाना चेहरा हैं। वह एक समय दक्षिण 24 परगना के भाजपा जिलाध्यक्ष थे। उन्होंने 2014 में भी अभिषेक के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। हालांकि, वह उस वर्ष जीत से बहुत दूर रहे थे। अभिषेक ने जहां पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की, वहीं बॉबी को दो लाख से कुछ ज्यादा वोट मिले थे। 2019 में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। उनकी जगह भाजपा ने नीलांजन रॉय को उम्मीदवार बनाया। इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने 2024 में फिर से उनपर भरोसा जताया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, संघ परिवार के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने भी बॉबी को मैदान में उतारने की मांग की थी, लेकिन पार्टी के कुछ लोग चाहते थे कि डायमंड हार्बर में पार्टी का बाहर से कोई हेवीवेट उम्मीदवार आए। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, संघ परिवार का तर्क था कि बॉबी आरएसएस के पुराने कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अलग-अलग समय पर भाजपा और संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। वह डायमंड हार्बर की राजनीति से करीब से जुड़े हुए हैं इसलिए अगर कोई अभिषेक से लड़ सकता है तो वही लड़ सकते हैं। भाजपा के एक अन्य वर्ग ने तर्क दिया कि अभिषेक से मुकाबला करना आसान नहीं होगा इसलिए उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए जिसके नाम पर भाजपा को वोट मिले। हालांकि संघ परिवार बॉबी के साथ खड़ा था इसलिए इतने लंबे समय के इंतजार के बाद आखिरकार अभिजीत दास को अभिषेक बनर्जी के खिलाफ मैदान में उतार दिया गया है।



## भाजपा ने सात प्रत्याशियों के नामों का किया एलान

**ओडिशा विस चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वदीप सिंह, देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से अभिजीत दास को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने विधानसभा उपचुनाव के लिए तेलंगाना की सिकंदराबाद कैंट सीट से डॉ. टीएन वामशा तिलक और उत्तर प्रदेश के लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, ददरौल से अरविंद सिंह, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू, दुद्धी से श्रवण गौंड को उम्मीदवार बनाया गया है।

## डिम्पल के खिलाफ बसपा ने शिव प्रसाद यादव को दिया टिकट

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। बसपा ने मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिम्पल यादव को टक्कर देने के लिए इस चुनावी मैदान में शिव प्रसाद यादव को उतारा है। बसपा की ओर से मंगलवार की जारी की गई सूची के मुताबिक, मैनपुरी से शिव प्रसाद यादव, बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुलतानपुर से उदराज वर्मा, फरूर्खाबाद क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी को बसपा ने टिकट दिया है। डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह, गाजीपुर से डॉ. उमेश कुमार सिंह, वाराणसी से अतहर जमाल लारी को बसपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

## आप ने पंजाब में चार लोस सीटों पर किया उम्मीदवारों का एलान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। दो दिन पहले अकाली दल से आप में आए पवन कुमार टीनू पर भी पार्टी ने भरोसा जताते हुए जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके अलावा तीन विधायकों को लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब में पार्टी ने सबसे अधिक विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। को जारी की सूची के अनुसार वर्तमान में बटाला विधानसभा हलके से विधायक अमन शैरी कलसी को गुरदासपुर लोकसभा हलके से, मुक्तसर साहिब के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ को फिरोजपुर लोकसभा हलके से तथा लुधियाना सेंट्रल से विधायक अशोक पराशर पप्पी को लुधियाना लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा गया है। जालंधर लोकसभा सीट पर चुनाव से पहले ही घमासान मचा हुआ है।

**स्पीड न्यूज**

### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना से भरा पर्चा



**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्याकल में अपना नामांकनपत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। डॉ यादव ने कहा कि इस बार गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से श्री सिंधिया की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि इस बार सिर्फ गुना में ही नहीं, 29 सीटों पर ही भाजपा की विजय होगी।

### दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ से भरा पर्चा



**राजगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकनपत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने इस अंचल के प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर में दर्शन किए। राजगढ़ में श्री सिंह का मुख्य मुकाबला भाजपाा प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद रोडमल नागर से है, जो पहले ही नामांकनपत्र पेश कर चुके हैं।

### ओमान में बाढ़ से 17 लोगों की मौत

**मस्कट।** ओमान में भारी बाढ़ के कारण नौ स्कूली बच्चों सहित 17 लोगों की मौत हो गई। अल अरबिया प्रसारक ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बचावकर्मी प्रभावित क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### हमास ने युद्धविराम की शर्तों को खारिज किया

**गाजा।** फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इजरायल द्वारा रिहा किए जाने वाले फि लिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गयी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में 20 बंधकों को रिहा करने किया जाना है। हमास ने मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो।

### डीपफेक का शिकार हुए आमिर खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे लेकर अभिनेता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वीडियो में आमिर खान एक खास राजनीतिक पार्टी के लिए प्रचार करते नजर आ रहे हैं लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को फर्जी बताया है। इसे एक राजनीतिक पार्टी के झूठे प्रचार को बढ़ावा देने वाले कैप्शन का इस्तेमाल कर वायरल किया गया है। यह वीडियो एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा है, वीडियो में साफ है कि आमिर की आवाज को डब किया गया है। जैसे ही आमिर को इस बात का पता चला तो उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई है।

# घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली बना बंगाल

## प्रधानमंत्री बोले- सीएए पर झूठ फैला रही है टीएमसी

एजेंसी

**बालुरघाट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि पश्चिम बंगाल सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली बन गया है। मोदी ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं उम्मीदवार सुकांत मजूमदार के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य उन लोगों (हिंदू, सिख, बौद्ध जैन और अन्य) को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है जो देश के बाहर से आए हैं लेकिन टीएमसी, सीएए के बारे में झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का समर्थन करती है, लेकिन सीएए का विरोध करती है जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। मोदी ने दिया कि यह लोकसभा चुनाव साबित करेगा कि बाबासाहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में, दलित, वंचित व्यक्ति और आदिवासी तृणमूल कांग्रेस के नियंत्रण में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पूरे पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए अद्वितीय समर्थन है। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस की लूट और भ्रष्टाचार की संस्कृति को खारिज करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी इच्छा के अनुसार चलने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। लेकिन यह चुनाव उन्हें बताएगा कि बाबासाहेब के लोकतंत्र में दलित, वंचित लोग और आदिवासी तृणमूल कांग्रेस के गुलाम नहीं हैं। जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, वह जल्द ही घुटनों पर आ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रस सिंडिकेटेड गिरोह के तहत भ्रष्टाचार और लूट में शामिल है।



**ममता बनर्जी का इस साल भी रामनवमी रोकने की कोशिश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी ममता बनर्जी की सरकार ने हिंदुओं के त्योहार रामनवमी को रोकने की कोशिश की। पीएम ने कहा कोर्ट से अनुमति मिली। बुधवार को पूरी श्रद्धा-भक्ति से रामनवमी की शोभायात्राएं निकलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल ने बंगाल को अवैध घुसपैठियों को लीज पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। मुझे पता है कि तृणमूल ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव रोकने की पूरी कोशिश की और सारे षड्यंत्र रचे पर जीत सत्य की ही होती है।

## सरकार बनते ही रद्द करेंगे अग्निपथ : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सेना में भर्ती की अल्पकालिक 'अग्निपथ' योजना को सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले युवाओं का अपमान करार देते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस की सरकार बनने के साथ ही इस योजना को तत्काल निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जाएगी। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इस योजना को खत्म करने का वादा किया है। गांधी ने ट्वीट किया कि अग्निपथ योजना सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है।

## माफियाओं का फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेता: योगी

**जनता को राम-राम, माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य**



एजेंसी

**बिजनौर/ शामली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुये कहा कि यह माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन करते हैं और उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं। नगीना व कैराना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर हैं और माफिया तत्वों को नेस्तानाबूद करने में भी समय नहीं लगाती है। योगी ने कहा कि माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य। योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया।

## सभी दलों के साथ हो रहा है समान व्यवहार :आयोग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग का कहना है कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। इस क्रम में आयोग की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी है। आयोग का कहना है कि वह किसी भी तरह से बाध्य नहीं है। इसके बावजूद उसने फैसला लिया है कि अपने पारदर्शिता के वादे के अनुरूप पहले महीने के दौरान आदर्श आचार संहिता के अपने प्रवर्तन को सार्वजनिक डोमेन में रखेगा। आयोग ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, अल्प सूचना पर भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। एक महीने की अवधि के दौरान 07 राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन की शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की।

**हेमा मालिनी मामले में सुरजेवाला पर लगाया 48 घंटे का प्रतिबंध**

चुनाव आयोग ने अभिनेत्री एवं भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के अगले 48 घंटों के लिए चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कैथल में एक जनसभा में उक्त टिप्पणी की थी।

## श्रीनगर : झेलम में नाव पलटी छह की मौत और कई लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गंडबल से बटवारा जा रही एक नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दुर्घटना श्रीनगर में हुआ है और हादसे के समय स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोगों को लेकर जा रही थी। श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने कहा कि वे पता लगा रहे हैं कि नाव में कितने लोग सवार थे।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि तक शुरूआती जानकारी है, नाव में 15 लोग सवार थे और उनमें से सात नाबालिग थे और बाकी वयस्क थे। हमने 12 लोगों को नदी से निकाला है और उनमें से छह की दुर्भाग्य से मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि घायलों का तीन का अस्पताल में इलाज चल रहा है और हालत स्थिर है।

## महाराष्ट्र में 48 सीटों पर जीतेगी महाविकास आघाड़ी : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया कि महाविकास आघाड़ी (मविआ) महाराष्ट्र में सभी 48 सीटों पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि मविआ के सहयोगी दल आपस में मिलकर काम कर रहे हैं, बहुत जल्द मविआ के नेता साथ मिलकर चुनावी सभाएं करने वाले हैं। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को शिवसेना भवन में अपने पार्टी के चुनाव चिन्ह मशाल गीत का लोकार्पण किया। ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि मविआ महाराष्ट्र की सभी 48 सीटें जीत रही है, जबकि सामने वाले जिन 45 सीटों का दावा कर रहे हैं, वह संख्या पूरे देश की है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लड़ाई तानाशाही विरुद्ध लोकशाही की है। लोग देश में फिर से तानाशाह सरकार नहीं चाहते हैं। मन बनाकर चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। चुनाव बाद देश को सही मायने में बदलाव मिलने वाला है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे कभी भी गुजरात का अपमान नहीं करना चाहते लेकिन गुजरात में भी भाजपा के विरोध में आंदोलन होने लगे हैं। इसका कारण भाजपा की वजह से गुजरात की छवि खराब हो रही है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि सलमान खान के घर के सामने हवाई फायरिंग करने वाले गुजरात से पकड़े गए।






## आसनसोल में अहलुवालिया और शत्रुघ्न के बीच सीधा मुकाबला

**महासमगर**

- टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा को चुनौती देंगे भाजपा प्रत्याशी सांसद एसएस अहलूवालिया
- चौथे चरण में 13 मई को होगा मतदान
- सात लाख 72 हजार 138 पुरुष वोटर हैं और महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 43 हजार 683

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पर पूरे देश की निगाहें इसलिए टिक गई हैं, क्योंकि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन में होने के बावजूद ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। राज्य में कई ऐसी सीटें हैं जो वीआईपी हैं, जिन पर लड़ाई दिलचस्प होने वाली है। ऐसी ही एक सीट है आसनसोल लोकसभा सीट। आसनसोल सीट से वैसे तो 2019 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर बाबुल सुप्रियो ने जीत दर्ज की थी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने पर पार्टी से उनकी अनबन हो गई और उन्होंने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। यहां से 2022 के उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर शत्रुघ्न सिन्हा जीते थे, जिन्हें इस बार भी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर भाजपा ने उनके खिलाफ एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है, जो पहले भी भाजपा से ही सांसद रह चुके हैं। वामदल भी इस सीट पर ताल ठोक रहे हैं और जहांआरा खान को उम्मीदवार बनाया गया है। लेकिन अहलूवालिया और शत्रुघ्न सिन्हा के बीच होगा सीधा मुकाबला। यहां 13 मई को चौथे चरण में वोटिंग होगी। तृणमूल कांग्रेस ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को इस सीट से दोबारा टिकट दिया है। 2022 में हुए उपचुनाव में वह दो लाख से अधिक मतों के अंदर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं।इसके साथ ही पहली बार आसनसोल संसदीय सीट पर तृणमूल उम्मीदवार की जीत हुई थी।2014 से पहले इस सीट पर माकपा उम्मीदवारों का कब्जा था और 2014 में पहली बार भाजपा के टिकट पर बाबुल सुप्रियो जीते थे। इस बार लड़ाई दिलचस्प होने वाली है क्योंकि हिंदीभाषी गढ़ होने की वजह से भाजपा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदाता हैं। 2022 के उपचुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ अग्निमित्र पॉल ने चुनाव लड़ा लेकिन वे हार गई थीं। इस सीट पर जीत दर्ज करने के बाद आजतक शत्रुघ्न सिन्हा ने संसद में एक बार भी चर्चा में हिस्सा नहीं लिया है। यहां तक कि आसनसोल में भी लोगों से वह संपर्क में नहीं रहे हैं जिसकी वजह से स्थानीय लोगों में नाराजगी भी है। आसनसोल, कोलकाता के बाद पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा शहर है। छोटानागपुर के पठार के लगभग मध्य में प्रदेश के पश्चिमी सीमा पर स्थित यह नगर खनिज पदार्थों में धनी है। यहां सेनेरैल साइकिल का भारत प्रसिद्ध कारखाना है। यह शहर भारत के उन 11 शहरों में से एक है जो विश्व के 100 सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों की सूची में हैं। आसनसोल लोकसभा में सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उनमें से सात लाख 72 हजार 138 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 43 हजार 683 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 44 हैं। 2019 में वोटरों की संख्या 12 लाख 38 हजार 135 थी। जिनमें से पुरुष मतदाता छह लाख 64 हजार 991 और महिला मतदाता पांच लाख 72 हजार 239 थीं।



